

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार 3 फरवरी 2025 ■ माघ शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-304 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 4 फरवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112







बसंत पंचमी

# महाकुंभ में उमड़ा आस्था का जनसागर,स्नानार्थियों की संख्या 35 करोड़ के पार

**प्रयागराज,3 फरवरी।** मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब एक नए शिखर पर पहुंच गया है। इसी क्रम में बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर महाकुम्भ में अब तक स्नानार्थियों की संख्या ने 35 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। आज सुबह 8 बजे तक 62.25 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई। इसके साथ ही महाकुम्भ में स्नानार्थियों की कुल संख्या 35 करोड़ के पार हो गई। अभी महाकुम्भ को 23 दिन शेष है और पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50 करोड़ के ऊपर जा सकती है। प्रयागराज में श्रद्धालुओं / स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। पूरे देश और दुनिया से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन करोड़ों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं। बसंत पंचमी के अंतिम अमृत स्नान पर भी सुबह से ही करोड़ों श्रद्धालु त्रिवेणी संगम स्नान को पहुंचे। रविवार 2 फरवरी को करीब 1.20 करोड़ ने स्नान किया था, जिसके बाद कुल स्नानार्थियों की संख्या 35 करोड़ के करीब पहुंच गई थी, जिसने सोमवार सुबह यह आंकड़ा पार कर लिया। स्नानार्थियों में 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई। गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ (मंत्रिमंडल समेत) संगम में डुबकी लगा चुके हैं। इसके अलावा राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल, बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी, राज्य सभा सांसद सुधा मूर्ति, असम विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी, सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव, प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडे, गोरखपुर के सांसद रवि किशन, हेमा मालिनी, बॉलीवुड एक्ट्रेस भाग्यश्री, अनुपम खेर, मिलिंद सोमण, एक्ट्रेस से किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनीं ममता कुलकर्णी, कवि कुमार विश्वास, क्रिकेटर सुरेश रैना, खली और कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा भी संगम में स्नान कर चुके हैं।

## संक्षेप

### बालीवुड के जाने-माने अभिनेता राजेश अवस्थी का निधन

**रायपुर,3 फरवरी।** जाने-माने छत्तीसगढ़ी फ़िल्म अभिनेता एवं छत्तीसगढ़ फ़िल्म विकास



निगम के पूर्व अध्यक्ष राजेश अवस्थी का गरियाबंद में हृदयाघात से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज महादेव श्मशानघाट में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार राजेश अवस्थी का निधन गरियाबंद में हुआ। वे भाजपा के कर्मठ नेता माने जाते थे एवं इन दिनों चल रहे नगरीय निकाय चुनाव में बेहद व्यस्त थे। सन् 2018 में तत्कालीन डॉ. रमन सिंह की सरकार के समय में छत्तीसगढ़ फ़िल्म विकास निगम बना था और राजेश अवस्थी फ़िल्म निगम के पहले अध्यक्ष थे। उन्होंने न सिर्फ छत्तीसगढ़ी बल्कि भोजपुरी फ़िल्मों में भी काम किया था। उनकी आखरी प्रदर्शित छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'टूरा चायवाला' थी। राजेश अभिनीत आख़िरी छत्तीसगढ़ी फ़िल्म प्रोड्यूसर गजेन्द्र श्रीवास्तव के प्रोडक्शन हाऊस की 'मया होगे चोरी चोरी' थी, जिसका रिलीज़ होना बाकी है। राजेश के बड़े भाई प्रकाश अवस्थी छत्तीसगढ़ी सिनेमा के जाने-माने हीरो एवं डायरेक्टर हैं। प्रकाश एवं राजेश छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'मया-2' में एक साथ नज़र आए थे और यह पारिवारिक फ़िल्म सराही गई थी।

### पहले पुराने वादे पूरे कर लें फिर नए पर जाएं: बैज

**रायपुर,3 फरवरी।** बीजेपी के घोषणा पत्र को लेकर अरुण साव के बयान कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने तंज कसते हुए कहा कि पहले बताएं कि अभी तक कितने वादे किए हैं, और कितने पूरे किए हैं? पहले अपने पुराने वादे पूरे कर लें, फिर नए वादों पर जाएं.

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा में बागी होकर चुनाव लड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही. इसके साथ उन्होंने कहा कि अधिकृत प्रत्याशी होने के बावजूद नाम वापस लेने वालों पर भी कार्रवाई हो सकती है. वहीं नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस के प्रचार में तेजी आने की बात कहते हुए कहा कि शानदार जबरदस्त माहौल देखने को मिल रहा है. एक साल में सरकार ने कुछ काम नहीं किया है.

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रचार के प्रचार अभियान की कमान संभालने पर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि नगरी निकाय क्षेत्रों में क्या किया, यह जनता को बताएं. एक साल में सरकार ने कुछ भी नहीं किया.

## महाकुंभ हादसे पर संसद में हंगामा

**नई दिल्ली,3 फरवरी।** संसद के बजट सत्र का आज दूसरा दिन है। संसद की कार्यवाही शुरू हो गई है, लेकिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्षी सांसदों ने महाकुंभ हादसे पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा किया है और सदन में नारेबाजी कर रहे हैं। विपक्षी सांसदों ने स्पीकर से कहा कि सरकार भगदड़ से हुई मौतों का सही आंकड़ा जारी करे। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा- राष्ट्रपति जी ने अपनी स्पीच में महाकुंभ का भी जिक्र किया है। अभी प्रश्नकाल है, इसलिए इस समय दूसरे किसी भी विषय पर चर्चा नहीं हो सकती। अपने सवाल रखें। इसके बाद भी विपक्षी सांसद हंगामा कर रहे हैं। वे लगातार नारा लगा रहे हैं- सरकार कुंभ में हुई मौतों का आंकड़ा जारी करे। केंद्र सरकार होश में आओ, होश में आओ। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे का मुद्दा उठाया. विपक्षी सदस्यों ने प्रयागराज महाकुंभ हादसे पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष को प्रश्नकाल चलने देने की ताकीद करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने अभिभाषण में इस बात की भी चर्चा की है।



धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान आप इस विषय पर भी बोल सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल सदस्य का महत्वपूर्ण समय होता है। इसे चलने दें। स्पीकर ने प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू करा दी। प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू होने के बाद भी विपक्षी सदस्य चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे हैं। प्रयागराज महाकुंभ हादसे को लेकर विपक्ष के हंगामे पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के रवैये की आलोचना की। उन्होंने कहा कि ये ठीक नहीं है। आप सरकार से सवाल नहीं पूछते हो। जनता आपसे सवाल पूछेगी।



### महापौर प्रत्याशी के ठेले में मंत्री चौधरी ने बनाई चाय

**रायगढ़,3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी आज सुबह रायगढ़ से भाजपा के महापौर पद के लिए प्रत्याशी जीवर्धन चौहान के चाय ठेले पर पहुंचे। यहां वित्तमंत्री ने न सिर्फ चाय पी, बल्कि चाय बनाकर दूसरों को भी पिलाई।उल्लेखनीय है कि, भाजपा ने रायगढ़ से महापौर पद के लिए अपने आम कार्यकर्ता चाय की दुकान चलाने वाले जीवर्धन चौहान को प्रत्याशी बनाया है।

## साजिश के तहत भगदड़ करवाने की आशंका

### घटना के बाद से कई मोबाइल बंद, AI कैमरों में दिखे संदिग्ध

**प्रयागराज,3 फरवरी।** मौनी अमावस्या पर प्रयागराज महाकुंभ में अचानक भगदड़ मच गई थी। जिसमें कई श्रद्धालुओं को अपनी जान गवानी पड़ी थी। महाकुंभ भगदड़ को लेकर सूत्रों के हवाले से एक बड़ी खबर सामने आई है। जिसके मुताबिक साजिश के तहत भगदड़ करवाने की आशंका जताई जा रही है। STF की टीम साजिश के एंगल से जांच करने में जुटी हुई है। संगम नोज के आसपास सक्रिय फोन की जांच की जा रही है। घटना के बाद से कई मोबाइल फोन बंद है। सूत्रों की मानें, तो 120 संदिग्ध चेहरों की AI तकनीक से पहचान की गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ भगदड़ के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया है। पूर्व न्यायाधीश हर्ष कुमार इस आयोग के अध्यक्ष है। जबकि पूर्व डीजी वी.के. गुप्ता और रिटायर्ड आईएएस डी.के. सिंह को आयोग में शामिल किया गया है। न्यायिक कमेटी हर एंगल से भगदड़ को लेकर जांच पड़ताल कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से महाकुंभ की तैयारियों और सुरक्षा इंतजाम को लेकर सवाल पूछा तो वे किसी भी सवाल का सटिक जवाब नहीं दे पाए। महाकुंभ भगदड़ को लेकर लगातार विपक्ष सरकार को घेर रही है। राहुल गांधी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल जैसे तमाम बड़े नेताओं ने इसे योगी सरकार की लापरवाही करार दिया है।

बता दें कि महाकुंभ क्षेत्र में बीते मंगलवार रात करीब 2 बजे अचानक भगदड़ मच गई थी। जिसमें 30 लोगों की मृत्यु हुई है। 36 से ज्यादा घायलों का प्रयागराज में उपचार चल रहा है। शेष घायलों को उनके परिवार से सदस्य लेकर चले गए हैं। मरने वाले लोगों की संख्या में इजाफा हो सकता है। अभी भी मेला क्षेत्र में कई लोग स्वजनों को खोज रहे हैं। जिनका कोई पता नहीं चल रहा है। प्रशासन लगातार राहत बचाव कार्य चला रहा है। मौके पर भारी पुलिस और सुरक्षा बल तैनात है।

## मोदी की गारंटी मतलब पत्थर पर खींची लकीर : शाह

**नई दिल्ली,3 फरवरी।** दिल्ली चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जंगपुरा में चुनावी रैली को संबोधित किया। शाह ने हुंकार भरते हुए कहा कि 8 फरवरी को दिल्लीवाले आप-दा सरकार को झाड़ू लगाकर बाहर फेंकने वाले हैं। आप और अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए अमित शाह ने सवाल किया कि 10 वर्षों तक, अनेक वादे कर केजरीवाल और उनके चट्टे-बट्टों ने दिल्ली को क्या दिया? भ्रष्टाचार दिया, कूड़ा कचरा दिया, जहरीला पानी दिया, तुष्टिकरण दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आप और केजरीवाल ने दिल्ली को धोखा दिया है।



अमित शाह ने जंगपुरा से आप प्रत्याशी और आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया पर निशाना साधते हुए कहा कि देशभर में एक ही शिक्षा मंत्री है, जो शराब घोटाला मामले में जेल गया है। शिक्षा मंत्री का काम होता है, बच्चों को शिक्षा देना, स्कूल बनाना, शिक्षकों का कल्याण करना, नए कॉलेज बनाना। ये सब तो कुछ उन्होंने (मनीष सिसोदिया) किया नहीं, बल्कि दिल्ली में गली-गली में शराब की दुकानें खोली हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भाजपा एक अकेली ऐसी पार्टी है, जो कहती है वो करती है। मोदी की गारंटी मतलब पत्थर पर खींची लकीर।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 में भाजपा ने वादा किया था कि हम इस देश से आतंकवाद को समाप्त कर देंगे। 10 साल के अंदर इस देश से आतंकवाद को समाप्त करने का काम प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। 31 मार्च, 2026 तक हम इस देश से नक्सलवाद को भी समाप्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि हम जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाएंगे। केजरीवाल जी, राहुल बाबा, अखिलेश, ममता जी... इन सभी ने विरोध किया और कहा कि अनुच्छेद 370 हटाओगे तो कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी। शाह ने कहा कि मोदी जी ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया। खून की नदियां छोड़ो किसी की पत्थर चलाने की भी हिम्मत नहीं हुई।

## 10,00,00,00,000 की गड़बड़ियों के सबूत मिले



रायपुर,3 फरवरी। राइस मिलर्स, एक्सपोर्ट्स कमीशन एजेंट्स, राइस ब्रोकर्स के ठिकानों पर की गई आयकर छापे की कार्रवाई में करीब 10,00,00,00,000 रुपए की गड़बड़ियों के दस्तावेज मिले हैं. छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश के 25 कारोबारी-आवासीय परिसर में जांच कर आयकर अन्वेषण की सभी टीमें शनिवार देर रात लौट गई. आयकर अन्वेषण की टीमों ने कैश, ज्वेलरी के साथ-साथ गड़बड़ियों के ढेरों दस्तावेज भी सीज कर लिए है. आयकर अन्वेषण की टीम शनिवार देर रात छापे की कार्रवाई पूरी कर मुख्यालय लौट गई है. शनिवार शाम को राजधानी के एक दफ्तर और एक आवासीय परिसर में टीम ने सत्यम बालाजी समूह के संचालकों का बयान दर्ज कर छापे की कारवाई पूरी कर ली है. सभी ठिकानों की जांच में कैश में कामकाज किए जाने के साथ-साथ बुक्स के रिकार्डस में भी अनियमितताएं मिली है. इसके साथ ही कच्चे में लेनदेन किए जाने के भी पेपर्स मिले हैं.

आयकर अन्वेषण की छत्तीसगढ़ की सभी टीमों ने लौटकर जब्त दस्तावेज मुख्यालय में जमा कर दिया है. अब अगले चरण में राइस मिल संचालकों और कमीशन एजेंट्स व राइस ब्रोकर्स से मिले दस्तावेज की वाहन जांच कर अप्रेजल रिपोर्ट तैयार की जाएगी. ज्ञात रहे कि बीते सप्ताह बुधवार को राजधानी रायपुर के साथ ही राजिम, धमतरी, राजनांदगांव, दुर्ग, तिल्दा के साथ ही गोंदिया (महाराष्ट्र) और काकीनाड़ा (आंध्रप्रदेश) मिलाकर 25 ठिकानों पर आयकर छापे की कार्रवाई की थी. इस अभियान में आयकर अन्वेषण छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के करीब सौ अफसर शामिल थे.

## दहेज उत्पीड़न कानून खत्म करने की मांग वाली अर्जी सुको में 2 मिनट में खारिज

**नई दिल्ली,3 फरवरी।** पिछले कुछ दिनों में दहेज उत्पीड़न कानून को लेकर देश में खूब चर्चा हुई है। कई उच्च न्यायालयों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ने इस कानून के बेजा इस्तेमाल पर सवाल उठाए हैं और कहा था कि महिलाओं को उत्पीड़न से बचाने वाला यह कानून कई बार पुरुषों के उत्पीड़न का हथियार बन जाता है। ऐसा नहीं होना चाहिए। इसी कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक जनहित याचिका पहुंची, जिसे अदालत ने दो मिनट के अंदर खारिज कर दिया। इस अर्जी में दहेज उत्पीड़न कानून के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता पर सवाल उठाया गया था। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के.वी. चंद्रन की बेंच ने कहा कि आप इस मामले में संसद के पास जाएं। कोई भी कानून बनाना और उसे खत्म करना संसद का काम है। इस याचिका को दाखिल करने वालों से एक रूपसी सिंह ने कहा कि ऐक्ट के सेक्शन 2,3 और 4 को खत्म करना चाहिए। इस ऐक्ट का सेक्शन 2 दहेज की परिभाषा बताता है। सेक्शन 3 बताता है कि कैसे दहेज लेने और देने के मामलों में सजा दी जा सकती है और यह क्या हो सकती है। वहीं सेक्शन 4 में दहेज की मांग पर सजा की बात की गई है। रूपसी सिंह ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि इस कानून के कुछ प्रावधान अवैध हैं और उन्हें खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जनता की भावना है, जिसे उठाते हुए मैंने अर्जी दाखिल की है। हालांकि अदालत



उनकी दलीलों से बिलकुल भी सहमत नहीं दिखी और 2 मिनट के अंदर अर्जी पर सुनवाई से इनकार कर दिया। बेंच ने कहा, याचिका डिसमिस है। आप संसद से यह बात करें।दरअसल बेंगलुरु में रहने वाले एक इंजीनियर अतुल सुभाष ने घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न के मुकदमे से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने अपनी खुदकुशी से पहले एक वीडियो भी शेयर किया था। जिसमें उन्होंने दहेज उत्पीड़न कानून पर सवाल उठाए थे। उनका कहना था कि आखिर मेरी इतनी सैलरी है तो मैं क्यों दहेज लूंगा। इसके अलावा भी कई ऐसे मामले हैं, जिन्हें लेकर कई उच्च न्यायालयों ने सवाल उठाए हैं।

## भारत के दुश्मन पर ट्रंप ने लिया बड़ा एक्शन

**वाशिंगटन,3 फरवरी।** अमेरिका का दोबारा राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप जो एक के बाद एक फैसले ले रहे हैं, उससे दुनियाभर में हड़कंप मचा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐसा फैसला लिया जिससे कनाडा, मैक्सिको और चीन बौखला गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक फैसले के बाद ट्रेड वर्ल्ड वॉर शुरू होने की आशंका बढ़ गई है। ट्रंप ने भारत के दो दुश्मन देश चीन और कनाडा समेत मैक्सिको के खिलाफ एक बड़ा फैसला लिया। जिसमें इन तीन देशों से आने वाले समान पर टैरिफ टैक्स को कई गुणा बढ़ा दिया गया। जिससे बवाल मच गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा, मैक्सिको और चीन से आने वाले समान पर एक झटके में अचानक कई गुणा टैरिफ बढ़ा दिया है। जिसमें कनाडा पर 25 फीसदी टैक्स लगाया। मैक्सिको पर 25 फीसदी टैक्स लगाया और चीनी सामान पर 10 प्रतिशत टैरिफ टैक्स लगाया गया। वहीं इस टैक्स को लगाने के पीछे ट्रंप ने दो वजहें भी बताई। जिसमें पहली वजह आर्थिक घाटा और दूसरे इन देशों से आने वाली ड्रग्स को बताया। इसे इंटरनेशनल इमरजेंसी एक्ट के तहत लगाने की बात करते हुए ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिकी नागरिकों को सुरक्षित करने के लिए ये कदम उठाना जरूरी था। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के कदम के बाद तीनों देशों ने ट्रंप के आदेश के सामने झुकने से इनकार किया है। ट्रेड वॉर छिड़ने की आशंका बढ़ गई है। कनाडा और मेक्सिको ने कहा कि वे भी अमेरिकी सामान पर टैरिफ लगाने जा रहे हैं। चीन ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में मुकदमा दायर करेंगे। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि चीन चीनी वस्तुओं पर अमेरिका के अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैरिफ का दृढ़ता से विरोध करता है। इसकी कड़ी निंदा भी करता है। चीन विश्व व्यापार संगठन के पास मामला दायर करेगा और अपने हितों की रक्षा के लिए उचित जवाबी कदम भी उठाएगा। व्हाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अवैध आप्रवासन को रोकने और हमारे देश में जहरीली फेंटेनाइल और अन्य दवाओं के प्रवाह को रोकने के अपने वादों के लिए मेक्सिको, कनाडा और चीन को जवाबदेह ठहराने के लिए साहसिक कार्रवाई कर रहे हैं। व्हाइट हाउस ने टैरिफ पर एक तथ्य पत्र में कहा कि आदेश स्पष्ट करते हैं कि अवैध वितरण नेटवर्क के माध्यम से संयुक्त राज्य अमेरिका में फेंटेनाइल जैसी प्रतिबंधित दवाओं के प्रवाह ने सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट सहित एक राष्ट्रीय आपातकाल पैदा कर दिया है।

### अशोक जुनेजा के कार्यकाल का आज अंतिम दिन

**रायपुर 3 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा का कार्यकाल 3 फरवरी 2025 को समाप्त हो रहा है। उन्हें पहले सेवा विस्तार मिल चुका है, लेकिन इस बार अब तक कोई नया आदेश जारी नहीं हुआ है। उन्हें और एक्सटेंशन मिलने की संभावना नहीं है,। आजकल में छत्तीसगढ़ के नए प्रभारी पुलिस महानिदेशक का आदेश सरकार द्वारा जारी किया जा सकता है, पुलिस के उच्च स्तरीय सूत्रों की माने तो प्रभारी पुलिस महानिदेशक के रूप में अरुण देव गौतम के नाम का आदेश किसी भी समय जारी हो सकता है ।



रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव में राजनीतिक दलों के झंडे शान से फहराये जा रहे हैं वहीं देश का राष्ट्रीय ध्वज अपमानित हो रहा है। दलदल सिवनी में आस्था काम्प्लेक्स के पास राष्ट्रीय ध्वज कचरे के ढेर में पड़े हुए हैं। (छाया: जावेद खान)

## एक नजर

### लूट के मामले में दो बदमाश गिरफ्तार



**भिलाई, 3 फरवरी।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र 10 दिन पहले रिश्तेदार के यहां जा रहे एक युवक को रास्ते में धमकाकर उससे मोबाइल, 3,555 रुपये नकद और बाइक की चाबी लूटने वाले दो बदमाशों को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपितों से लूट का मोबाइल और 200 रुपये नकद जब्त किया गया है। उनके खिलाफ लूट की धारा के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया है जामुल टीआई कपिल देव पांडे ने बताया कि कैंप-एक निवासी शिकायतकर्ता सूरज बंजारे बीते 22 जनवरी की रात को करीब 11 बजे बाइक से अपने किसी रिश्तेदार के यहां ग्राम ढौर जा रहा था तुभी रास्ते में एक पिकअप सीजी-07 एबी 9910 सवार दो युवकों ने उसके बाइक के आगे अपनी गाड़ी अड़ा दी आरोपितों ने उसे रोककर उसे मारने की धमकी दी और उसके जेब से 3,555 रुपये नकद, मोबाइल बाइक की चाबी लूट ली। घटना की शिकायत के बाद जामुल पुलिस ने आरोपितों की पतासाजी शुरू की पुलिस ने पिकअप के नंबर और आरोपितों के हुलिये के आधार पर भाठापारा जामुल निवासी 20 वर्षीय राकेश नारंग और 24 वर्षीय दुर्गेश कुमार बंजारे उर्फ दादू को हिरासत में लिया पूछताछ में दोनों आरोपितों ने लूटपाट करने की बात स्वीकार की पुलिस ने दोनों आरोपी का निकल गया जुलूस ।

### नशीली दवा बेचने वाले गिरफ्तार



**भिलाई, 3 फरवरी।** भिलाई कैंप क्षेत्र में बैकुंठ धाम मंच के पास नशीली देवाइयां बेच रहे चार कोचियों को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपितों से 7425 नशीली अल्प्राजोलम टैबलेट और एक बाइक जब्त की गई है जिसकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये आकी गई है छावनी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि बैकुंठ धाम मंच के पास सरदार किराना दुकान के सामने चार युवक एक बैग में नशीली दवाई रखकर युवाओं के बेच रहे थे मुखबिर से जानकारी मिलने के बाद घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ में आरोपितों ने अपनी पहचान शिव मंदिर के पास गांधी नगर भिलाई-तीन निवासी राहुल गिरी, कबीर कुटी के पास शारदा पारा निवासी शुभम नंदी आजाद चौक दुर्गा मंदिर तालाब के पास भिलाई-तीन निवासी आशुतोष साहू और वेदप्रकाश तिवारी बताया आरोपितों ने ये भी बताया के वे लोग वहां पर युवाओं को नशीली दवाई बेच रहे थे 7425 अल्फोजोलम टेबलेट कीमती लगभग 49,500 रुपए व एक बाइक बरामद की ।

### जानलेवा हमला करने वाले जेल में



**भिलाई, 3 फरवरी।** भिलाई बार में शराब पीने के दौरान हुए विवाद के बाद एक युवक के सिर पर बियर की बोतल मारकर जानलेवा हमला करने वाले आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपितों के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत कार्रवाई की गई। आरोपितों को न्यायालय पेश किया गया जहां से उन्हें रिमांड पर जेल भेजा गया है वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि घटना बीते 14 जनवरी की है पंजाब बार के सामने पीड़ित तेज सिंह पर अज्ञात चार आरोपितों ने जानलेवा हमला किया था आरोपितों ने विवाद के दौरान पीड़ित के सिर पर बियर की बोतल मारकर फोड़ी थी। पीड़ित ने आरोपितों के कार का नंबर पुलिस को बताया था जिसके आधार पर वैशाली नगर थाने पुलिस ने आरोपितों की पतासाजी शुरू की थी जांच के दौरान पुलिस को पता चला था कि उक्त कार सीजी-22, 5267 किसी मकसूद आलम की है इस पर पुलिस मकसूद के पास पहुंची और पूछताछ की तो उसने बताया कि उसकी कार उसके भाई शाहिद आलम उर्फ सोनू के पास है। इस पर पुलिस ने ढांचा भवन छठ तालाब के पास कुरूद निवासी 19 वर्षीय शाहिद आलम उर्फ सोनू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने दोस्त प्रगति नगर कैंप-एक निवासी 22 वर्षीय दीपक राव उर्फ डीके, जलेबी चौंक सुंदर नगर कैंप-एक निवासी 23 वर्षीय सुहेल खान उर्फ आर्यन और गौसिया मस्जिद के पास आजाद मोहल्ला निवासी 26 वर्षीय आसिफ खान के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की चारों आरोपी का वैशाली नगर थाना क्षेत्र में निकल गया जुलूस ।

### सेलूद में ग्राम सभा आयोजित

**उतई, 3 फरवरी।** रविवार को बाजार चौक सेलुद में ग्राम सभा का आवश्यक बैठक आयोजित किया गया था जिसमें खेत में चारा पैरा में आग लगाने के विषय में शिकायत आया है आवेदक किसानों द्वारा अपने अपने आस पड़ोस के खेतों में अज्ञात व्यक्ति द्वारा खेत में आग लगने से जानवरों का चारा के साथ में अनेक प्रकार का नुकसान होता हैआग लगाने वाले व्यक्ति को अगर गवाह साबित होता है तो ग्राम सभा की और से क्षतिपूर्ति राशि के आधार पर आकलन किया जाएगा जिसमें क्षतिपूर्ति राशि का 70त्न जानकारी एवं गवाह देने वाले को दिया जाएगा दूसरा गांव में ग्राम सभा द्वारा आयोजित बैठक में झूठी रूप से साक्ष्य एवं गवाह उपस्थित नहीं होने के आधार पर पुलिस कार्रवाई हेतु आवेदन दिया जाएगाइस अवसर पर प्रमुख रूप से जवाहर वर्मा ,सुरेंद्र बंछोर खेमलाल साहू प्रेमलाल साहू एवं बड़ी संख्या में सम्मानित ग्रामीण अनुपस्थित है।

# जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव में बहुकोणीय मुकाबला होने के आसार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 3 फरवरी।** कबीरधाम जिले में जिला पंचायत तेरह से बीजेपी से अधिकृत प्रत्याशी राजकुमारी राजेंद्र साहू और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रागिनी साहू के नामांकन फार्म जमा करने ओर निर्दलीय प्रत्याशी खिलेश्वरी साहू के खड़े होने और चैतन्या रूपेंद्र वर्मा के कारण बहुकोणीय मुकाबला के आसार दिख रहे है और 11 बजे तक कांग्रेस की कई लिस्ट का इंतजार भी है। कलेक्ट्रेड कार्यालय में भी भारी भीड़ दिख रही है । जिला पंचायत सात में जग्गू साहू की बहु राजकुमारी साहू के खड़े होने से मुकाबला त्रिकोणीय के आसार दिख रहे है । जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में निर्वाचन प्रकिया अच्छे ढंग से हो रही है । सभी प्रत्याशियों को भरोसा है की हम जीतेंगे लेकिन जनता साइलेंट है ओट जनता की राय दबी जुबान से बटी हुई है आखिरी समय तक चुनाव परिणाम क्या होगा कोई नहीं जानता ऐसा देखकर लग रहा है । बीजेपी हो या आप पार्टी या कांग्रेस या निर्दलीय सभी में उत्साह दिख रहा है ।

## भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी योगेश निक्की भाले को जन आशीर्वाद यात्रा में मिल रहा है भारी समर्थन



**उतई, 3 फरवरी।** नगरीय निकाय चुनाव की सरगर्मी अब तेज हो गई है। नगर पंचायत पाटन के लोकप्रिय अध्यक्ष प्रत्याशी योगेश निक्की भाले मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर इंदिरा नगर पाटन में जनसम्पर्क यात्रा की शुरुआत भाजपा पदाधिकारी, प्रत्याशी कार्यकर्ताओं व नागरिकों के साथ जनसम्पर्क कर देवतुल्य जनता से जीत का आशीर्वाद प्राप्त किया।अध्यक्ष प्रत्याशी योगेश निक्की भाले वार्ड क्रमांक 1, 2 और 4 के पार्षद प्रत्याशी चंद्रप्रकाश देवांगन, जीतेन्द्र निर्मलकर एवं नेहा बाबा वर्मा के साथ पुरे तीनो वार्ड का भ्रमण कर आशीर्वाद मांगते हुए विकसित पाटन के संकल्प को पूरा करने के लिए विकास का कमल खिलाने का आह्वान किया। मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन में भाजपा का हर वादा आज पूरा हो रहा है जिसका लाभ सबको मिल रहा है। हम सब मिलकर पाटन के विकास को गति देंगे।इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्ता साथी एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# धनोरा में श्री हनुमंत, श्री राम कथा से पूर्व कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 3 फरवरी।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से श्री हनुमंत कथा श्री राम कथा एवं शत् चंडी यज्ञ का आयोजन किया गया है जिसका आज 4 फरवरी से 12 फरवरी तक निरंतर चलेगा आज शाम 4 बजे महावीर उद्यान से माताएं कलश लेकर बजार चौक मेनगली शितला पारा होते मां शितला तालाब पहुंचेगा जहां पर मां शितला के पंडितो के द्वारा विधी विधान के साथ पुजा पाठ करके शितला तालाब से जल लेकर मां कर्मा भवन गौरा चौक मां बम्लेश्वरी मंदिर गोल्डन चौक होते गाजे बाजे के साथ वापिस महावीर उद्यान पहुंचे गा जहां पर विद्वान पंडितों के द्वारा यज्ञ स्थल एवं श्री हनुमंत कथा का पुजा पाठ करके पंडित दीपक पाण्डेय जी के द्वारा श्री हनुमंत कथा का रसपान कराया जाएगा दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने आग्रह किया है कि सभी भकत गन इस शोभायात्रा में शामिल होकर अपने जीवन को कृतार्थ करें यह जानकारी दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने दी ।



**उतई, 3 फरवरी।** नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्र में कांग्रेस अधिकृत अध्यक्ष प्रत्याशी मोनू (मोरध्वज) साहू व कांग्रेस पार्षद प्रत्याशीयो ने सघन जनसंपर्क कर मतदाताओ से आशीर्वाद प्राप्त कर कॉंग्रेस के पक्ष में मतदान करने का अपील की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व अपेक्स बैंक अध्यक्ष राकेश ठाकुर उपस्थित थे।

# निगम के 5 अधिकारी -कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के पश्चात दी गई विदाई




**भिलाई, 3 फरवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 5 अधिकारी/ कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद विदाई दी गई। मुख्य कार्यालय सभागार में आज निगम प्रशासन की ओर से अधिकारी/कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शाल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किये। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान कार्य एवं अनुभव को साझा किए। उन्होने कहा हम सब पूर्व साडा के समय से विभिन्न विभागो में कार्य करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन किए। हम सबको गर्व है अपनी क्षमता के अनुसार कार्य किए। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कार्यपालन अभियंता प्रकाश मिश्रा, सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, पम्प सहायक हरिप्रेम वर्मा, सहायक मैकेनिक चैतराम, सफाई कामगार श्रीमती वंदना फूले को निगम प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। राजस्व अधिकारी मलखान सिंह शोरी ने बताया मैं शुरू से राजस्व विभाग में काम करते हुए, अन्य बहुत सारे निगमन में भी काम किया। नगर निगम भिलाई की कार्य शैली, फाइलिंग व्यवस्था सबसे अच्छा है। आज आखिरी समय तक राजस्व विभाग के फाइलों का निपटारा करते रहे। जब बुलाया गया तो फिर आए बोले मेरा दायित्व था मेरे अधीनस्थ जो भी काम था को पूरा करके जाऊ। आयुक्त श्री पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियो एवं कर्मचारियों से कहा कि कभी भी कोई जरूरत हो आप बे झिझक आईयेगा। आपके जो भी देय राशि है उसका भुगतान अभी किया जा रहा है। पेंशन का प्रकरण शीघ्र निराकरण करके आपको पेंशन भी मिलने लगेगा। बिदाई कार्यक्रम में उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, जोन के अधिकारी/कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भिलाई रेलवे स्टेशन का कायाकल्प

**भिलाई, 3 फरवरी।** भारतीय रेल देश की लाइफ लाइन है। रेलवे लगातार यात्री सेवाओं को सुलभ करने के लिए नवीनतम तकनीक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है। वर्तमान में रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के कायाकल्प किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 49 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना का मकसद आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता के साथ मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन पर भी काम करना है। इसी क?ी में भिलाई रेलवे स्टेशन का भी पुनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किया गया है। रायपुर स्टेशन से 24 किमी दूर स्थित भिलाई स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कायाकल्प किया गया है इसमें लगभग 8:72 करोड़ की लागत से आधुनिक यात्री सुविधाओं की अपग्रेडेशन पर काम किया गया है। बिलासपुर.रायपुर.नागपुर मेन लाइन खंड पर स्थित भिलाई रेलवे स्टेशन छत्तीसगढ़ की इस्पात नगरी का महत्वपूर्ण स्टेशन है। यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लक्ष्य के साथ विकसित किए गए इस रेलवे स्टेशन के आसपास अच्छी व्यवस्थाएं होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा ।

# अजय गुप्ता ने यूथनेशिया पर ई-बुक अंग्रेजी और हिंदी में की प्रकाशित

**भिलाई, 3 फरवरी।** राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध त्वचा एवं यौन रोग के चिकित्सक डॉ. अजय गुप्ता जो भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के पिछले 34 वर्षों से आजीवन सदस्य हैं और पिछले 35 वर्षों से दुर्ग, छत्तीसगढ़, रेलवे स्टेशन के पास अपनी सेवाएं दे रहे हैं, ने यूथनेशिया पर अपनी 15वीं और 16वीं ई-बुक अंग्रेजी और हिंदी में प्रकाशित की है। यूथनेशिया, जिसे सहायक आत्महत्या भी कहा जाता है, एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति विशेष परिस्थितियों में स्वेच्छा से अपने जीवन को समाप्त कर सकता है। इसके कुछ लाभ हैं, जैसे जरूरतमंदों को अंग या शरीर दान करने का अवसर, समय पर संपत्ति की वसीयत तैयार करना, विदाई समारोह का आयोजन करना और प्रियजनों के साथ समय बिताना। इसे जनसंख्या नियंत्रण के संभावित तरीके के रूप में भी देखा जा सकता है। जब हजारों लोग यूथनेशिया के माध्यम से अपना जीवन समाप्त करते हैं, तो यह अंग और शरीर दान की संख्या में वृद्धि कर सकता है, जिससे नए व्यावसायिक अवसर उत्पन्न होते हैं। समय पर संपत्ति की वसीयत बनवाने से वकीलों के लिए काम बढ़ेगा , जबकि विदाई समारोह आयोजन से इवेंट मैनेजमेंट और अंतिम संस्कार सेवाओं से जुड़े उद्योगों को लाभ होगा ।इन सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा इस ई-बुक में की गई है। जानिए कि कैसे यूथनेशिया एक अरबों डॉलर का उद्योग बन जाएगा और यह नए व्यावसायिक अवसरों से कैसे जुड़ा हुआ है। यह मुफ्त ई-बुक उपलब्ध है। इस वेबसाइट पर अब तक 2 लाख 18 हज़ार से ज़्यादा लोगों ने विजिट की है ।

# आयुक्त ने निर्माणाधीन अटल परिसर का निरीक्षण किया



**भिलाई, 3 फरवरी।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की याद में अटल परिसर का निर्माण नगर निगम भिलाई में नेशनल हाईवे के समीप अटल परिसर का भव्य निर्माण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ का नक्शा सभी संभाग का अलग रंग में चिन्हण लाईट, बागवानी, फूलवारी, अटल जी की कविताओं का संगीतमय गायन के साथ बीच में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का 6 फीट आदम कद प्रतिमा लगायी जायेगी। जिसकी लागत राशि 50 लाख के लगभग है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को लेकर निरीक्षण करने गये। वहां हो रहे निर्माण की पूरी जानकारी प्राप्त किये और पूरी गुणवत्ता के साथ समय अवधि में निर्माण कार्य पूर्ण करने को निर्देशित किये। ततपश्चात गांधी विद्यापीठ राधिका नगर में सफाई व्यवस्था को देखे। वहां घर-घर जाकर निवासियों से स्वयं पूछे कि सफाई का रिक्शा आता है कि नहीं। नालियों की सफाई कितने दिनों में किया जाता है। आपके घरो से प्रतिदिन कचरे का उठाव हो रहा है या नहीं। साथ ही यह भी कहे की कचरा देने में किसी प्रकार की कोई परेशानी हो तो संबंधित जोन के अधिकारी से बात कर समस्या का निराकरण शीघ्र करावे। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन सुपरवाईजर अंजनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# झिल्ली-पन्नी, प्लास्टिक बेचने वाले व्यापारियों पर की नगर निगम ने चालानी कार्रवाई




**भिलाई, 3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ शासन शासन के आदेश अनुसार आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार आज स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,जोन राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन की उपस्थिति में पावर हाउस सर्कुलर मार्केट,फल मार्केट, में 35 दुकानों का निरीक्षण किया गया। यह जानकारी होते हुए भी सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग एवं बिक्री पर प्रतिबंधात्मक फिर भी बेचने वाले व्यापारियों पर कार्यवाही किया गया। नगर निगम भिलाई द्वारा प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए अभियान चलाया गया है इसमें सब के सहयोग की आवश्यकता है। विशेष करके व्यापारी एवं ग्राहक अपने घर से झोला लेकर चलें। आयुक्त पाण्डेय नागरिकों से अपील किया है कि इंदौर शहर सफाई में नंबर वन है तो उसमें वहां के स्थानीय निवासियों का बहुत बड़ा योगदान है। हम सब मिलकर के ही स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई बना सकते हैं। जो व्यापारी नहीं मानेंगे इसके बाद नगर पालिका निगम अधिनियम के अंतर्गत उनका गुमास्ता लाइसेंस निरस्त करके एफआईआर दर्ज किया जाएगा। कानूनी कार्रवाई होगी इसके जिम्मेदार व्यापारी होंगे। कार्रवाई के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, वीरेंद्र बंजारे, हेमंत माझी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, अतुल यादव, सी एम यादव सुरेश पटेल ,हेमकुमार, राहुल राजपूत, नरेंद्र भारती आदि उपस्थित रहे।



**उतई,3 फरवरी** । बसंत के स्वागत के लिए पीली चादर से बिछे पीले सरसो के फूल, पाटन में रोड से ली गई तस्वीर ।

# बागबाहरा वार्ड-2 में दिव्यांग मतदाताओं सहित सभी लोगों को दी गई ईवीएम की जानकारी



**महासमुंद 3 फरवरी ।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत बागबाहरा वार्ड 2 में दिव्यांग मतदाताओं सहित अन्य मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (श्वङ्करू) के उपयोग की जानकारी दी गई। इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आंगन बाड़ी केंद्र में किया गया जहां मास्टर ट्रेनर भूपेंद्र निराला ने विशेष रूप से दिव्यांग मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया को सुगम और सुविधाजनक बनाने के तरीकों की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में 21 वर्षीय दिव्यांग युवा मतदाता प्रसिद्ध मानिकपुर को भी ईवीएम मशीन के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। रिटर्निंग अधिकारी श्री उमेश साहू ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं, जैसे कि व्हीलचेयर की सुविधा, सहायक कर्मियों की सहायता और ब्रेल लिपि में मतपत्र की उपलब्धता। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदान ईवीएम के माध्यम से होगा। दोनों पदों के लिए अलग-अलग बटन दबाने होंगे। अध्यक्ष पद के लिए बटन दबाने पर हल्की वीप की आवाज आएगी। पार्षद पद के लिए बटन दबाने पर लंबी वीप सुनाई देगी, जो यह संकेत देगी कि मतदान सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। इसके अलावा, यह भी विशेष रूप से बताया गया कि मतदाताओं को वोट डालने के बाद ईवीएम का ÷एंड÷ (श्वह्रष्ठ) बटन नहीं दबाना है। केवल दोनों पदों के लिए वोटिंग बटन दबाने के बाद मतदान प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।

इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य मतदाताओं को निर्भीक और स्वतंत्र रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करना है।

अधिकारियों ने नगरवासियों से अपील की कि वे मतदान दिवस पर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इसके लिए प्रत्येक वार्ड में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है ।

# बसंत पंचमी पर्व पर मुख्यमंत्री साय ने सरस्वती मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

**■ बसंत पंचमी पर्व पर मुख्यमंत्री साय पहुंचे मां शारदा धाम, सरस्वती मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश के लोगों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी।**



रायपुर 3 फरवरी। विद्यादायनी माता सरस्वती की उपासना के पावन पर्व बसंत पंचमी पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जशपुर जिले के दुलदुला तहसील के ग्राम पंचायत जामटोली अंतर्गत ग्राम डेवाडेलंगी में मां शारदा धाम पहुंचे। उन्होंने इस धाम परिसर में स्थित मां सरस्वती मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर शारदा धाम में आए समस्त श्रद्धालुगण को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां सरस्वती की कृपा हमेशा हम सब पर बनी रहे। आपके कंठ में सदा मां सरस्वती विराजमान रहें। उन्होंने कहा कि वेदों में कहा गया है कि मानव योनि में जन्म लेना सौभाग्य की बात है। 84 लाख योनियों में भटकने के बाद हमें मानव जीवन मिलता है। हमारे कर्म ऐसे रहने चाहिए कि जब हम इस दुनिया से जाएं तो लोग हमें याद रखें। इस धाम में शिक्षा के लिए अलख जगाने के साथ ही खेलों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय मां शारदा के पावन धाम में आयोजित अखण्ड श्रीहरि कीर्तन राम नाम जाप के आयोजन में भी शामिल हुए, जिसमें आसपास के 48 गांवों के श्रद्धालु और 12 कीर्तन मंडलियां शामिल हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल के निकट गिरमा नदी बहती है, जिसके एक ओर छत्तीसगढ़ है तो दूसरी ओर झारखंड है। इस धाम के बगल में बह रही पावन गिरमा नदी दो प्रदेशों की संस्कृति को समाहित कर अविरल धारा के साथ बह रही है।

# बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन एवं संगीत संध्या का आयोजन

**रायपुर 3 फरवरी।** पण्डित गुणवंत माधवलाल व्यास स्मृति संस्थान द्वारा बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा एवं संगीत संध्या का पारम्परिक आयोजन व्यास भवन बूढ़ापारा में किया गया। वरिष्ठ गुरु डॉ एम श्रीराम मूर्ति जी एवं संस्थान के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा माता सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात् सभी ने वाग्देवी के सम्मुख अपनी सुंदर प्रस्तुति से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रमुख रूप से कु कावेरी व्यास ने पण्डित व्यास जी द्वारा रचित एवं स्वरबद्ध सरस्वती स्तवन द्वारा ज्ञान दे विज्ञान दे हे हंस वाहिनी सरस्वती, दीपक व्यास ने सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की रचना वीणा वादिनी वरदे, डॉ प्रदीप तिवारी तेरे द्वार खड़ा भगवान भगत भर दे रे झोली , वैशाली जोशी द्वारा साईं राम साईं श्याम , शशि खिरैया ने मत कर तू अभिमान, जीवा तिवारी ने मेरे कण्ठ बसो महारानी, अनुराग शुक्ला ने ठुमक चलत रामचंद्र, अराधना बैद ने राम का गुणगान करिए, हेमंत मार्डिकर द्वारा मन तड़पत हरि दर्शन को आज, शिरीष आठेल ने सुख के सब साथी, निखिल मोकादम ने मैली चादर ओढ़ के कैसे, संदीप साठे ने गाइए गणपति जगबंदन सहित मिलिंद कावड़िसाव ने जय दुर्गे दुर्गति परिहारिणी प्रस्तुति दी ।

दात्री संत ने वॉयलिन पर राग जयजयवंती की मनमोहक प्रस्तुतियों का आंनद देर रात तक श्रोताओं ने उठाया। सभी के साथ दीपक व्यास ने हारमोनियम पर राकेश देशमुख एवं सुशील गोल्हानी ने तबले पर तथा हर्षल बल्लाल ने साइड रिदम पर सुंदर संगत दी। मंच संचालन महेंद्र तिवारी ने एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती दीपा व्यास ने किया।



## एक नजर

### प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भाजपा से अरुण शुक्ला अधिकृत

**राजनांदगांव 3 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव व नगर निगम क्षेत्र के सभी 51 वार्डों के भाजपा पार्षद पद के प्रत्याशियों के लिये निर्वाचन आयोग से संबंधित प्रशासकीय कार्य एवं अनुमति की जवाबदेही पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता अरुण शुक्ला को सौंपी गई है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री शुक्ला, महापौर सहित पार्षद प्रत्याशियों के सभा हेतु, वाहन हेतु, रैली तथा विज्ञापन इत्यादि की अनुमति संबंधी सभी कार्यो को पूरा करेंगे। श्री शुक्ला के साथ विजय सिन्हा की भी नियुक्ति की गई है, वे श्री शुक्ला के सहयोगी के रूप में कार्य करेंगे। स्मरणीय है कि अरुण शुक्ला व विजय सिन्हा पिछले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करा चुके है, इसी वजह से इस बार भी यह महती जिम्मेदारी इन दोनों को सौंपी गई है।

### रमेश पटेल मधुसूदन यादव के मुख्य चुनाव अभिकर्ता नियुक्त

**राजनांदगांव 3 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पटेल को चुनावी कार्यो का महत्वपूर्ण दायित्व देते हुये उन्हें अपना मुख्य चुनाव अभिकर्ता नियुक्त किया है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इसी प्रकार आयकर अधिवक्ता संजय लोहिया को भी व्यय निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है।

### वाहनों के महाकुंभ में महाबचत का लाभ पाने के अंतिम 13 दिन

**रायपुर 3 फरवरी।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के द्वारा आयोजित वाहनों के महाकुंभ (ऑटो एक्सपो) में महाबचत का लाभ पाने के अंतिम 13 दिन रह गए हैं। इसलिए कि 15 फरवरी आखिरी तारीख है। वैसे हजारों लोग अब तक यहां आ चुके हैं, यही वजह है कि एक दिन पहले के आंकड़ों के मुताबिक यहां हुए सेल के मुताबिक आरटीओ को 54 करोड़ और जीएसटी विभाग को 450 करोड़ रुपए मिल चुके हैं वहीं कस्टमर को भी आधा अरब रुपए से अधिक का फायदा हो चुका है। बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त पर काफी संख्या में रविवार को एक्सपो पहुंचे लोगों ने वाहनों की बुकिंग करायी। पहली फरवरी को 598 वाहनों की बिक्री हुई। आज बजाज चेतक ईवी की लांचिंग की गई। मेटा क्लीनिक के सहयोग से आज फ्री हेल्थ चेक अप कैम्प का आयोजन भी एक्सपो में किया गया था जिसमें स्टाल होल्डर्स व स्टाफ के अलावा पहुंचे हुए लोगों ने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। रविवार को आदिम जाति कल्याण,कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होने खेती किसानी में उपयोग होने वाले ट्रैक्टर डिवीजन सहित अन्य स्टालों का निरीक्षण किया।


### धार्मिक उन्माद फैलाने वाला इमरान खान गिरफ्तार

**रायपुर 3 फरवरी।** धार्मिक उन्माद फैलाने के मामले में कोंडागांव पुलिस ने राजधानी के मौदहापारा से आरोपी इमरान खान को गिरफ्तार किया जो यहां छिपकर रहा रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इमरान ई रिक्शा चलाने के साथ फ्लेक्स प्रिंटिंग का काम करता । वह अपने फेसबुक अकाउंट पर सनातन धर्म पर अश्लील पोस्ट करता था, इसे लेकर कोंडागांव कोतवाली में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने आईटी एक्ट समेत कई बीएनएस की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराया था। आरोपी 2 साल से अपने फेसबुक अकाउंट पर धार्मिक उन्माद फैलाने के मैसेज पोस्ट कर रहा था। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कोण्डागांव पुलिस ने मौदहापारा पुलिस को बिना बताए ठिकाने पर दबिश दिया और उसे गिरफ्तार कर लिया और उसके मोबाइल फोन को जप्त किया जिसमें उनके अन्य साथियों के बारे में पता चला है और जल्द ही उनकी पहचान कर गिरफ्तार करने की बात पुलिस ने कही है।

### रविवि का वार्षिक परीक्षा टाइम टेबल जारी, 1 मार्च से शुरू होगी परीक्षा

**रायपुर 3 फरवरी।** रविशंकर विश्वविद्यालय ने अपनी वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय के दूसरे और तीसरे सेमेस्टर के छात्रों के लिए परीक्षाएं 1 मार्च से शुरू होंगी। यह परीक्षा पुराने पैटर्न के तहत आयोजित की जाएगी और यह मई तक चलेगी। इस बार पहले सेमेस्टर के छात्रों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत परीक्षा देनी होगी। एनईपी के अंतर्गत पहले सेमेस्टर की परीक्षा का पैटर्न अलग होगा, जिसे ध्यान में रखते हुए छात्रों को तैयारी करनी होगी।परीक्षा के संबंध में अन्य जानकारियां और नोटिफिकेशन विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर जारी किए जाएंगे।छात्रों को परीक्षा से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट या नोटिफिकेशन पर नजर रखनी चाहिए।

### छत्तीसगढ़ी भाषा को प्राथमिक शाला के पाठ्यक्रम में शामिल करने की माँग




**रायपुर 3 फरवरी।** वसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ी काव्य गोष्ठी में उपस्थित प्रदेश भर के कवियों ने छत्तीसगढ़ी भाषा को प्राथमिक शाला के पाठ्यक्रम में शामिल किये जाने की माँग की। रायपुर के वृंदावन हाल में संपन्न काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार सुशील भोले ने की। एम ए छत्तीसगढी छात्र संगठन के अध्यक्ष ऋतुराज साहू एवं वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार धर द्विवेदी विशेष अतिथि थे। वक्ता मंच के संयोजक शुभम साहू द्वारा काव्य गोष्ठी का प्रभावी संचालन किया गया। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते के स्वागत भाषण से आरंभ काव्य गोष्ठी में दुर्ग, भिलाई, राजिम, रायपुर, मुंगेली, बिलासपुर, राजिम, रायगढ़, जांजगीर , तिल्दा नेवरा सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे 75 कवियों ने 5 घंटे तक काव्य पाठ कर देश व प्रदेश के समक्ष उपस्थित ज्वलंत मुद्दों को उठाया।

# मधुसूदन यादव यादव ने कई सभाओं को संबोधित कर विकास की गारंटी दी

**राजनांदगांव 3 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने कल पटरीपार क्षेत्रों का सघन जनसम्पर्क किया, स्थानीय लोगों से मेल-मुलाकात की, उनसे कमल फूल छाप के बटन को दबाने का आग्रह किया तथा पटरीपार क्षेत्र में रेलवे की बड़ी परियोजनाओं की याद दिलाते हुये कहा कि रेलवे की तमाम सुविधाएं इस क्षेत्र के लोगों के लिये सुलभ होगी, उन्हे सीढ़ी पार करके टिकिट लेने, आरक्षण कराने, विश्राम करने की सारी सुविधाएं उपलब्ध करा दी जायेगी। रेलवे के पटरीपार क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास तथा सौंदर्यीकरण धरोहर के रूप में याद किया जायेगा।



भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री यादव ने इस दौरान अनेक स्थानीय सभाओं को संबोधित करते हुये कहा कि जिस तरह से देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटियों का बोल-बाला है। मोदी जी स्वयं कहते है कि ÷मोदी की गारंटी याने गारंटी पूरा होने की गारंटी÷ है, मोदी जी के इन्ही बेबाक गारंटियों का परिणाम है कि प्रदेश में महतारी वंदन योजना के तहत सत्तर लाख से अधिक महिलाओं को हर महीने एक-एक हजार रुपये त्वरित भुगतान किया जा रहा है। अब तक इस योजना में 6530.7 करोड़ रूपये की विपुल धनराशि माता-बहनों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। इसी के साथ महतारी शक्ति लोन योजना से 17.5 लाख ग्रामीण महिलाओं को दस हजार रूपये से पच्चीस हजार रूपये तक का ऋण प्रदान किया जा चुका है ताकि वे स्वयं का रोजगार प्रारंभ कर सके, इतना ही नहीं बल्कि प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में नवनिर्मित भव्य मंदिर के मुफ्त दर्शन के लिये बीस हजार से अधिक लोगों को श्रीराम मंदिर अयोध्या, काशी विश्वनाथ और तीर्थराज प्रयाग के संगम तट का दर्शन कराया जा चुका है।

श्री यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना की चर्चा करते हुये कहा कि भाजपा सरकार ने नागरिकों का खुद का घर हो, इस महती योजना को पूरा करने के लिये ठोस कदम उठायें है। मात्र एक वर्ष के शासनकाल में ही 18 लाख घरों के लिये 12168 करोड़ रूपये दिये गये है, जिससे बेघरों के पक्के मकान का सपना आज साकार हो रहा है, इसी प्रकार युवाओं के लिये, बुजुर्गो के लिये, किसानों व मजदूरों के लिये प्रदेश की जनता को दी गई मोदी गारंटी पूरी हो रही है। इसी तरह राजनांदगांव के सर्वागीण विकास की भी पूरी गारंटी है जिसे पूरा कर दिखाया जायेगा।

## रायपुर क्षेत्र के बिजली कर्मियों को पुरस्कार

**रायपुर 3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमि., गुढ़ियारी रायपुर क्षेत्रीय मुख्यालय में ''गणतंत्र दिवस'' के अवसर पर मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर ने रायपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। चयनित कर्मियों कार्या.सहायक श्रेणी-दो श्रीमती कीर्ति शुक्ला, कार्या.सहायक श्रेणी-एक श्री परसराम कृष्णानी, कार्यपालन अभियंता श्री ताराचंद साहू, कार्या.सहायक श्रेणी-दो श्री राकेष कुमार वर्मा, परि.श्रेणी-दो(ला.) श्री प्रदीप कुमार यादव, परीक्षण सहायक श्रेणी-एक श्री योगेश्वर एवं रायपुर ग्रामीण क्षेत्र से सर्वश्री सहायक अभियंता नंदकिशोर चैधरी, कार्या. सहायक श्रेणी-एक श्री प्रहलाद कुमार साहू, लाईन परिचारक (संविदा) श्री जागेन्द्र कुमार नेताम , परि.श्रेणी-एक(ला.) श्री मनोज कुमार देवांगन, परीक्षण सहायक श्रेणी-एक श्री मनोज कुमार धृतलहरे, परि.श्रेणी-एक(ला.) श्री खेमलाल साहू को विद्युत कम्पनी की ओर से देय पदक और प्रशस्ति-पत्र एवं प्रोत्साहन राषि प्रदान कर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। लेखा प्रषिक्षण का.स.श्रे.-दो श्री लक्ष्मीकांत साहू एवं तकनीकी प्रषिक्षण में परिचारक लाइन श्री अमन दुबे को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। श्री जामुलकर ने कहा कि विद्युत विकास में अहम भूमिका निभाने वाले विद्युतकर्मी श्रेष्ठ और सम्मानीय है।राज्य के विकास में हमारी अहम सहभागिता दर्ज है ,इस कार्य को करने के पीछे टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

## समाचार संक्षेप

### देवांगन समाज ने परमेश्वरी जयंती महोत्सव मनाया



**मेंढ़ा (डोंगरगढ़) 3 फरवरी।** ग्राम मेंढ़ा में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर देवांगन समाज के लोगों द्वारा अपनी ईस्ट देवी मां परमेश्वरी जयंती महोत्सव 2 फरवरी को मनाया गया। जिससे समाज के सभी लोग सामाजिक भवन में उपस्थित होकर व बड़ी संख्या में महिलाएं कलश यात्रा के साथ मां परमेश्वरी के तलचित्र की सजावट कर, भजन मंडली द्वारा कीर्तन करते हुए गली भ्रमण के लिए निकाला गया तत्पश्चात देवांगन भवन में भजन, कीर्तन के साथ आरती के बाद प्रसादी वितरण किया गया। ग्राम मेंढ़ा में देवांगन समाज बहुसंख्यक में है और समाज के लोग अपने अपने सभी व्यवसाय होटल, किराना अन्य सभी सुव्यवस्थित ढंग से बंद कर अपनी ईस्ट देवी के जयंती समारोह पर व्यस्त थे। सामाजिक प्रमुख चन्द्र कुमार देवांगन, रोहित देवांगन, फट्टेलाल देवांगन, राजकुमार देवांगन, रामकृष्ण देवांगन व बड़ी संख्या में सामाजिक गण उपस्थित थे।

### भाई राजा कोमल के साथ मधुसूदन ने नंदई का जनसंपर्क किया




**राजनंदगांव 3 फरवरी।** महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव आज नंदई अपने चुनाव प्रचार अभियान में वार्ड क्रमांक 48 एवं 40 पहुंचे जहां भाजपा जिला अध्यक्ष भाई राजा कोमल सिंह राजपूत के साथ उन्होंने जनसंपर्क अभियान के तहत सभी से संपर्क किया, इस दौरान बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे, इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में वार्डवासी एवं कार्यकर्ता द्वारा ढोल ,फाटकों के साथ जोरदार स्वागत किया गया,इस अवसर पर पूर्व पार्षद नमिताभ जैन के आवास उपस्थित सभी वार्ड वासियों का का शानदार स्वागत हेतु आभार व्यक्त किया गया । भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार माननीय मधुसूदन यादव एवं जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत जी द्वारा सभी वार्डवासियों को भाजपा के पार्षद प्रत्याशी केवरा विजय राय ,अरुण साहू ,सतीश साहू को ऐतिहासिक विजय दिलाने का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से प्रकाशचंद्र जैन, मधु वेद, राजेंद्र जैन बंटू, गोलू गुप्ता, प्रखर श्रीवास्तव, इरफान खान, भागचंद गीड़िया, अजय कोटडिया, गीतेश गुप्ता, इमरान बीबा,गणेश साहू, निलेश, राजू हरियानो, चिंटू सोनकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चिप्स ने मे. दिनेश इंजीनियरिंग लि. के विरुद्ध एफआईआर के निर्देश दिए

**रायपुर 3 फरवरी।** बीएसएनएल द्वारा जारी की गयी निविदा में भाग लेने के लिए फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर मेसर्स दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड के विरूद्ध चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सिविल लाईन थाने में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार मेसर्स दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र के संबंध में जाँच करने पर यह संज्ञान में आया कि ऐसा अनुभव प्रमाण पत्र चिप्स द्वारा मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड को कभी जारी ही नहीं किया गया था। चिप्स ने पत्राचार के माध्यम से मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड से यह जानने का हर संभव प्रयास किया कि यह अनुभव प्रमाण पत्र उन्हें (मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड) कैसे और किसकी मदद से प्राप्त हुई परन्तु मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड ने अब तक अपेक्षित जानकारी नहीं दी है। उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए इस घटना की पूर्णतः निष्पक्ष और व्यापक जाँच हेतु सीईओ चिप्स ने 2 फरवरी 2025 मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड के विरुद्ध सिविल लाइन्स थाने में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु पत्र प्रेषित किया है। गौरतलब है कि बीएसएनएल द्वारा जारी की गयी निविदा में भाग लेने हेतु मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड ने चिप्स के भारतनेट फेज-2 परियोजना के अनुभव प्रमाण पत्र निविदा दस्तावेज़ में इस्तेमाल किया है।

# समाज की सेवा करने में सिंधी समाज हमेशा आगे रहा है:अभिषेक सिंह

**■ सुरेश डुलानी के नेतृत्व में गुरुमुख दास वाधवा ने किया भाजपा प्रवेश, समाज में खुशी की लहर**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 3 फरवरी।** वार्ड नंबर 23 लालबाग सिंधीकॉलोनी के भारतीय जनता पार्टी पार्षद प्रत्याशी राजा मखीजा के चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन गली न 4 के बाहर पूर्व सांसद एव चुनाव संयोजक अभिषेक सिंह एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश डुलानी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित वार्ड वासी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा कि सिंधी समाज सेवा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहा है। बढ़ते कदम के माध्यम से और समाज के माध्यम से विभिन्न प्रकार के सेवा प्रकल्प समाज द्वारा किए जाते रहे हैं, उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता,उन्होंने पार्षद प्रत्याशी राजा मखीजा और महापौर निवासी मधुसूदन यादव के लिए 11 फरवरी को कमल छाप में वोट देने का आवाहन किया और विकास के लिए आगे आकर 11 फरवरी को शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान भी किया । इस अवसर पर नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रकाश सांखला,वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी,आवतराम तेजवानी,विजय गंगवानी, डॉक्टर के एस कांजवानी,अर्जुन वाधवानी चंदन रूचांदनी, दौलत रामचंदानी, हरीश मोटलानी, अशोक तेजवानी, कौशल शर्मा,अर्जुन गंगवानी,प्रकाश वाधवानी, मुकेश आहुजा, पंकज जेठानी, विजय परियानी, नरेश मोटलानी,अशोक तेजवानी,विजय ललवानी, भागचंद गीड़िया, आलोक बिंदल, नमिताभ जैन,राम तेजवानी सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित थे।

इस अवसर पूर्व में निर्दलीय पार्षद रहे गुरमुखदास वाधवा ने वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश डुलानी के नेतृत्व से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने उन्हें दुपट्टा पहन कर उनका स्वागत किया । विदित हो कि बढ़ते कदम के द्वारा वाधवा जी समाज सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिसके कारण उनके भाजपा प्रवेश से सभी वर्गों में खुशी की लहर छा गई। आज लालबाग में समाज के सभी वर्गों की एकजुटता से भाजपा प्रत्याशी राजा माखीजा के पक्ष में माहौल बनने की खुशी देखी गई।

# देव पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया




**मुंगेली 2 फरवरी।** मुंगेली नगर में बिलासपुर रोड स्थित देव पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर देव पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर देव गोस्वामी, सलाहकार कन्हैया यादव,प्राचार्या संगीता आर्या एवं बच्चों ने ज्ञान, संगीत और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना करते हुए ज्ञान और शिक्षा का वर भी मांगा। बच्चों द्वारा बड़ी श्रद्धा के साथ गाए मां सरस्वती के भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर टीचर ने पीले रंग की पोशाकें पहनी हुई थी। बसंत पंचमी पर्व के अवसर पर स्कूल प्रबंधन के डायरेक्टर देव गोस्वामी, सलाहकार कन्हैया यादव, प्राचार्या संगीता आर्या ने छात्रों को पेन देकर बधाई व शुभकामनाएं दी इस कार्यक्रम में स्कूल के डायरेक्टर देव गोस्वामी,

सलाहकार कन्हैया यादव, प्राचार्या संगीता आर्या, शिक्षिकाएं सविता श्रीवास्तव, बबीता सिंह, गीता सिंह, अंजली सोनी, आकांक्षा, दीपमाला, वर्षा देवांगन, रुचिका देवांगन, रानी चक्रधारी, चांदनी भास्कर, श्रुति मिश्रा, लेखाकार अमन पाण्डेय शामिल रहे।

■ क्षेत्र की जनता और युवाओं में दिखा अभूतपूर्व उत्साह

# अरुण सार्वा ने जिला पंचायत क्र.-12 के लिए किया नामांकन दाखिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 3 फरवरी।** सिहावा नगरी क्षेत्र में उत्कृष्ट कृषक के रूप में पहचाने जाने वाले सांकरा निवासी अरुण कुमार सार्वा ने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। क्षेत्र धमतरी जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 12 से जनसेवा का संकल्प लेते हुए उन्होंने इस चुनावी समर में उतरने का निर्णय लिया है। युवा, ऊर्जावान और समाजसेवा के प्रति समर्पित अरुण कुमार सार्वा का यह कदम क्षेत्र की राजनीति में नई दिशा और ऊर्जा प्रदान कर सकता है। अरुण कुमार सार्वा के पक्ष में क्षेत्र की जनता और युवाओं में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है



लंबे समय से क्षेत्र में कृषि में नवाचार अपना कर समाजसेवी के रुप में सक्रिय हो कर अपनी पहचान बनाई है, राजनीति के माध्यम से आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और किसान भाइयों की आय को दोगुना करने के साथ ही कृषि क्षेत्र उन्नत कृषि को बढ़ावा देना है, प्रशासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करना है। अब वे जनसेवा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जनप्रतिनिधि के रूप में अपने क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने का मामला संकल्प ले चुके हैं। युवा नेतृत्व और विकास की सोच युवा चेहरे के रूप में अरूण कुमार सार्वा की छवि स्पष्ट, ईमानदार और जनहितैषी रही है। वे हमेशा समाज के विकास और नागरिकों के हक की आवाज उठाने में अग्रणी रहे हैं। उनके नामांकन दाखिल करने के बाद क्षेत्र के युवाओं और आम जनता में उत्साह देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोग उन्हें एक सशक्त और जागरूक प्रतिनिधि के रूप में देख रहे हैं, जो क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने और उनके समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

जनता के बीच लोकप्रियता और समर्थन जिला पंचायत सदस्य पद के लिए नामांकन भरने के बाद श्री अरूण सार्वा ने कहा, मैंने हमेशा जनहित को प्राथमिकता दी है। और जिला सदस्य के माध्यम से जनता की आवाज बुलंद करता रहूंगा, समाज व राजनीति को एक नई दिशा देने के लिए चुनावी मैदान में उतरा हूं। मेरा लक्ष्य है कि क्षेत्र का समुचित विकास हो और ग्रामीण जनता को उनके अधिकार और सुविधाएं मिलें। अरुण कुमार सार्वा ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए बताया कि अगर वे निर्वाचित होते हैं, तो क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। वे यह भी सुनिश्चित करेंगे कि पंचायत स्तर पर योजनाओं का सही क्रियान्वयन हो और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन स्थापित किया जाए।जनता का समर्थन और उम्मीदें लेकर चुनाव मैदान में उतरने से क्षेत्र के लोग में काफी उत्साहित हैं। उनके समर्थकों का कहना है कि वे हमेशा समाज के प्रति समर्पित रहे हैं और अब एक जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी भागीदारी क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण साबित होगी।

## संपादकीय

# जनता को ज्यादा से ज्यादा देने का प्रयास

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट जनता को ज्यादा से ज्यादा देने वाला बजट है, इसमें जनता को ज्यादा से ज्यादा देने का प्रयास किया गया है, हर किसी को कुछ न कुछ देने का प्रयास किया गया है।पीएम मोदी ने सच कहा है कि बजट का आमतौर पर मतलब होता है कि जनता की जेब से निकाल कर सरकार का खजाना का भरना लेकिन यह बजट जनता की जेब भरने वाला बजट है, बचत को बढाने वाला बजट है। देश व जनता का विकास करने वाला बजट है। कोई टैक्स बढ़ाया नहीं गया है, यानी जनता पर किसी तरह का बोझ डाला नहीं गया है।मध्यम वर्ग के लिए तो यह सपने देखने जैसा बजट है, मध्यम वर्ग ने तो सपना देखा होगा कि 12 लाख रुपए पर कब टैक्स नहीं देना नहीं देना पड़ेगा इस देश में। इस बार बजट के पहले चौतरफा मांग की जा रही थी कि सात लाख की इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ता है, इस बार सरकार को मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए इसे दस लाख कर देना चाहिए। केजरीवाल,कांग्रेस सहित कई राजनीतिक दल इस मौके पर सरकार से मांग कर रहे थे कि वह मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए टैक्स फ्री इनकम की सीमा को सात लाख से बढ़ाकर दस लाख कर दे। ताकि सरकार ऐसा करे तो वह कह सके कि सरकार ने उनके कहने पर ऐसा किया है। सरकार न भी बढ़ाए तो जनता को कह सकें कि हम भी आपकी की तरह चाहते हैं कि टैक्स फ्री इनकम अब दस लाख रुपए तो होनी ही चाहिए।वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने टैक्स फ्री इनकम को 12 लाख रुपए की घोषणा कर सबको चौंका दिया मध्यम वर्ग सहित विपक्ष को उम्मीद नहीं थी कि वित्तमंत्री ऐसा भी कर सकती है, वित्तमंत्री ऐसा करके मध्यम वर्ग की पुरानी मांग को एक तरह से पूरा किया है। मध्यम वर्ग लंबे समय से बड़ी राहत की मांग कर रहा था। मोदी सरकार ने आजादी के बाद मध्यम वर्ग को सबसे बड़ी राहत दी है।मध्यम वर्ग इस राहत से गदगद है। केजरीवाल और कांग्रेस को सांप सूंघ गया जब वित्त मंत्री ने मध्यम वर्ग के लिए खजाना खोल दिया। राहुल गांधी को तत्काल कुछ कह नहीं सके बाद में उनका बयान आया कि यह बजट तो देश के 25 अमीरों के लिए बनाया गया है। यह बजट तो देश का धन अमीरों को देने वाला है, जनता को दिया गया है लेकिन बहुत कम दिया गया है। मध्यम वर्ग के साथ बिहार को बजट में बहुत कुछ दिया गया है। क्योंकि इसी साल के आखिरी में बिहार में चुनाव होना है। इसके अलावा नीतीश कुमार के दल के समर्थन से सरकार सत्ता में भी है। बिहार का खास ख्याल तो रखा ही जाना था। माना जा रहा है कि इस बजट में दिल्ली में चुनाव होने के कारण दिल्ली के लिए कुछ कहा नहीं गया है,उसकी घोषणा चुनाव के बाद की जा सकती है। फिर भी माना जा रहा है कि इस बजट में मध्यम वर्ग को जो दिल खोलकर देने का काम किया गया है, उसका असर दिल्ली के चुनाव पर तो होगा ही। दिल्ली में केजरीवाल बजट के प्रभाव को कम करने के लिए कह रहे हैं कि उनकी सरकार तो हर माह प्रत्येक परिवार को 25 हजार रुपए का लाभ पहुंचा रही है, चुनाव जीतने पर यह लाभ प्रत्येक परिवार को 35 हजार रुपए को होगा। यानी केजरीवाल दिल्ली की जनता को बताने का प्रयास कर रहे हैं कि हम आपको ज्यादा देते रहे हैं तथा आगे भी आपको ज्यादा मिलता रहेगा। मोदी सरकार ने भी अपने बजट को इस बार जनता को ज्यादा से ज्यादा देने वाला बजट बनाया है। ताकि जनता के पास ज्यादा पैसा आए तो वह ज्यादा खर्च करे और इसका फायदा भारत की अर्थव्यवस्था को हो। किसी भी देश में जब जनता के पास ज्यादा पैसा होता है,वह ज्यादा खर्च करती है, वह ज्यादा खर्च करती है तो बाजार में चौतरफा मांग बढ़ती है, मांग बढ़ती है तो उत्पादन बढ़ता है,निवेश बढ़ता है। लोगों को रोजगार मिलता है, उनकी आय बढ़ती है। मोदी का लक्ष्य देश के विकसित भारत बनाना है, भारत को दुनिया का तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है तो इसके लिए जो भी जरूरी है, वह पीएम मोदी कर रहे हैं। यह बजट भी उन्होंने इसी विजन को ध्यान में रखकर बनाया है। जिस देश में मध्यम वर्ग मजबूत होता है तो वह अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सबसे ज्यादा सहयोग करता है। खुशी की बात यह है कि देश का मध्यवर्ग सबसे बड़ा वर्ग है और वह अपनी भूमिका का निर्वाह चुपचाप करता रहा है। मोदी सरकार के दौरान उसको जितना मिला है, किसी सरकार के समय नहीं मिला। यही वजह है कि पीएम मोदी मध्यव वर्ग के लोगों के दिल में रहते हैं, हर चुनाव में मध्य वर्ग उनको वोट देता है। उनके वोट से भाजपा राज्यों व केंद्र में चुनाव जीतती आई है। दिल्ली का चुनाव भी भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बना हुआ क्योंकि तीन दशक से भाजपा दिल्ली में सत्ता में नहीं है जबति देश की सत्ता पर तीसरी बार भाजपा आई है। इसके लिए भाजपा जीतोड़ प्रयास कर रही है। यह तो नहीं कहा जा सकता कि हाल में मोदी सरकार ने जो कुछ भी किया है वह दिल्ली चुनाव जीतने के लिए किया है लेकिन यह जरूर कहा जा सकता है कि हाल ही में मोदी सरकार ने बजट सहित जो कुछ भी किया है, उसका लाभ भाजपा को चुनाव में मिल सकता है, इससे वह चुनाव जीत सकती है। इसी के साथ जनता के हित में बजट में कई अहम घोषणाएं की गई है जैसे कैंसर की दवाएं सस्ती की गई है हर जिले में कैंसर डे केयर सेंटर खोलने की घोषणा की गई है। एससी,एसटी महिलाओं को बेहतरी के लिए दो करोड़ को लोन दिया जाएगा,स्टार्ट अप के दस हजार करोड़ का फंड बनाया गया है, इससे लोग खुद अपने मन का काम कर सकेंगे और लोगों को रोजगार भी दे सकेंगे,ईवी बैटरी निर्माण सामग्री पर कस्टम ड्यूटी कम की गई है, इससे बैटरी सस्ती होगी,बीमा सेक्टर में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश को मंजूरी दी गई है, इससे रोजगार बढ़ेगा, कुछ नई योजनाएं भी घोषित की गई है, इससे पांच साल में तीन करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा, सीनियर सिटीजन का भी बजट में ख्याल रखा गया है, एक लाख के बैंक ब्याज पर कोई कटौती नहीं होगी,किराएदार व मकान मालिक दोनों के फायदे की बात बजट में की गई है, किसान अब केसीसी पर अब तीन नहीं पांच लाख का कर्ज ले सकेंगे, छात्रों के लिए मेडिकल व इंजीनियरिंग कालेज में सीटों की संख्या बढ़ाई गई है। देश के हर सेक्टर की बेहतरी के लिए सरकार ने सोचा है और कुछ नया करने का प्रयास किया है। पीएम मोदी का सपना है कि भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाना है, विकसित भारत बनाना है तो यह बजट उस दिशा में उठाया गया निर्णायक कदम है।

महाकुंभ

(राघवेंद्र शर्मा-विभूति फीचर्स)

# प्रयागराज महाकुंभः हरि अनंत हरि कथा अनंता

आजकल जहां देखो वहां महाकुंभ की ही चर्चा है। हो भी क्यों ना, आखिर यह महापर्व पूरे 144 साल बाद आया है। इस महापर्व को लेकर सभी के भिन्न-भिन्न मत हैं। कोई इसके भौतिक स्वरूप को ही सनातन साबित करने में लगा हुआ है। तो कुछ-कुछ कालनेमि स्वरूप स्वयंभू विद्वानों ने इसमें खोज खोज कर कमियां निकालने का काम हाथ में ले रखा है। इन सबसे बेखबर श्रद्धालुओं, संत, महात्मा, साधु, सन्यासियों का जो हुजूम है, वह अपनी मस्ती में मस्त है और स्वयं को अमृत की बूंद को प्राप्त करने में सफल मानकर आनंदित है। और ज्यादा गहनता से देखेंगे तो हमें महाकुंभ के अनेक स्वरूप और पहलू देखने को मिल जाएंगे। जैसे गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा भी है -

जाकी रही भावना जैसी।
प्रभु मूरत देखी तिन्ह तैसी।।
या फिर विद्वानों के लिए लिखा गया है-
हरि अनंत हरि कथा अनंता।
कहई सुनई बहु विधि बहू संता।।

अर्थात इस महापर्व कुंभ को जो जिस भावना से देख रहा है वह उसका उतना ही स्वरूप देख पा रहा है। इस अद्भुत,अनूठे और अनोखे महाकुंभ को लेकर जितने मत हैं उतनी ही बातें हैं। ऐसे में आवश्यक हो जाता है कि हम इसके वास्तविक स्वरूप को जान पाएं और अन्य लोगों की जिज्ञासाओं को भी शांत कर सकें। शायद तब ही हम हमारे त्यौहारों को लेकर उठने वाले सवालों का स्थाई रूप से शमन कर पाएं। इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी बात यह है कि हम पहले अपने त्यौहारों, संस्कारों, संस्कृतियों और सनातन के बारे में सामान्य ज्ञान तो हासिल कर ही लें। उदाहरण के लिए- हमें यह पता होना चाहिए कि आखिर कुंभ मनाया क्यों जाता है और यह महाकुंभ क्या है। यदि धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करें तो पता चलेगा कि कुंभ और महाकुंभ का समुद्र मंथन से गहरा नाता है। जब इंद्र सहित अधिकतम देवताओं से रुष्ट होकर दुवार्सा मुनि ने उन्हें शक्ति विहीन होने का श्राप दिया तो देवताओं का पराभव होने लगा। फल स्वरुप आसुरी शक्तियां प्रबल होने लगीं और देवता उनसे हार कर यहां वहां शरण लेने को बाध्य हुए हो गए। तब विचार विमर्श किया गया कि आखिर देवताओं को शक्ति मिले तो मिले कैसे? कैसे देवता एक बार पुनः आसुरी शक्तियों को पराजित कर पाएं और अपने ऐश्वर्या वैभव को हासिल कर सकें! तब एक रास्ता यह निकला कि समुद्र मंथन किया जाए। इसमें से अन्य जो भी रत्न प्राप्त हों, लेकिन सर्वाधिक महत्वपूर्ण अमृत होगा। यदि यह अमृत देवताओं के हाथ लग जाए तो यह वर्ग एक बार फिर स्वर्ग सहित अन्य ऐश्वर्य वैभवपूर्ण स्थानों पर अपना आधिपत्य हासिल कर सकेगा। तब एक सुनियोजित रणनीति के तहत असुरों से बात की गई। भगवान भोलेनाथ को मध्यस्थ बनाकर समुद्र मंथन के लिए असुरों को तैयार किया गया। इस प्रकार समुद्र मंथन शुरू हुआ। जिसमें मंदराचल पर्वत को मथानी बनाया गया और वासुकी नाग का रस्सी की तरह प्रयोग किया गया। इस समुद्र मंथन से कुल 14 रत्न प्राप्त हुए। उनके नाम क्रमशः कालकूट विष, कामधेनु गाय, उच्चैश्रवा अश्व, ऐरावत हाथी, कौस्तुभ मणि, कल्पवृक्ष, रंभा नाम की अप्सरा, लक्ष्मी देवी, वारुणी, चंद्रमा, पारिजात वृक्ष, पांचजन्य शंख, और अमृत हाथ में लेकर प्रकट हुए धन्वंतरि भगवान। सबसे अंत में अमृत कलश प्राप्त हुआ, उसे लेकर देवताओं और असुरों में युद्ध छिड़ गया। हर कोई अमृत पीकर अमर हो जाना चाहता था। इसे असुरों से बचाने की पहली जिम्मेदारी इंद्र के पुत्र जयंत को मिली। वह अमृत कलश लेकर स्वर्ग की ओर भागा तो असुरों से झड़प हो गई। फलस्वरुप अमृत की कुछ बूंदें कलश से छलक कर चार स्थानों पर गिर पड़ीं। इन स्थानों के नाम हैं उज्जैन, नासिक, हरिद्वार और प्रयागराज। यही वे चारों स्थान हैं जहां पर क्षिप्रा, गोदावरी, गंगा जी और त्रिवेणी संगम पर 12 साल के अंतर से कुंभ पर्व आयोजित होते हैं।

### कुंभ महापर्व 12 साल में एक बार ही क्यों?

इस बारे में जानकारी मिलती है कि यह देव असुर संग्राम पूरे 12 दिनों तक चला। चूंकि देवताओं का एक दिवस मनुष्यों के एक वर्ष के बराबर होता है। यही वजह है कि देवताओं के 12 दिन बीतते हैं तब तक पृथ्वी पर 12 साल का समय गुजर जाता है। फलस्वरुप एक स्थान पर कुंभ का मेला 12 साल के अंतर से ही संपन्न हो पता है। जबकि चारों स्थानों पर क्रमशः आयोजित होने वाले कुंभ के मेलों में चार-चार सालों का अंतर बना हुआ है। जब प्रत्येक स्थान पर 12 - 12 कुंभ आयोजित हो जाते हैं तब इनमें से अंतिम कुंभ को महाकुंभ कहा जाता है, जो 144 वर्ष के बाद आयोजित होता है और इसके लिए प्रयागराज स्थान धर्म शास्त्रों द्वारा नियत है। इस हिसाब से देखा जाए तो पिछला महाकुंभ पर्व वर्ष 1881 में पड़ा था और अब अगला महाकुंभ पर्व वर्ष 2169 में पड़ने वाला है। यानि जिन लोगों ने पिछला महाकुंभ देखा वे अब जीवित नहीं है और जो लोग 2025 का कुंभ महापर्व देख पा रहे हैं वह 2169 का कुंभ महापर्व नहीं देख पाएंगे। इस दृष्टि से 2025 का कुंभ महापर्व अति विशिष्ट हो चला है। यही वजह है कि केवल देश भर से ही नहीं, बल्कि दुनिया भर से सनातन श्रद्धालु महाकुंभ की ओर बढ़ चले हैं और बढ़ते ही चले जा रहे हैं। हर कोई त्रिवेणी संगम पर आयोजित महाकुंभ में अमृत की बूंदे पा लेना चाहता है और अपने पापों को धोने का शुभ अवसर हाथों से नहीं जाने देना चाहता। कुंभ का मेला खगोलीय विज्ञान के हिसाब से भी भारत की विद्वता को वैश्विक स्तर पर प्रतिपादित करता है। क्योंकि 12 साल में कुंभ लगने का एक कारण बृहस्पति ग्रह की गति को भी माना जाता है - जब बृहस्पति ग्रह, वृषभ राशि में हों और इस दौरान सूर्य देव मकर राशि में आते हैं, तो कुंभ प्रयागराज में होता है। इसी तरह जब बृहस्पति, कुंभ राशि में हों और इस दौरान सूर्य देव मेष राशि में आते हैं,तो हरिद्वार में कुंभ होता है। सूर्य और बृहस्पति जब सिंह राशि में हों तब नासिक में कुंभ लगता है। जब देवगुरु बृहस्पति सिंह राशि में हों और सूर्य मेष राशि में हों, तो कुंभ उज्जैन में होता है।

### पाप कैसे नष्ट होते है?

कुंभ स्नान का महत्व हिंदू धर्मग्रंथों में विस्तार से वर्णित है। मान्यता है कि कुंभ में स्नान करने से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस बारे में भी सनातन का सदैव विरोध करने वाले कालनेमियों द्वारा कुतर्क दिए जाते हैं कि कुंभ मेले में कुछ नदियों में स्नान भर कर लेने से लोगों के पाप कैसे धुल सकते है? इस शंका का समाधान भी शास्त्रों में वर्णित है - भगवान शंकर से एक बार माता पार्वती ने पूछा कि गंगा नदी में स्नान करने से क्या वास्तव में जीव मात्र के पाप धुल जाते हैं? तो भोलेनाथ ने कहा कि हां यह सत्य है। अपने कथन को प्रमाणित करने के लिए भगवान शंकर कुष्ठ रोगी का बेहद घृणित स्वरूप बनाते हैं और माता पार्वती को अपूर्व सुंदरी बनाकर गंगा तट पर पहुंच जाते हैं। यहां माता पार्वती गंगा तट पर आए अनेक लोगों से अनुनय विनय करती हैं। मेरे पति को गंगा की धारा तक पहुंचा दो, आपकी कृपा होगी। लेकिन भगवान शंकर का घृणित स्वरूप देखकर हर कोई नाक भों सिकोड़ता है तथा आगे बढ़ जाता है। इसी के साथ अधिकांश लोगों की रुचि माता पार्वती के यौवन एवं रूप लावण्य में संलग्न दिखाई देती है। दिन ढलने के समय एक मस्तमौला श्रद्धालु दिखाई देने पर माता पार्वती उससे भी वही प्रार्थना करती हैं। वह व्यक्ति कहता है कि माता तेरा पति बहुत भारी है। मैं अकेला इसे नहीं ले जा पाऊंगा। इसके एक कंधे को तू सहारा दे, एक कंधे को मैं सहारा देता हूं। दोनों इसे गंगा की धारा में ले जाकर नहलाते हैं। गंगा जी में पाप धुलने से शायद इसका कुष्ठ रोग दूर हो जाए! माता पार्वती और वह युवक सहारा देकर शंकर जी को गंगा की धारा में ले गए और उन्हें प्रेम पूर्वक स्नान कराया। युवक का धर्म और दायित्व के प्रति निश्छल प्रेम एवं समर्पण देखकर भगवान शंकर प्रसन्न हो गए। उन्होंने अपना वास्तविक स्वरूप प्रकट करके उक्त युवक को वरदान दिया, तुम्हारे समस्त पाप मिट गए और तुम मोक्ष के अधिकारी हो। आशय यह कि यदि स्नान तन के साथ मन का भी हो तो गंगा, यमुना, सरस्वती या क्षिप्रा, कोई भी नदी हो, पाप तो धुलना ही धुलना है। इसके अलावा, कुंभ मेला आध्यात्मिक ज्ञान, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। यहां कई आध्यात्मिक और धार्मिक सभाएं आयोजित होती हैं, जिनमें साधु-संतों के प्रवचन, योग साधना और विभिन्न अनुष्ठान शामिल होते हैं। पौराणिक कथाओं में कहा जाता है कि प्रजापति ब्रह्मा ने यमुना और गंगा के संगम पर स्थित दशाश्वमेध घाट पर अश्वमेध यज्ञ करके ब्रह्मांड का निर्माण किया था, जिसके कारण प्रयागराज का कुंभ सभी कुंभ त्यौहारों में सबसे महत्वपूर्ण है। कुंभ मेले का सामाजिक महत्व इस तथ्य में निहित है कि यह दुनिया का एकमात्र ऐसा आयोजन है जिसके लिए किसी आमंत्रण की आवश्यकता नहीं होती, फिर भी लाखों तीर्थयात्री इस विशाल आयोजन के लिए आते हैं। कुंभ मेला एक सामाजिक संदेश भी देता है, जो सभी मनुष्यों के कल्याण, अच्छे विचारों को साझा करने और रिश्तों को बनाए रखने और मजबूत करने का है। मंत्रों का जाप, पवित्र व्याख्याएँ, पारंपरिक नृत्य, भक्ति गीत और पौराणिक कहानियाँ लोगों को एक साथ लाती हैं, जिससे कुंभ का सामाजिक महत्व झलकता है। कुंभ मेले में पवित्र नदियों में स्नान करना अत्यधिक शुभ माना जाता है। माना जाता है कि इस दौरान नदियों का जल अमृत के समान पवित्र होता है। इसलिए इस दौरान श्रद्धालु दूर-दूर से स्नान करने आते हैं। प्रयागराज के संगम स्थल, जहां गंगा, यमुना और सरस्वती का मिलन होता है, को विशेष धार्मिक महत्व प्राप्त है। श्रद्धालु यहां स्नान कर अपने पापों से मुक्ति और मोक्ष की प्राप्ति का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। विश्व के सर्वाधिक महान इस मेले में करोड़ों लोग पुण्य स्नान कर चुके हैं, जबकि करोड़ों ही अभी इसमें भाग लेने वाले हैं। सर्वाधिक सुंदर बात यह देखने को मिली कि इस मेले में केवल भारतीय मूल के लोग ही नहीं, वरन्‌ उन देशों के लोग भी पहुंचे जो पश्चिमी सभ्यता से त्रस्त होकर अब शांति की खोज में सनातन धर्म की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। सनातन धर्म का इससे अधिक सर्वोत्तम स्वरूप और क्या हो सकता है कि कुंभ महापर्व में एक शिविर ऐसा भी लगा हुआ है, जहां यूक्रेन और रूस के लोग एक साथ बैठकर हरे रामा हरे कृष्णा का पावन जाप कर रहे हैं। दुनिया भर के महापंडित और वैज्ञानिक भारत की इस पुरातन धरोहर का अध्ययन करने कुंभ मेले में पहुंचे हुए हैं। हर कोई अचंभित है और समझने का प्रयास कर रहा है कि भारतवर्ष की संस्कृति और सनातन में ऐसा क्या आकर्षण है, कि स्थान विशेष पर करोड़ों लोग, बिना किसी निमंत्रण के स्वतःस्फूर्त होकर एक अदृश्य डोरी में बंधे हुए खिंचे चले आते हैं। सत्य है, सनातन धर्म केवल मनुष्य ही नहीं, जीव मात्र के लिए भी कल्याणकारी ईश्वरीय मार्ग है। क्योंकि विश्व भर में मत और संप्रदाय तो अनेक हैं, किंतु धर्म एकमात्र सनातन ही है जो सबके मंगल की कामना करता है।

सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः
सर्वे भद्राणि पश्यंतु मां कश्चिद दुख भाग्भवेत।।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। नौकरी में भी आपकी उत्पादकता बढ़ेगी। आपके बॉस आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। आपका कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होगा और जो लोग प्रॉपर्टी में इनवेस्टमेंट का काम करते हैं, वह आज किसी दूसरे से अपना अनुभव शेयर करेंगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। अन्य कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। जीवनसाथी के साथ संबंधों में यदि कटुता चल रही थी, तब वह भी दूर होगी। आपको स्वास्थ्य में संबंधित समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आपने अपने बिजनेस में जितने धन की उम्मीद की थी, आपको उससे अधिक मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपने अपने बढ़ते खर्चों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप शौक मौज की चीजों पर ज्यादा ना लगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी होगी। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो भी प्रयास करेंगे, तो वह भी बेहतर रहेंगे। आपको किसी वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। यदि कोई जमीन-जायदाद से जुड़ा मुद्दा कोर्ट-कचहरी में चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। नौकरी में यदि आपने बदलाव करने का सोचा था, तो वह आपके लिए अच्छे रहेंगे। आपको भावनाओं में आकर कोई निर्णय नहीं लेना है। आप किसी से कोई अच्छी सीख ले और अपने विचारों को अच्छा रखें। आपको किसी धार्मिक कार्य से जुड़ने का मौका मिलेगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्ण रहने वाला है। आपका मन उत्साहित रहेगा और आपका आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। आपको किसी लक्ष्य को पकड़कर चलने की आवश्यकता है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में कुछ समस्या खड़ी हो सकती है। आप किसी मांगलिक आयोजन में सम्मिलित होंगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए कुछ नए कामों को करने के लिए रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप खुशनुमा पल व्यतीत करेंगे। वैवाहिक जीवन में खुशियां रहेगी। विद्यार्थियों को अपने आलस्य को छोड़कर मन अपनी पढ़ाई में लगाना होगा, तभी वह पूरा हो सकती है। माता-पिता की कोई सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध होगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार पर नियंत्रण रखने के लिए रहेगा। आप दूसरों की बातों में ना आए। जीवनसाथी से कोई लड़ाई-झगड़ा हो सकता है। आपको कोई निर्णय प्रॉपर्टी से संबंधित लेना होगा। जिन लोगों के भाई व बहनों से अनबन चल रही है, तो वह भी दूर होगी। विद्यार्थी किसी स्कॉलरशिप से संबंधित परीक्षा की तैयारी के लिए खूब मेहनत करेंगे। आपको किसी लड़ाई-झगड़े में पड़ने से बचना होगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। बिजनेस को लेकर आपके मन में एक से एक आइडिया आएंगे। आपके मित्र भी कामों में आपकी पूरी मदद करेंगे, लेकिन घर में कुछ बातों को लेकर आपकी टेंशन बढ़ेंगी। पिताजी आपसे किसी बात को लेकर आपसे नाराज रहेंगे, लेकिन आपको किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती हैं, जो आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। प्रॉपर्टी संबंधित कोई डील फाइनल होते-होते रह सकती है। आप मित्रों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आप कहीं घूमने जाने की योजना बनाएंगे। आपको अपनी सेहत के मामले में लापरवाही बिल्कुल नहीं करनी है।

मकर- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी इनकम बढ़ने से खुशी होगी, लेकिन आपके खर्च भी बेतहाशा बढ़ेंगे। आपके कामों में यदि कुछ उतार-चढ़ाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपके मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर दूर करने की आवश्यकता है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। जीवनसाथी से किसी बात को लेकर यदि कोई टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपनी दैनिक आवश्यकताओं की खरीदारी पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। यदि आपका कोई काम अधूरा पड़ा था, तो वह भी पूरा होगा और परिवार में किसी सदस्य को यदि आप काम को लेकर कोई सलाह देंगे, तो वह भी उस पर अमल अवश्य करेंगे। आपके विवाह में आ रही समस्या भी दूर होगी। आप करियर को लेकर कोई डिसीजन थोड़ा सोच समझकर ले, उसमें आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरा अवश्य करें।

# त्वदीय पाद पंकजं नमामि देवि नर्मदे

(सुरेश पचौरी-विनायक फीचर्स)

गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेस्मिन् सन्निधिं कुरु।।

नर्मदा भारत की सात पवित्र नदियों में एक है। पुराणों में नर्मदा को गंगा के समान पवित्र माना गया है। पौराणिक आख्यान बताते हैं कि नर्मदा प्रलय के प्रभाव से मुक्त, अयोनिजा और कुमारी है। पृथ्वी पर नर्मदा ही ऐसी एकमात्र नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है। भारत की अन्य नदियों के विपरीत नर्मदा पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है। इसका एक नाम रेवा भी है। नर्मदा के मानस पुत्र कहे जाने वाले और तीन बार नर्मदा की परिक्रमा करने वाले प्रख्यात चित्रकार, यात्रा वृत्तांतकार और वक्ता श्री अमृतलाल वेगड़ कहते हैं कि गंगा भले ही श्रेष्ठ है, ज्येष्ठ तो नर्मदा ही है। नर्मदा के तट पर मकर संक्रांति के पुण्य पर्व पर जगह-जगह मेले लगते हैं। नर्मदांचल में बसने वाले समाज की संस्कृति का दिग्दर्शन इन मेलों से होता है। इनमें जनजातीय संस्कृति, आंचलिक संस्कृति और नागर संस्कृति का परिचय मिलता है। विविधता का ऐसा सहअस्तित्व, समन्वय, सामंजस्य और समरसता भारतीय समाज और संस्कृति की गौरवशाली विरासत है, परंपरा है। नर्मदा के तट पर, विशेष रूप से जहाँ नर्मदा का प्रवाह अरण्य से गुजरता है, अतीत में वहाँ अनेक ऋषियों और मुनियों ने तपस्या की है। साधना की है। गुरुकुल बनाए हैं। समाज को अच्छा मनुष्य बनाने के संस्कारों की धारा प्रवाहित की है। नर्मदा को दक्षिण गंगा भी कहा गया है। नर्मदा को समाज ने माँ माना है। देवी स्वरूप में स्वीकारा है। उसकी पूजा की है। मनौती माँगी है। तटीय समाज में यह परंपरा है कि विवाह का पहला आमंत्रण नर्मदा जी को समर्पित किया जाता है। अमरकंटक में नर्मदा के उद्गम से लेकर भेड़ाघाट के धुँआधार, बरमान घाट, बांद्राभान और नर्मदापुरम् का सेठानी घाट, नेमावर और हंडिया, ओंकारेश्वर और महेश्वर से लेकर भरुच तक तीर्थ स्थलों की श्रृंखला विद्यमान है। यहाँ धर्म और आध्यात्म की सरिता सतत प्रवाहमान है। एकादशी, पूर्णिमा और अमावस्या को दूर-दूर से श्रद्धालु जन नर्मदा स्नान के लिए आते हैं। ग्रीष्म, पावस, शीत कोई मौसम इस परंपरा में बाधक नहीं हो पाता। आज भी निर्जन तटों पर संन्यासियों और साधकों की कुटियाँ यत्र-तत्र दिख जाती हैं। नर्मदा जयंती पूरी नर्मदा पट्टी में उत्साह, उल्लास और आस्थापूर्वक मनायी जाती है। नर्मदा स्नान के लिए जाते पद यात्रियों और बैलगाड़ियों में सवार आबाल वृद्ध नर-नारियों के कंठों से बहती आस्था की सरिता के सुर लोकमान्यताओं का सजीव चित्रण प्रस्तुत करते हैं। यहाँ गाए जाने वाले लोकगीतों को बम्बुलियां कहा जाता है--

नरबदा मैय्या ऐसे मिली रे,*
जैसे मिल गए मताई और बाप रे*

-यह भावनात्मक नाता है नर्मदा और उसके भक्तों का। आलेख के आरंभ में भारत की जिन सात पवित्रतम सरिताओं का उल्लेख है, वे और कुछ अन्य नदियाँ- ताप्ती, महानदी, कृष्णा, बेतवा, क्षिप्रा आदि को भी पूज्य माना जाता है। भारत में होने वाले चार महाकुंभों में से दो प्रयागराज और हरिद्वार गंगा तट पर होते हैं। नासिक का कुंभ गोदावरी के तट पर और अवंतिका (उज्जयिनी) का सिंहस्थ कुंभ क्षिप्रा के तट पर हर बारहवें वर्ष पर होता है। प्रयागराज का महाकुंभ तो समूचे विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक, आध्यात्मिक समागम है। आस्था और पूजन की चरम मान्यता के बावजूद यह स्पष्ट है कि जो गौरव नर्मदा जी को प्राप्त है वह अन्य पवित्र सरिताओं के हिस्से में नहीं आया है। नर्मदा एकमात्र ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है। वर्तमान युग में वाहनों से परिक्रमा की जाने लगी है। पैदल परिक्रमा में भी नर्मदा में विलीन होने वाली सहायक नदियों को लाँघ लिया जाता है। इससे 7-8 महीने में परिक्रमा पूरी हो जाती है। जबकि नर्मदा परिक्रमा का मूल स्वरूप मार्कण्डेय परंपरा में मिलता है। इस परिक्रमा में तीन वर्ष, तीन माह,तीन दिन लगते हैं। जिन-जिन सहायक नदियों का नर्मदा से संगम होता है, उन्हें लाँघा नहीं जाता बल्कि उनकी भी परिक्रमा करते हुए परकम्मावासी नर्मदा परिक्रमा को पूर्णता प्रदान करते हैं। यह भक्ति और शक्ति का अनूठा उपक्रम है जो आदिकाल से निभाया जा रहा है। नर्मदा परिक्रमा की एक और विशेषता है। परकम्मावासी बीच में जहाँ कहीं भी विश्राम करते हैं वहाँ उनके लिए ठहरने और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था होती है। कोई पीठ पर सामान लादकर नहीं चलता। जहाँ धर्मशाला आदि नहीं होतीं वहाँ गाँव वाले अपने घरों की दहलान में या गाँव के मंदिर में ठहरने और भोजन की व्यवस्था अपना कर्तव्य मानकर करते हैं। ठहरने के ठिकानों पर भजन कीर्तन से भक्ति रस की सरिता बहती है। यह भारतीय संस्कृति में विद्यमान सामुदायिक जीवन प्रणाली अन्यतम उदाहरण है जो अन्य किसी भी संस्कृति में दुर्लभ है।

नर्मदा को मध्यप्रदेश की जीवनदायिनी माना जाता है। नर्मदा के आँचल में आरोग्य और स्वास्थ्य प्रदान करने वाली जड़ी बूटियों का दुर्लभ खजाना है। नर्मदा जल के कारण ही नर्मदा घाटी की भूमि उर्वर है। नर्मदा मानव, पशु-पक्षियों, खेती-किसानी, वन, कल कारखानों की अपरिहार्य आवश्यकता की पूर्ति करती है। खनिज पदार्थों का बाहुल्य भी नर्मदा के वनों और पर्वतों में विद्यमान है। किसी समाज के जीवन यापन और विकास के लिए जल की उपलब्धता बुनियादी शर्त है। यही जीवन का आधार भी है। भारत में आदिकाल से यह लोकमान्यता व्यवहार में है कि जल ही जीवन है। यह हमारे लिए नारा नहीं अपितु जीवन मंत्र है।

ऐसी लोकहितैषी, जीवनदायिनी, समृद्धिप्रदायिनी नर्मदा मैय्या को हम बारम्बार प्रणाम करते है।

## गंभीर समस्या

# शैक्षिक संस्थानों में रैगिंग की बलि चढ़ते निर्दोष छात्र

मनोज कुमार अग्रवाल

केरल के कोच्चि में 15 वर्षीय स्कूली छात्र ने छब्बीस वीं मंजिल से छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली।यह



बेहद दुखद और दिल दहलाने वाला मामला है। इस नाबालिग छात्र की आत्महत्या के पीछे रैगिंग एक मात्र बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है।

आपको बता दें कि अभी दो माह पहले गुजरात के एक मेडिकल कॉलेज में एक छात्र पर सीनियर छात्रों की तरफ से किए गए रैगिंग की हैरान कर देने वाली खबर सामने आई थी जहां पर 18 साल के मेघावी एमबीबीएस छात्र अनिल मेथानिया की मौत हो गई थी अनिल को उसके सीनियर्स ने रैगिंग दौरान करीब तीन घंटे तक खड़े रखा और लगातार डांस करने के लिए मजबूर किया जिसके बाद वह बेहोश हो गया और मौत हो गई। यह घटना शनिवार रात पाटन के धारपुर में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के हास्टल में हुई।आए दिन इंजीनियरिंग मेडिकल व मैनेजमेंट कालिजों से लगातार छात्रों के साथ रैगिंग के नाम पर अभद्रता शारीरिक शोषण व मानसिक प्रताड़ना के मामलों की झड़ी लगी है। सख्त कानून बनाने के बावजूद रैगिंग पर रोक नही लग पाना हमारे सिस्टम के नाकारापन का सबूत है वहीं प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं के जीवन को लील रहा है सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं द्वारा हर साल आत्महत्या की जा रही है। यह घटनाएं पूरे परिवार को दुख और अवसाद मे धकेल देती हैं जिनकी कोई भरपाई नहीं है। कोच्चि में छात्र की आत्महत्या के बाद, उसकी मां ने आरोप लगाया है कि क्रूर रैगिंग ने उसके बेटे को तोड़ दिया और उसे मौत के मुंह में धकेल दिया। इंस्टाग्राम पर की गई एक पोस्ट में राजना ने आरोप लगाया कि उसके बेटे मिहिर अहमद को जमकर पीटा गया, गंदी गालियां दी गईं और उसे टॉयलेट सीट चाटने के लिए मजबूर किया गया।पुलिस ने आत्महत्या का मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन मिहिर की मां ने कहा है कि उन्होंने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के कार्यालय और केरल पुलिस प्रमुख को पत्र लिखकर अपने बेटे की मौत की तत्काल और निष्पक्ष जांच की मांग की है। मिहिर ने 15 जनवरी को कोच्चि के त्रिपुनिथरा में अपने 26वीं मंजिल के फ्लैट से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। मिहिर ने यह कदम स्कूल से लौटने के करीब एक घंटे बाद उठाया। मिहिर की मां ने कहा कि उसे उसके रंग के कारण भी परेशान किया जाता था।

मिहिर की मां ने कहा, ह्यबेटे की मौत के बाद मेरे पति और मैंने यह समझने के लिए जानकारी जुटानी शुरू की कि मिहिर ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। उसके दोस्तों, क्लासमेट से बातचीत और सोशल मीडिया मैसेज की समीक्षा करके हमने उसकी भयावह सच्चाई को उजागर किया। मिहिर को स्कूल और स्कूल बस में छात्रों के एक ग्रुप की ओर से क्रूर रैगिंग, धमकियां और शारीरिक हमले का सामना करना पड़ा था। हमने जो साक्ष्य एकत्र किए हैं, वे एक भयावह तस्वीर पेश करते हैं। मिहिर को पीटा गया, उसके साथ मौखिक रूप से दुर्व्यवहार किकिया गया। मिहिर ने जिस दिन सुसाइड किया उस दिन सुबह भी उसे अपमान सहने के लिए मजबूर किया गया। मिहिर को जबरन शौचालय में ले जाया गया, शौचालय की सीट चाटने के लिए मजबूर किया गया और फ्लश करते समय उसका सिर शौचालय में धकेल दिया गया। क्रूरता के इन कृत्यों ने उसे इस तरह से तोड़ दिया कि हम समझ नहीं सकते।



राजना पीएम ने कहा कि मिहिर के दोस्तों ने न्याय की मांग को बढ़ाने के लिए ह्यजस्टिस फॉर मिहिरह्न नाम से एक इंस्टाग्राम पेज शुरू किया था। हालांकि, अब पेज हटा दिया गया है, और ऐसी खबरें हैं कि स्कूल सच्चाई को दबाने के लिए छात्रों को डरा रहा है। जब मैंने सबूतों के साथ स्कूल अधिकारियों से संपर्क किया और जवाबदेही की मांग की, तो उन्होंने मुझे केवल यह बताया कि सूचना पुलिस को भेज दी गई है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि वे स्कूल की प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए इन घटनाओं को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं, उन्होंने कहा। किशोर की मां ने कहा कि उन्होंने तत्काल कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय और डीजीपी से संपर्क किया है। मुझे डर है कि डिजिटल साक्ष्य एकत्र करने में देरी से अपराधी अपने निशान मिटा सकते हैं। उन्होंने लिखा, उसकी मौत के बाद भी उन्होंने क्रूरता नहीं रोकी। एक चौंकाने वाला चैट स्क्रीनशॉट उनकी क्रूरता की हद को दशार्ता है।उन्होंने संदेश भेजा ह्यवह वास्तव में मर गयाह्न और उसकी मौत का जश्न मनाया। राजना पीएम ने कहा कि उन्होंने इस घटना की शिकायत केरल राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग से भी की है। जानकारी के अनुसार, बाल अधिकार निकाय के अध्यक्ष ने पुष्टि की है कि पैनल ने किशोर की दुखद मौत पर ध्यान दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि स्कूल के उप-प्रधानाचार्य ने मिहिर को परेशान किया। मातृभूमि की रिपोर्ट के अनुसार, केरल के शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने इस भयावह घटना की गहन जांच के आदेश दिए हैं।

सामंथा रूथ प्रभु, कीर्ति सुरेश और पृथ्वीराजसमेतकई फिल्म जगत की कई मशहूर हस्तिओं ने रैगिंग के खिलाफ आवाज उठाई है। मिहिर की मौत पर शोक व्यक्त किया है। सामंथा रूथ प्रभु ने कहा, ह्यइस खबर ने उन्हें पूरी तरह से तोड़ दिया है। यह 2025 है। फिर भी, हमने एक और उज्ज्वल युवा जीवन खो दिया है, जो कुछ व्यक्तियों द्वारा, घृणा और विष से भरे होने के कारण समाप्त हो गया! उन्होंने कहा, ह्यमिहिर की मौत याद दिलाती है कि बदमाशी, उत्पीड़न और रैगिंग केवल ह्यहानिरहित परंपराएंह्न या ह्यसंस्कारह्न नहीं हैं। मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और कभी-कभी शारीरिक हिंसा का रूप भी लेती हैं। हमारे पास स्पष्ट रूप से सख्त रैगिंग विरोधी कानून हैं, फिर भी हमारे छात्र चुपचाप पीड़ित होते रहते हैं, बोलने से डरते हैं। वे परिणामों से डरते हैं, डरते हैं कि कोई उनकी बात नहीं सुनेगा। हम कहां चूक रहे हैं?अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, माता-पिता, घर, शिक्षक, स्कूल, सहानुभूति ही पहला सबक है। अभिनेत्री कीर्ति सुरेश ने किशोर की मौत को दिल दहला देने वाला बताया। कीर्ति सुरेश ने कहा, अगर स्कूल में रैगिंग शुरू हो जाती है और बच्चों के एक समूह ने एक लड़के को इस हद तक प्रताड़ित किया है कि उसने अपनी जान ले ली, तो यह कितनी शर्म की बात है! दुखी माँ और उसके परिवार के बारे में सोचना बंद नहीं कर पा रही हूं।क्या हमारे कालेज शिक्षा के स्थान पर रंग व नस्ल भेद क्षेत्रवाद के आधार पर बच्चों के शोषण का अड्डा बनाए जाएंगे। ऐसी शिक्षा का क्या फायदा है जो छात्रों को इंसान ही नहीं बना पाए रही है और उनके हैवानियत भरे अपराधों पर परदा

## एक नजर

### इंस्टाग्राम रील प्रतियोगिता का आयोजन 7 फरवरी तक



**सुकमा 3 फरवरी।** माँ चिटि्मटि्न अम्मा मंदिर ट्रस्ट रामाराम,सुकमा के द्वारा दिनांक 28 जनवरी से 7 फरवरी के शाम 6 बजे तक इंस्टाग्राम रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रील में रामाराम मंदिर और मेला का इतिहास बताते हुए मेला का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को प्रदर्शित करना होगा विजेता की घोषणा दिनांक 9 फरवरी के रात्रि 9 बजे तक कर दिया जाएगा एवं पुरस्कार सांस्कृतिक मंच रामाराम या सुकमा में रामाराम मंदिर ट्रस्ट द्वारा प्रदाय किया जाएगा।

### नगर पालिका परिषद सुकमा की एक नई शुरुआत

**सुकमा 3 फरवरी।** मनोज देव स्वतंत्र पार्टी से जुड़कर हम आपके पास एक सशक्त और विकासशील भविष्य का प्रस्ताव लेकर आए हैं। आइए, इस चुनाव में एक कदम और आगे बढ़ाएं और सुकमा को एक नई दिशा दें! लोकप्रिय, कर्मठ, मृदुभाषी आदिवासी लोकल प्रत्याशी लच्छू राम पोड़ियामी को अध्यक्ष पद के लिए समर्थन दें। सुकमा नगर पालिका परिषद के विकास के लिए हम हर कदम पर आपके साथ हैं। हमारा उद्देश्य है सुकमा को एक बेहतर, स्वच्छ और समृद्ध शहर बनाना। एयर कंडीशनर - हम सभी को ठंडी हवा और सुकून देने का चुनाव चिन्ह है! यह हमारे विकास और समृद्धि के प्रतीक के रूप में आपके साथ खड़ा है। एयर कंडीशनर पर बटन दबाकर प्रचंड बहुमत से विजय दिलवाएं!

### जगदलपुर निगम महापौर के लिए भाजपा-कांग्रेस में सीधी टक्कर

**जगदलपुर 3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में महापौर पद के चुनाव के लिए कांग्रेस और भाजपा के अलावा 7 उम्मीदवार मलकीत सिंह गैदू - कांग्रेस, संजय पांडेय भाजपा, समीर खान आम आदमी पार्टी, सुनीता सिंह कांग्रेस (डमी नामांकन), पिंकी ठाकुर शिव सेना, रोहित सिंह आर्य निर्दलीय, एवं डी सूर्या राव निर्दलीय चुनावी अखाड़े में भाग्य आजमाने उतरे हैं। कांग्रेस से मलकीत के अलावा सुनीता सिंह ने भी डमी के तौर पर नामांकन भरा है। नामांकन की संवीक्षा हो गई अब सुनीता सिंह नाम वापस ले लेंगी। वहीं निगम क्षेत्र में सबसे ज्यादा वार्ड पार्षद के लिए वार्ड नंबर 34 में 7 और 44 में 8 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इन दोनों वार्ड में चुनाव बेहद दिलचस्प होगा। निर्दलीय प्रत्याशियों को बिठाने की तैयारी चल रही है। जगदलपुर नगर निगम में भाजपा के संजय पांडेय और कांग्रेस के मलकीत सिंह महापौर पद के उम्मीदवार निगम क्षेत्र के मतदाताओं को लुभाने के लिए डोर-टू-डोर जाकर चुनाव प्रचार करते हुए अपने पक्ष में जनता से वोट मांग रहे हैं। वैसे तो महापौर पद के अन्य 6 उम्मीदवार भी मैदान में हैं, लेकिन जगदलपुर में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है। वैसे भी जगदलपुर में भाजपा-कांग्रेस के अलावे अन्य उम्मीदवार उतने प्रभावी नही होते।



भाजपा के महापौर उम्मीदवर संजय पांडेय नगर निगम के पार्षद और निगम नेता प्रतिपक्ष के पद पर रह चुके हैं, वर्तमान में वे भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हैं।वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के महापौर उम्मीदवार मलकीत सिंह गैदू भी कांग्रेस के प्रदेश संगठन प्रभारी महामंत्री हैं, ऐसे में दोनों ही नेताओं के बीच साख की लड़ाई है।

कांग्रेस प्रत्याशी मलकीत सिंह गैदू अलग तरीके से प्रचार कर रहे हैं। गुरुवार की सुबह वे शहर में एक चाय दुकान पर गए, जहां उन्होंने स्वयं चाय बनाई और लोगों को पिलाकर अपने पक्ष में जनता से वोट मांगा। वहीं युवा वोटर्स को साधने के लिए पहले शहर के एक जिम पंहुचकर उनके साथ चर्चा की, फिर उनसे भी वोट मांगा। इसके अलावा शहर के क्रिकेट, बैडमिंटन और फुटबॉल ग्राउंड भी पहुंचे। यहां पहले युवा खिलाड़ियों के साथ खेल खेला, फिर स्वयं के लिए वोट मांगा। उन्होने कहा कि शहर में पार्किंग की समस्या को दूर करते हुए स्वच्छ और सुदर शहर की परिकल्पना साकार करेंगे। मलकीत का दावा है कि जनता का आशीर्वाद उन्हें जरूर मिलेगा।

### कोरबा नगर निगम को विकास करने वाला महापौर चाहिए, कांग्रेस के पास एक भी बड़ी उपलब्धि नहीं : लखनलाल देवांगन

**कोरबा 3 फ़रवरी ।** रविवार को नगर निगम चुनाव को लेकर आयोजित भारतीय जनता पार्टी के विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में उद्योग मंत्री देवांगन ने कांग्रेस पर करारा हमला बोला, उन्होंने कहा कि कोरबा नगर निगम को विकास करने वाला महापौर चाहिए, 10 साल की शहर सरकार होने के बाद भी कांग्रेस के पास एक भी बड़ी उपलब्धि नहीं है। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चैधरी, महापौर प्रत्याशी श्रीमती संजू देवी राजपूत, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा समेत अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं में हुंकार भरी। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने आगे कहा कोरबा की जनता ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण समर्थन देते हुए देश-प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाई है। अब प्रदेश में ट्रिपल इंजन सरकार बनाना है, कोरबा नगर निगम कोरबा में कमल खिलाना है। इसके लिए आप सभी कार्यकर्ता एक-एक घर जाएं, मतदाताओं से सम्पर्क करें और हमारी सरकार की उपलब्धि बताते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान का आग्रह करें। मंत्री देवांगन ने विधानसभा चुनाव की तरह पूर्ण विश्वास और उत्साह के साथ हर बूथ हर गली हर मोहल्ले में महापौर प्रत्याशी और पार्षद के प्रत्याशियों को प्रचंड मतों से जीताने की अपील की। वार्ड क्रमांक 18 के निर्विरोध निर्वाचित पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कहा कोरबा नगर निगम सेवा का मंदिर है, सेवा के मंदिर को कांग्रेस ने अपना कमीशन खोरी का अड्डा बना लिया था।

# आईईडी प्लांट करने वाले नक्सली को गिरफ्तार करने में पुलिस को मिली सफलता

- गिरफ्तार नक्सली से विस्फोटक पदार्थ किया गया बरामद
- गिरफ्तार नक्सली के विरुद्ध 2 मामलें में न्यायालय के द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट भी जारी है
- नक्सली को गिरफ्तार करने में थाना पोलमपल्ली पुलिस बल की रही है महत्वपूर्ण भूमिका



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 3 फरवरी।** जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में थाना पोलमपल्ली अन्तर्गत दिनांक 30 जनवरी को दोरनापाल-जगरगुण्डा मार्ग में गोरगुण्डा-पोलमपल्ली के मध्य डब्ल्यू ब्रीज के पास सुरक्षाबलों को क्षति पहुंचाने की नियत से नक्सलियों द्वारा 01 नग 05 किलोग्राम का वजनी आईईडी प्लांट किया गया था जिसे सुरक्षा बलों के सूझ-बूझ से बरामद कर सुरक्षा की दृष्टि से किया गया था उक्त घटना के संबंध में थाना पोलमपल्ली में अपराध क्रमांक 02/2025 धारा 61 बीएनएस 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, प्रकरण के विवेचना क्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में घटना में सलिप्त आरोपियों की सघन पतासाजी अभियान चलाया गया पतासाजी अभियान के दौरान थाना पोलमपल्ली से निरीक्षक बीरेन्द्र सिंह के हमराह 14 का संयुक्त पार्टी मोटर सायकल से नक्सली आरोपियो पता तलाष हेतु अरलमपल्ली व आसपास रवाना हुए कि अभियान के दौरान आरलमपल्ली जाने वाले रोड जंगल नाला के पास 01 संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर जंगल की ओर भाग रहे थे जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम मड़कम सुक्का पिता पोज्जा (आरलमपल्ली आरपीसी मिलिशिया सदस्य) उम्र 30 वर्ष निवासी अरलमपल्ली कुम्मोपारा थाना पोलमपल्ली जिला सुकमा (छ0ग0) बताया और डब्ल्यू ब्रीज पुल में आईईडी लगाकर सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की मंशा से प्लांट करना बताये आरोपी के कब्जे से आईईडी में प्रयुक्त होने वाले विस्फोटक सामाग्रियों को छूपाकर रखे क्रमशः 02 नग इलेक्ट्रीक डेटोनेटर, 02 नग जिलेटिन राड, 05 मीटर लगभग कोर्डेक्स वायर, 05 मीटर लगभग बिजली वायर को बरामद किया। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्ति का कृत विधि की विरुद्ध पाये जाने से थाना पोलमपल्ली में अपराध क्र0 02/2025 धारा 61 बीएनएस 4, 5, वि.प.अधि के तहत् प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। तथा गिरफ्तार आरोपी दिनांक 01.02.2025 को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

उक्त आरोपी के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा थाना पोलमपल्ली के अप.क्र. 01/2019 धारा 147, 148, 149,307, भा.द.वि. 25,27 आर्म्स एक्ट, एवं 01/2020 धारा 147, 148, 149, 307, भा.द.वि. 25,27 आर्म्स एक्ट 3,5 वि.प.अधि. के प्रकरण में 02 किता स्थाई वारंट जारी किया गया।

# ईवीएम प्रदर्शनी से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

- वार्डों में जाकर मतदाताओं को दी गई जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 3 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार सुकमा जिले के सभी नगरीय निकायों में ईवीएम प्रदर्शनी के माध्यम से मतदान प्रक्रिया के बारे में मतदाताओं को विस्तार से जानकारी दी जा रही है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 फरवरी को नगर पालिका परिषद सुकमा के बस स्टैंड परिसर में और नगर पंचायत दोरनापाल के वार्ड क्रमांक 01 से 03 में ईव्हीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसी प्रकार 2 फरवरी को नगर पालिका परिषद सुकमा में दंतेवाड़ा चौक में और नगर पंचायत दोरनापाल में वार्ड क्रमांक 4,5 और 6 में आम नागरिकों के लिए ईवीएम प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी के दौरान सभी मतदाताओं को बताया जा रहा है कि इस बार पहले महापौर पद के लिए सफेद लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के बटन को दबाकर मतदान करेंगे, पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आएगी। जिसके पश्चात फिर पार्षद पद के लिए गुलाबी लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के बटन को दबाकर मतदान करें, वोटिंग प्रक्रिया की पुष्टि के लिए बीप की लंबी आवाज आएगी, जिससे आपको पता चलेगा कि मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हुआ। इसके साथ मतदाताओं को ईव्हीएम से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारी देकर मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईव्हीएम प्रदर्शनी के जरिए मतदाता वोट डालने की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देख रहे हैं और इसके बारे में प्रशिक्षित अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। मतदाताओं को अधिक से अधिक जागरूक बनाने और निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति सजग रहने के उद्देश्य से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अलग-अलग वार्डों में ईव्हीएम प्रदर्शनी लगाया जा रहा है जिससे मतदाताओं में मतदान के प्रति रुचि भी बढ़ रही है और लोग उत्सुकता से ईव्हीएम प्रदर्शनी में भाग ले रहे हैं। यह जागरूकता कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगी।



## समाचार संक्षेप

### दुर्कागुड़ावासियों ने किया भाजपा का समर्थन



**सुकमा 3 फरवरी।** सुकमा जिला अध्यक्ष धानीराम बारसे अध्यक्ष प्रत्याशी हूँगाराम, मंडल अध्यक्ष रमाकांत नायक व और भाजपा कार्यकर्ता पहुँचे दुर्कागुड़ा वार्ड नं 1 मे दुर्कागुड़ावाशीओ ने किया समर्थन भाजपा को सुकमा नगर पालिका वार्ड नं 1 दुर्कागुड़ा के जनता ने किया समर्थन बीजेपी को किये, भटके हुए दुर्कागुड़ावाशीओ ने एक बार फिर से भाजपा मे शामिल हुए सुकमा नगर पालिका के वार्ड नं 1 दुर्कागुड़ा मे एक बार फिर से भाजपा को समर्थन मिला।

### गबन मामले में बैंक मैनेजर और अस्पताल की अकाउंटेंट गिरफ्तार



**दंतेवाड़ा 3 फरवरी।** जिला अस्पताल दंतेवाड़ा के डीएमएफ (जिला खनिज न्यास निधि) और सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) मद में 66.75 लाख रुपये के गबन के मामले में पुलिस ने भारतीय स्टेट बैंक दंतेवाड़ा के सीनियर मैनेजर निशांत ठाकुर और सिविल सर्जन कार्यालय की एकाउंटेंट असिस्टेंट सुतापा कुंडू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इससे पहले इस मामले में चार आरोपियों की गिरफ्तारी पहल ही हो चुकी है। सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक दंतेवाड़ा की लिखित शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। शिकायत में बताया गया कि डीएमएफ/सीएसआर मद से 66,75,850 रुपये का भुगतान अनियमित तरीके से किया गया। इस पर थाना दंतेवाड़ा में अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान इस मामले में पहले ही मुख्य आरोपी अभिजीत सिंह चौहान के साथ अर्पणा चौहान, सौरभ सुद और मोहमद तौसिफ रजा के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी थी। लेकिन अब जांच में भारतीय स्टेट बैंक दंतेवाड़ा के सीनियर मैनेजर निशांत ठाकुर और सिविल सर्जन कार्यालय की एकाउंटेंट असिस्टेंट सुतापा कुंडू की संलिप्तता भी सामने आने के बाद उन्हें भी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हर लेन-देन की बारीकी से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में और भी दोषियों की संलिप्तता सामने आती है, तो उन पर भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बस्तर संभाग में 1 फरवरी 25 तक 32 दिनों में 36 हार्डकोर नक्सली मारे गए:सुन्दरराज पी.

**जगदलपुर 3 फरवरी।** पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. ने बताया गया कि वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में प्राप्त बढ़त को आगे बरकरार रखते हुये वर्ष 2025 में भी बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप बस्तर संभाग के नक्स्ल प्रभावित इलाकों में शनिवार 1 फरवरी को मारे गये 8 नक्सलियों सहित विगत 32 दिनों में कुल 36 हार्डकोर नक्सलियों के शव बरामद किये गये। उन्होने बताया कि नक्सलियों के तमाम साजिश एवं कायराना हरकतों के बावजूद भी सुरक्षा बलों के द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है द्य विगत 4-5 दशकों से बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा एवं विश्वास के दुश्मन बने नक्सली संगठन अपनी अंतिम सांस ले रहा है। क्षेत्र की जनता के जानमाल की रक्षा करने के दायित्वों का पुलिस व सुरक्षाबलों द्वारा अपनी जान की परवाह नही करते हुये पूर्ण समर्पित भाव से कार्य निर्वहन किया जा रहा है। उल्लेखनिय है कि 2025 में नक्सली विरोधी अभियान तेज किया गया है। शनिवार 1 फरवरी को हुई मुठभेड़ के साथ ही इस वर्ष 2025 में अब तक छत्तीसगढ़ राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में एक फरवरी तक मारे गए नक्सलियों की संख्या 55 पहुंच चुकी है। वहीं वर्ष 2024 में कुल 239 नक्सली मारे गए थे। एक फरवरी 2025 तक छत्तीसगढ़ राज्य में हुए कुल 6 मुठभेडों एवं उसमें मारे गए नक्सलियों में, 1 फरवरी को गंगालूर थान क्षेत्र के कोरचोली-तोड़का के जंगल में 8 नक्सली ढेर हुए। 21 जनवरी को गरियाबंद मुठभेड़ में 16 नक्सली मारे गए । 16 जनवरी को बीजापुर मुठभेड़ में 18 नक्सली मारे गए। 4 जनवरी को अबूझमाड़ मुठभेड़ में 5 नक्सली मारे गए। 3 जनवरी को गरियाबंद के कांडेसर में 3 नक्सली ढेर हुए। 2 जनवरी को बीजापुर मुठभेड़ में 5 नक्सली मारे गए। उक्त 6 मुठभेड़ों के दौरान 4 जनवरी को अबूझमाड़ के जंगल में मुठभेड़ में एक डीआरजी जवान बलीदान हो गये। वहीं 6 जनवरी को नक्सलियों द्वारा किये गये आईईडी विस्फोट में जवानों की वाहन चपेट में आने से 8 जवान बलीदान हो गये।



### बसंत पंचमी से फागुन मंडई की तैयारियां शुरू

# बसंत पंचमी पर दंतेश्वरी मंदिर के प्रवेश द्वार पर स्थापित किया गया त्रिशूल खंभ

- आज शाम निकाली जाएगी माईजी की छत्र.
- आम बौर का मुकुट बनाकर माईजी को पहनाया जाएगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 3 फरवरी।** बसंत पंचमी के अवसर पर आज सुबह 10 बजे माई दंतेश्वरी देवी के मंदिर में परपरानुसार मंदिर के प्रवेश द्वार के समुख पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना पश्चात त्रिशुल खम्भ गाड़ा गया। डेरी गड़ाई रस्म के साथ ही 11 दिनों तक चलने वाला दक्षिण बस्तर का प्रसिद्ध फागुन मंडई का आगाज भी आज से हो गया है। बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार को परंपरानुसार माईजी मंदिर के प्रवेश द्वार के सामने सुबह गरूढ़ स्तंभ के समुख पूर्ण विधि विधान से त्रिशुल खम्भ को स्थापित किया गया। इस रस्म को डेरी गड़ाई रस्म कहा जाता है। डेरी गड़ाई विधान में 700 साल पुराने अष्ट धातुओं से निर्मित ऐतिहासिक त्रिशूल खम्भ को मंदिर के सामने स्थापित किया गया। बस्तर की विश्व प्रसिद्ध फागुन मंडई की शुरूआत बसंत पंचमी से शुरू हो जाता है। मंदिर के प्रवेश द्वार के समुख त्रिशुल खम्भ गाडने वाले स्थान को खोदकर गढढा बनाया गया उस कुंड में पुष्प व जल चढ़ाकर पूजा अर्चना की गई तपश्चात पूरे विधि विधान से त्रिशुल खम्भ को उक्त स्थल पर स्थापित किया गया। मंदिर के प्रधान पुजारी ने परंपरानुसार त्रिशुल खम्भ पर आम का बौर भी चढ़ाया। यह रस्म रियासतकाल से चलता आ रहा है। त्रिशुल खब गड़ाई रस्म बारह लंकवार (गायता, सेठिया, पेरमा, समरथ, कतियार, चालकी, भोगिहार, पडिहार, माधूरी, तुडपा, बोडका, लाठुरा) की उपस्थिति में संपन्न किया गया। त्रिशुल खम्भ गाडने उपरांत आज शाम 5 बजे मंदिर से माईजी के छत्र निकाली जाएगी। छत्र को नगर के मुख्य चौराहे पर रखा जाएगा जहां माईजी की छत्र को आम का बौर का मुकुट बनाकर पहनाया जाएगा। इस रस्म को आमा माउड रस्म के नाम से भी जाना जाता है। इस दौरान समस्त व्यापारी व नागरिकगों द्वारा छत्र पर बौर चढ़ाकर पूजा अर्चना करते हैं। इस अवसर पर पुलिस जवानों द्वारा माता की छत्र को हर्ष फायर कर सलामी दी जाती है। आमा माउड छत्र पूजा के संबंध में मंदिर के प्रधान पुजारी हरिहर नाथ जिया ने बताया कि बसंत पंचमी से 40 दिनों तक चलने वाला विश्व प्रसिद्ध फागुन मंडई की शुरूआत हो जाती है। पंचमी के आते ही आम के फूलों में बौर लगना भी शुरू हो जाता है। आम के बौर से सबसे पहले माईजी की मुकुट बनाकर उनका श्रृंगार किया जाता है। इस रस्म को स्थानीय भाषा में आमा माउड भी कहा जाता है। आमा माउड व डेरी गड़ाई के साथ ही माघ शुक्ल पक्ष से फागुन पूर्णिमा तक चलने वाली दक्षिण बस्तर की विश्व प्रसिद्ध फागुन मंडई का आगाज हो चुका है। डेरी गड़ाई रस्म के दौरान मंदिर के पुजारी हरेंद्र नाथ जिया, त्रिनाथ पटेल, सुखराम दादा, सुरेंद्र समरथ, मांझी प्रेमलाल, धरम सेठिया, बंशी, मुकुन्द ठाकुर, धनसिंग ठाकुर, शिवचंद समेत मंदिर के अन्य सदस्य मौजूद थे।





### मनोज देव स्वतंत्र पार्टी के समर्थित सभी प्रत्याशियों को मिल रहा जनता का आशीर्वाद

**सुकमा 3 फरवरी।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र से मनोज देव स्वतंत्र पार्टी के समर्थित सभी प्रत्याशियो को जनसंपर्क के दौरान जो स्नेह और आशीर्वाद मिल रहा है वह दर्शाता है कि माँ सबरी की पावन भूमि की जनता इस बार परिवर्तन चाहती है मनोज देव स्वतंत्र पार्टी के प्रमुख सुकमा जमींदार मनोज देव ने कहाँ है की आपके सहयोग और आशीर्वाद से हम मिलकर सुकमा नगर को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे और सुकमा नगर का सवर्णिम विकास करेंगे मनोज देव ने कहाँ है की आगामी 11 फरवरी को अपना समर्थन रूपी आशीर्वाद देकर सुकमा नगर को बेहतर और विकसित बनाने के लिए मनोज देव स्वतंत्र पार्टी के समर्थित सभी प्रत्याशियों को प्यार और वोट देकर सुकमा नगर की सुख शाति और विकास को चुने।



### सुकमा वार्ड क्रमांक-12 शबरी नगर में भाजपा की राजनीति की खुल गई पोल

**सुकमा 3 फरवरी।** शबरी नगर वार्ड क्रमांक 12 में भाजपा की चुनावी रणनीति पर सवाल उठने लगे हैं। भाजपा को चुनाव प्रचार के लिए कार्यकर्ता नहीं मिल रहे हैं, जिसके कारण पार्टी को स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों से झंडा बंधवाने का तरीका अपनाना पड़ा है। यह भाजपा के अंदर के असंतोष और कार्यकर्ताओं की कमी को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

### नगर सरकार से कांग्रेस पार्टी की वापसी के लिए वार्डों में बहा रहे पसीना

# मलकीत ने शुरू किया धुंआधार जनसंपर्क

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 3 फरवरी।** नगर पालिका निगम के लिए मेयर पद के कांग्रेस प्रत्याशी मलकीत सिंह गैदू 1 तारीख से धुआंधार प्रचार में उतर गए हैं 1 तारीख की भोर से ही मलकीत सिंह गैदू ने जो पसीना बहाना शुरू किया है वो निरंतर जारी है,सुबह मार्निंग वॉक पर निकलने वाले मतदाताओं से तो गैदू रूबरू हो ही रहे हैं चाय प्रेमियों को खुद चाय भी बनाकर परोस रहे हैं गैदू, कहीं जिम में जाकर कसरत करने वाले युवाओं को लुभा रहे हैं मलकीत सिंह गैदू तो कहीं सुबह-सुबह मंदिर मस्जिद चर्च और गुरुद्वारे पर माथा टेकने वालों को अपना बना रहे हैं गैदू, मलकीत सिंह गैदू सर्वधर्म समभाव के नारे को लेकर नगर के प्रत्येक नागरिकों से मिल रहे हैं और अपने पक्ष में वोट अपील कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर शहर जिला अध्यक्ष कमेटी के जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में सघन जनसंपर्क वार्डों में कर रहे हैं मलकीत सिंह गैदू,प्रति दिन 8 से 10 वार्डों में जनसंपर्क के दौरान भारी भीड़ भी उमड़ रही है गैदू की रैलियों में जहां गैदू खुद के पक्ष में और स्थानीय कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी के पक्ष में भी वोट अपील कर रहे हैं।



मलकीत सिंह गैदू वार्डों में जनसंपर्क की शुरुआत महाराज प्रवीरचंद्र भंजदेव वार्ड स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर शुरूआत करते हुए विजय वार्ड,शिव मंदिर वार्ड,भैरमदेव वार्ड,वीर सावरकर वार्ड,सरदार भगतसिंह वार्ड,सिविल लाइन वार्ड,लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में पहले दिन का सघन जनसंपर्क समाप्त किया वहीं 2 फरवरी को गुरुद्वारे जाकर मत्था टेकते हुए लंगर ग्रहण किया जिसके बाद वे चर्च जाकर मसीह समाज के लोगों से मिले और समर्थन मांगा साथ ही साथ राम मंदिर पहुंच गैदू ने भगवान श्री राम जी के दर्शन किए और जगदलपुर की जनता की सुख-समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की जिसके उपरांत मलकीत सिंह गैदू अपने लाव-लश्कर के साथ एक बार फिर वार्डों की रुख किया और शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड से जनसंपर्क की शुरुआत करते हुए राजीव गांधी वार्ड,संजय गांधी वार्ड,शहीद वीर गुण्डाधुर वार्ड,संजय मार्केट, इतवारी बाज़ार, पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड, वल्लभ भाई पटेल वार्ड, गांधी नगर वार्ड होते हुए गंगा नगर वार्ड में दूसरे दिन के जनसंपर्क का समापन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**एक नजर**

### महिला गार्ड से छेड़छाड़,तीन गिरफ्तार



**भिलाई, 3 फरवरी।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र स्थित ग्रीन वैली कॉलोनी में शनिवार रात को महिला गार्ड से छेड़छाड़ की घटना सामने आई थी. इसकी शिकायत मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीन बदमाशों को पकड़ा है. इसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों का जुलूस निकाला है महिला से छेड़छाड़ के आरोपी गिरफ्तार ग्रीन वैली कॉलोनी में शराब के नशे में चार बाहरी लड़कों ने जमकर उत्पात मचाया. बदमाशों ने महिला गार्ड के साथ छेड़छाड़ की, उससे धक्का-मुक्की की. इसकी शिकायत मिलने पर स्मृति नगर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और चारों आपराधियों को गिरफ्तार किया है स्मृति नगर चौकीप्रभारी गुरविंदर सिंह संधूने बताया इस केस में सौम्यदीप सिंह निवासी जुनवानी, अनंत शर्मा निवासी नयापारा दुर्ग, तेजपाल सिंह निवासी जुनवानी और लखबीर सिंह निवासी चौहान ग्रीन वैली को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत आगे कार्रवाई करते हुए जेल भेजा है बदमाशों का पुलिस ने निकाला जुलूस पुलिस ने जेल भेजने से पहले चौहान ग्रीन वैली से चारों बदमाशों का जुलूस निकाला, ताकि लोगों के मन से ऐसे लड़कों के प्रति डर न रहे इस दौरान लोगों ने पुलिस से मांग की है कि इन बदमाशों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### बैठक में पहुंचे पत्रकारों से बाहर जाने को कहा था

# राजिम कुंभ बैठक में पत्रकारों से बदसलूकी मामले में विवेक आचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम,3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित राजिम कुंभ कल्प मेला को लेकर आयोजित बैठक में उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने पत्रकारों से दुर्व्यवहार किया। बैठक में कवरेज के लिए पहुंचे पत्रकारों को पहले बैठक से बाहर जाने के लिए कहा गया, और जब वे कमिश्नर के बुलावे पर लौटे, तो दोबारा उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया।

पत्रकारों को बैठक से बाहर निकाला-1 फरवरी को राजिम रेस्ट हाउस में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में जब पत्रकार पहुंचे, तो विवेक आचार्य ने उनसे दुर्व्यवहार करते हुए बाहर जाने को कह दिया। बैठक के दौरान जब पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता और रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल का नाम लिया, तो अधिकारी भड़क उठे और कहने लगे, ÷कौन बृजमोहन? हम नहीं जानते।÷ इसके बाद भी उन्होंने बार-बार पत्रकारों का अपमान किया, जिससे नाराज होकर सभी मीडियाकर्मी बैठक से बाहर चले गए।

पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग-पत्रकारों ने इस घटना को लेकर एसडीएम राजिम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और विवेक आचार्य को मेला कार्य से हटाने की मांग की। पत्रकारों ने कहा कि राजिम कुंभ को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में मीडिया की अहम भूमिका रही है, और अगर अधिकारियों का ऐसा रवैया रहा तो आयोजन की प्रतिष्ठा पर भी असर पड़ेगा।विरोध में पत्रकारों की एकजुटता-इस अपमानजनक व्यवहार के खिलाफ गरियाबंद जिले के सभी पत्रकारों ने एकजुट होकर विरोध जताया और इसे प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला करार दिया। मीडियाकर्मियों ने साफ कहा कि जब तक विवेक आचार्य के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं होती, तब तक वे इस मामले को लेकर उच्च स्तरीय अधिकारियों से भी शिकायत करेंगे।

## वाहिनी की टीम ने उसूर-आवापल्ली सड़क मार्ग पर 25 किलो का आईईडी बरामद किया



**बीजापुर,3 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उसूर-आवापल्ली मार्ग में बीडीएस टीम के द्वारा उसूर से 3 किमी की दूरी पर धान मंडी के पास मार्ग में माओवादियों के द्वारा लगाए लगभग 25 किग्रा का आईईडी डिटेक्ट किया गया। माओवादियों के द्वारा उसूर-आवापल्ली मुख्यमार्ग पर आईईडी प्लांट किया गया था। डिमाईनिंग के दौरान सतर्कता पूर्वक जांच कर सड़क के बीचो बीच प्लास्टिक कन्टेनर में लगाये गये आईईडी को बरामद किया गया। 196 केरिपु के बीडी टीम के द्वारा सुरक्षित रूप से आईईडी को निष्क्रिय कर जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया।केरिपु 196 की बीडी टीम के द्वारा बरामद आईईडी को सुरक्षित स्थान पर नष्ट किया गया। माओवादियों द्वारा बड़ी वाहनों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से कमांड स्वीच सिस्टम से आईईडी मुख्यमार्ग पर प्लास्टिक कन्टेनर में प्लांट किया गया था। माओवादियो के द्वारा लगाये गये आईईडी से आम जनता को नुकसान हो सकता था। सुरक्षा बलो को क्षति पहुचाने की नीयत से आम जनता के जान की परवाह किये बगैर इस प्रकार मुख्यमार्ग पर आईईडी प्लांट करना माओवादियों की बौखलाहट एवं तिलमिलाहट को दर्शाता है। सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से यह स्पष्ट है कि उनके नापाक मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे।

## बर्ड फ्लू नियंत्रण प्रोटोकॉल के तहत इंफेक्टेड जोन' और सर्विलांस जोन' की सीमाएं निर्धारित

**रायगढ़, 3 फरवरी।** संचालनालय पशु चिकित्सा सेवायें छत्तीसगढ़ नवा रायपुर के पत्र तथा भारत शासन के एवीयन इन्फ्लूएन्जा एक्शन प्लान रिवाईज्ड 2021 के परिपालन में रायगढ़ जिले के शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र चक्रधर नगर रायगढ़ में एवीयन इन्फ्लूएन्जा (एच 5 एन 1)बर्ड फ्लू संक्रमण के संबंध में जांच के पश्चात धनात्मक रिपोर्ट प्राप्त होने के कारण शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र चक्रधर नगर रायगढ़ के 01 किलोमीटर की परिधि को इन्फेक्टेड जोन एवं 01 से 10 किलोमीटर को सर्विलेंस जोन 03 माह की अवधि या आगामी आदेश पर्यन्त तक घोषित किया गया है।

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्री रवि राही ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया हैं। जिसके तहत इंफेक्टेड जोन' और सर्विलांस जोन' की सीमाएं तय कर दी गई है। जिसमें 1 किलोमीटर की परिधि में इन्फेक्टेड जोन की सीमा पूर्व दिशा में शासकीय पोल्ट्री फार्म दक्षिण चक्रधर नगर बेलादुला रायगढ़ से लोचन नगर बेलादुला तक, पश्चिम दिशा में शासकीय पोल्ट्री फार्म दक्षिण चक्रधर नगर बेलादुला रायगढ़ से मैरीन ड्राईव तक, उत्तर दिशा में शासकीय पोल्ट्री फार्म दक्षिण चक्रधर नगर बेलादुला रायगढ़ से चक्रधरनगर चौक तक और दक्षिण दिशा में शासकीय पोल्ट्री फार्म दक्षिण चक्रधर नगर बेलादुला रायगढ़ से टी.व्ही टावर रायगढ़ तक होगी। इस इन्फेक्टेड जोन से पोल्ट्री प्रोडक्ट की आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी

01 से 10 किलोमीटर की परिधि में सर्विलेंस जोन की सीमा इस प्रकार होगी। जिसके तहत पूर्व दिशा में शासकीय पोल्ट्री फार्म दक्षिण चक्रधर नगर बेलादुला रायगढ़ से ग्राम लोंईग तक, पश्चिम दिशा में शासकीय पोल्ट्री फार्म दक्षिण चक्रधर नगर बेलादुला रायगढ़ से ग्राम कोतरा तक, उत्तर दिशा में शासकीय पोल्ट्री फार्म दक्षिण चक्रधर नगर बेलादुला रायगढ़ से रेगड़ा तक तथा दक्षिण दिशा में शासकीय पोल्ट्री फार्म दक्षिण चक्रधर नगर बेलादुला रायगढ़ से औरदा तहसील पुसौर तक यह सीमा होगी। सर्विलेंस जोन' में पोल्ट्री एवं सह उत्पादों मुर्गा, अण्डे आदि के मार्केट एवं दुकाने पूर्णतः बंद रखा जाएगा एवं इनके द्वारा की जाने वाली डोर-टू-डोर डिलीवरी भी बंद रहेगी।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। जिले में किसी भी नागरिक द्वारा किसी प्रकार की अफवाह किसी भी माध्यम से नहीं फैलाई जाएगी। आदेशों का उल्लंघन करने पर विधिक प्रावधानों के तहत नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। किसी भी व्यक्ति द्वारा उपर्युक्त प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने पर उनके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता, पशुओं में संक्रामक और सांसर्गिक रोगों का निवारण और नियंत्रण अधिनियम, 2009 एवं अन्य सुसंगत विधिक प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। आपात कालीन स्थिति हेतु जिला कंट्रोल रूम रायगढ़ में स्थापित टेलीफोन नं. 07762-223750 से सम्पर्क किया जा सकता है।

## सभी वार्डों में ईवीएम का प्रदर्शन कर मतदान के लिए जनसामान्य को किया जा रहा जागरूक



**रायगढ़, 3 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 के तहत रायगढ़ नगर निगम सहित समस्त नगरीय निकायों में ईवीएम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जो आगामी 9 फरवरी 2025 तक चलेगा। जिसमें प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक नागरिकों को ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की जानकारी दी जा रही है। ईवीएम जागरूकता अभियान के तहत रायगढ़ नगर निगम, नगर पालिका परिषद सहित सभी नगर पंचायतों के विभिन्न वार्डों में प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा ईवीएम डेमो का प्रदर्शन किया जा रहा है, ताकि जनसामान्य मतदान प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत हो सके। ईवीएम डेमो प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाना है। जिससे मतदाता निर्भीक और सटीक मतदान कर सकें।

**नगरीय निकाय में ईवीएम से होगा मतदान**

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत 11 फरवरी 2025 को मतदान होगा। मतदान का समय सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिसके तहत समस्त नगरीय निकायों में ईवीएम से मतदान होगा। जिसमें पहले महापौर या अध्यक्ष पद के लिए सफेल लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान करना होगा, इसकी पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आएगी। इसी तरह पार्षद पद के लिए गुलाबी लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान करना होगा। जिसकी पुष्टि के लिए बीप की लंबी आवाज आएगी, जिसका तात्पर्य होगा मतदान संपन्न हुआ।

## माओवादियों के सामने सरेंडर करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा: आईजी



**बीजापुर,3 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नक्सल विरोधी सर्च अभियान के तहत् जिला बीजापुर के थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत तोड़का, कोरचोली के जंगलों में गंगालूर एरिया कमेटी के माओवादी छ्ङ्कष्टरू दिनेश मोड़ियम एवं अन्य सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी बीजापुर, एसटीएफ ,कोबरा 202 एंव केरिपु 222 बटालियन की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी ।अभियान के दौरान दिनांक 01/02/2025 के प्रातः लगभग 08ञ्30 बजे थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत तोड़का के जंगल में माओवादियों एवं सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो रूक-रूक कर चलती रही । मुठभेड़ समाप्ति उपरांत सभी टीमों द्वारा सर्च करने पर 08 हार्डकोर माओवादियों का शव हथियार एवं अन्य सामग्री सहित बरामद हुआ । मुठभेड़ में मारे गये माओवादी पश्चिम बस्तर डिवीजन के गंगालूर एरिया कमेटी,के सदस्य है । 1.कमलेश नीलकंठ उम्र 24 वर्ष, पश्चिम बस्तर डिवीजन, गंगालूर,एरिया कमेटी,ष्टरूईनाम 05.00 लाख रूपये 2.ताती कमलू पिता सोमा उम्र 30 वर्ष, पश्चिम बस्तर डिवीजन, गंगालूर स्॥स सदस्य, ईनाम 03.00 लाख रूपये 3.मंगल ताती पिता सुक्कु ताती उम्र 35 वर्ष पश्चिम बस्तर डिवीजन, गंगालूर स्॥स सदस्य, ईनाम - 03.00 लाख रूपये 4.लच्छु पोटाम पिता बुड़ता उम्र 40 वर्ष ,मिलिशिया कमाण्डर, पश्चिम बस्तर डिवीजन, मिलिशिया कंपनी, ईनाम- पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा मुठभेड़ के सबंध में जानकारी देते हुए अवगत कराया गया है कि जिला बीजापुर के थाना गंगालूर क्षेत्र के तोड़का-कोरचोली के जंगल में पश्चिम बस्तर डिवीजन के DVCM दिनेश मोड़ियम, PLG कंपनी नम्बर 02, PLGA Platoon & Militia Company के सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी बीजापुर,एसटीएफ, कोबरा 202 एवं केरिपु 222 की संयुक्त टीम माओवादियों के विरूद्ध अभियान पर निकली थी । अभियान के दौरान सुरक्षा बलो की कार्यवाही में पश्चिम बस्तर डिवीजन के गंगालूर एरिया कमेटी,ष्टरूऔर मिलिशिया कंपनी के 08 हार्ड कोर माओवादियों को सुरक्षा बलो ने मार गिरया गया । मौके से भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक एवं माओवादी सामग्री बरामद किया गया है । वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में प्राप्त बढ़त को आगे बरकरार रखते हुये वर्ष 2025 में भी जिला बीजापुर अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप विगत 32 दिनों में कुल 25 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये, माओवादियों के तमाम साजिश एवं कायराना हरकतों के बावजूद भी सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है । पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि द्वारा बताया गया कि प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादियों संगठन के पास अब हिंसा छोड़कर आत्मसमर्पण करने के अलावा और कोई विकल्प नही बचा है इसलिए माओवादी संगठन से अपील है कि वे तत्काल हिंसात्मक गतिविधियों को छोड़कर समाज की मुख्य धारा में जुड़े अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहे ।

## सभी सीईओ, सीएमओ तथा सेक्टर ऑफिसर की संयुक्त बैठक में समन्वय पर जोर

**दंतेवाड़ा, 3 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में समस्त सेक्टर अधिकारियों की बैठक आहूत की गयी थी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पादित करने के लिए समन्वय सुनिश्चित करें। इस दिशा में सभी जनपद सीईओ, नगर पालिका एवं नगर पंचायत सीएमओ तथा सेक्टर ऑफिसर, को टीम भावना के साथ समन्वय स्थापित कर दायित्व निर्वहन करें। इसके साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता हेतु नगरीय निकायों के हर वार्डों में ''डेमो'' ईव्हीएम मशीन से मतदान प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन कराना सुनिश्चित करें क्योंकि यह देखा गया है कि निकाय निर्वाचन में प्रत्येक स्तर पर एक से अधिक प्रत्याशी होने के कारण प्रायः मतदाताओं के समक्ष असमंजस की स्थिति आती है। इस देखते हुए डेमो ईव्हीएम मशीन का निकायों के हर वार्डों में जीवंत प्रदर्शन किया जायें। साथ ही मतदान केंद्रों में मतदाता हेतु मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली,पेयजल, रैम्प,व्यवस्थित प्रसाधन कक्ष की सुविधा अनिवार्य होनी ही चाहिए। साथ ही सेक्टर अधिकारियों को ईव्हीएम मषीन से जुड़ी समस्याओं का निराकरण की पूरी जानकारी, मतदाताओं के प्रबंधन, कानून व्यवस्था के संबंध में भी सतर्क रहना होगा।इसके अलावा मतदान दिवस पर कंट्रोल रूम भेजने वाले प्रत्येक प्रपत्रों की परिपूरित जानकारी समय पर भेजना भी सेक्टर अधिकारियों की अहम जिम्मेदारी है। इस संबंध में जिन मतदान केन्द्रों में नेटवर्क संबंधी समस्याएं आ रही है, वहां रनर की भी व्यवस्था रखना सुनिश्चित करें। इसके अलावा जनपद सीईओ और सीएमओं को विशेष रूप से निर्देशित किया कि मतदान दलों के लिए भोजन और स्वल्पाहार की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देवें। इस संबंध में आगामी दिवस सेक्टर अधिकारियों की अन्य बैठक आयोजित करने की बात कलेक्टर ने कही।इसके साथ ही बैठक में सुरक्षा एवं संचार व्यवस्था, निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार वाहनों की व्यवस्था,मतदान दलों की मतदान केंद्रों में रवानगी और मतदान समाप्ति के पश्चात मतदान दलों की वापसी के संबंध में भी कलेक्टर द्वारा दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मूलचंद चोपड़ा सहित निर्वाचन दायित्वों से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

### व्यय लेखा संधारण के संबंध नगरीय निकायों के अभ्यर्थियों के साथ हुई बैठक

**दंतेवाड़ा, 3 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत आज जिला कार्यालय के भू-तल स्थित सभाकक्ष में व्यय लेखा संधारण के संबंध में नगरीय निकायों के अभ्यर्थियों की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में ली गयी।

## जाबो कार्यक्रम के तहत बसना में सेल्फी प्वाइंट मतदान जागरूकता का अनूठा प्रयास

**महासमुंद 3 फरवरी ।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बसना में ÷सेल्फी प्वाइंट÷ बनाया गया है। जाबो कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है। इस जागरूकता अभियान का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, महासमुंद (छ.ग.) के निर्देशन में किया गया है। मैनें भी किया वोट, क्योंकि हर एक वोट जरूरी होता है. जैसे प्रेरणादायक संदेशों के साथ बनाए गए इस सेल्फी प्वाइंट को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मतदान प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने के लिए आपका वोट, आपका अधिकार जैसे संदेशों को प्रमुखता दी गई है, जिससे युवा और पहली बार मतदान करने वाले मतदाता प्रेरित हो रहे हैं।यह सेल्फी प्वाइंट 17 फरवरी 2025 को होने वाले मतदान के प्रति नागरिकों को जागरूक करने का एक अभिनव प्रयास है। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने और अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। ताकत सेल्फी जो, मतदान के लिए हो इस संदेश के साथ यह अनूठा प्रयास निश्चित रूप से बसना में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

## उम्रदराज और शरीर में घाव होने के कारण जंगली हाथी की हुई मृत्यु

**रायगढ़, 3 फरवरी।** धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत छाल परिक्षेत्र के बेहरामार परिसर में वन्यप्राणी जंगली हाथी (मखना) के मृत्यु उम्रदराज होने एवं शरीर के विभिन्न स्थानों में घाव होने के कारण हुई है।वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि एक नर हाथी (मखना) जिसकी उम्र लगभग 60 वर्ष थी, जो विगत दो माह से बीमार था। उक्त मखना हाथी के शरीर के विभिन्न स्थान जैसे कि चारो पैर, ऊपरी उदर के भाग, पुष्ट भाग में घाव थे, जिससे लगातार पस (मवाद) आ रहा था। उक्त मखना हाथी का उपचार वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश पर वन्यप्राणी चिकित्सकों के द्वारा 19 दिसम्बर 2024 को कोरबा वनमंडल के करतला वन परिक्षेत्र में किया गया था। उपचार उपरांत वन विभाग के द्वारा लगातार इसकी निगरानी किया जा रहा था एवं वन्यप्राणी चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार आवश्यक दवाईयां दी जा रही थी। उक्त हाथी 2 जनवरी 2025 को करतला वन परिक्षेत्र, कोरबा वनमंडल से छाल वन परिक्षेत्र, धरमजयगढ़ वनमंडल में प्रवेश किया था। छाल वन परिक्षेत्र में भी वन्यप्राणी चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार दवाईयां लगातार दी जा रही थी।हाथी का हाथी ट्रेकरों, हाथी मित्र दल, क्षेत्रीय वनकर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी किया जा रहा था। जिससे उसके स्वास्थ्य में सुधार दिख रहा था, किन्तु कुछ दिनों के बाद से स्वास्थ्य में गिरावट दिखाई दिया। 29 एवं 30 जनवरी 2025 को मखना हाथी के गतिविधि में कमी देखी गई और वह दिन में लगभग 10-12 घंटे एक ही स्थान पर रह रहा था। वन विभाग के उच्चाधिकारियों एवं वन्यप्राणी चिकित्सकों की निर्देशानुसार उक्त हाथी का बेहतर उपचार करने में सहयोग लेने के लिए हाथी राहत एवं पुनर्वास केन्द्र रमकोला सुरजपुर जिला से 02 कुमकी हाथी 30 जनवरी 2025 को लाया गया। तत्पश्चात वनमंडल में वन्यप्राणी चिकित्सकों की समिति के द्वारा कुमकी हाथियों की सहायता से उक्त हाथी का उपचार किया जा रहा था। उपचार के दौरान हाथी एक जगह बैठ गया और गहरी सांसे लेने लगा उसी दौरान वन्यप्राणी चिकित्सकों के द्वारा जांच उपरांत मखना हाथी को लगभग शाम 4 बजे मृत घोषित किया गया। शाम हो जाने के कारण शव विच्छेदन का कार्य संभव नहीं हो पाया। वन रक्षकों को शव का सुरक्षित देखरेख करने के लिए ड्यूटी लगाया गया। 01 फरवरी को सुरक्षित शव का जिला स्तरीय पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा वनमंडलाधिकारी, उप वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़, वनपरिक्षेत्र अधिकारी छाल एवं वनअमलों की उपस्थिति में सुबह 9 बजे शव विच्छेदन कर आवश्यक अंगों का जांच के लिए विसरा लिया गया। शव विच्छेदन पश्चात मखना हाथी उम्रदराज होने एवं शरीर के विभिन्न भागों में गंभीर घाव होने के कारण मृत होना पाया गया। तत्पश्चात विधिवत् गड्ढा खोदकर शव का कफन-दफन किया गया।

### बाल संस्कार शाला में बच्चों के बीच निबंध लेखन,कविता,गायन,नृत्य की हुई प्रतियोगिताएं

# गायत्री शक्तिपीठ में बसंत पंचमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बीजापुर,3 फरवरी ।** परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के बोध दिवस बसंत पंचमी पर्व को गायत्री शक्तिपीठ बीजापुर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भक्तिमय वातावरण में नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच विभिन्न गतिविधियां संचालित कर मनाया गया। सर्वप्रथम शक्तिपीठ में विराजित माता गायत्री, !दुर्गा एवं माता सरस्वती के समक्ष बसंत पर्व में विशेष पूजन व्यवस्थापक पुरोहित जयपाल सिंह राजपूत एवं यजमान के रूप में उपस्थित युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष के.संतोष द्वारा अनेक नौनिहालो व परिजनों की उपस्थिति में किया गया। माता सरस्वती के प्राकट्य दिवस पर उन्हें वैदिक मंत्रोच्चार से आवाहन कर सभी को सदबुद्धि, सदज्ञान एवं प्रतिभा संपन्न करने हेतु प्रार्थना किया गया । संगीत वाद्य यंत्रों का पूजन किया गया साथ ही सजल श्रद्धा, प्रखर प्रज्ञा में परम पूज्य गुरुदेव एवं बंदनीया माताजी के सानिध्य में विशेष पूजन संपन्न हुआ । गुरुदेव माताजी को नए वस्त्र फल फूल नैवेद्य इत्यादि भेंट किया गया। पूजन पश्चात बाल संस्कारशाला में आए हुए सैकड़ो नन्हे मुन्ने बच्चों की भागीदारी हुई जिसमें विशेष बात यह रही कि आज के बाल संस्कारशाला में समर्थ विद्यालय बीजापुर के विकलांग नौनिहाल सम्मिलित हुए ।कार्यक्रम में बाल संस्कारशाला के आचार्यों द्वारा हे शारदे मां सामूहिक प्रार्थना के बाद हारमोनियम तबला गिटार आदि के माध्यम से भजन संगीत दिया गया जिसमें युवा योगाचार्य अर्जुन वेको ,तबला वादक दुर्गेश साहू, हारमोनियम एवं गीतकार निशांत झाड़ी , गिटारिस्ट राहुल कुमार गुप्ता ने नन्हे मुन्ने बच्चों को अपनी प्रस्तुति से प्रेरित किया । युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष के. संतोष के मार्गदर्शन में उपस्थित बच्चों के मध्य निबंध, गायन, कविता पाठन एवं नृत्य की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बाल संस्कार शालाओं के बच्चों के अलावा समर्थ संस्था के विकलांग बच्चों ने भी भाग लिया एवं पुरस्कार जीते। गायन में कुमारी आरवी त्रिवेदी ने हनुमान चालीसा का कंठस्थ सुर में पाठ कर प्रथम पुरस्कार जीता । सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययन रत छात्रा कशिश दोडड़ी द्वितीय एवं समर्थ विद्यालय की तुलसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नृत्य में प्रथम स्थान कीर्ति बीरा ग्रुप ने हासिल किया तो समर्थ संस्था से उर्मिला ग्रुप तृतीय तथा संतोष तेलम ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहे । कविता पाठन में कीर्ति बीरा प्रथम रही, धारणी सिन्हा द्वितीय तो निबंध प्रतियोगिता में तान्या साहू प्रथम,सानवी साहू द्वितीय और आकृति ठाकुर तृतीय स्थान प्राप्त किया सभी ने दीपावाली क्यों मनाया जाता है विषय पर निबंध लिखकर बाजी मारी। सभी विजेताओं को समर्थ संस्था के प्रभारी पटेल सर, कार्यक्रम संयोजक प्रभारी सहदेव वाचम,व्यवस्थापक एवं ट्रस्टी जयपाल सिंह राजपूत, विजय बहादुर राजभर,के भरत एवं जिला समन्वय के बीरा राजबाबू के करकमलों से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । यज्ञशाला में एक कुंडिय यज्ञ कार्यक्रम इस बीच जारी रहा जिसमें तीन विद्यारंभ संस्कार पुरोहित रामयश विश्वकर्मा के द्वारा संपन्न कराया गया। भक्तों की भीड़ अधिक होने के कारण यज्ञ में तीन पाली में आहुतियां डाली गई एवं सभी के कल्याण की कामना किया गया। कार्यक्रम पश्चात आए हुए समस्त स्कूली बच्चों एवं परिजनों को भोजन प्रसाद कराया गया तथा परिजनों की गोष्ठी संपन्न हुई जिसमें सुपर यूथ 100 सूची में सभी युवाओं का पंजीयन करने को कहा गया साथ ही 9 फरवरी को प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ की बैठक की जानकारी दी गई । भैरमगढ़ में दिनांक 20 से 22 फरवरी तक आयोजित होने वाले 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के बारे में भी सभी की उपस्थिति व अपेक्षित सहयोग करने का आह्वान किया गया । गायत्री शक्तिपीठ बीजापुर में दिनभर बसंत उत्सव पर्व पर उमंग , उल्लास व भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। भोजनालय व्यवस्था में सहयोगी रहे महेश, दुर्गा, जगमोहन राजपूत, रुक्मणी झाड़ी ,दुर्गा वाचम,उत्तम वाचम एवं समर्थ संस्था के कर्मचारियों ने भरपूर सहयोग दिया एवं कार्यक्रम को सफल बनाया।

# शिकायत के बाद अनुविभागीय अधिकारी ने बंद कराया हड्डी गोदाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 3 फरवरी।** राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर ग्राम ढेकुना के आसपास बहुत लंबे अरसे से संचालित हड्डी गोदाम को अंशुल वर्मा अनुविभागीय अधिकारी सिमगा ने जनहित में बंद करवाया।

मिली जानकारी के अनुसार सिमगा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम विश्रामपुर, गणेशपुर, एवं ढेकुना में संचालित चार हड्डी गोदामों को ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए बंद करवाया गया। हड्डी गोदामों का संचालन सुरेश कुमार दास, ईलु उर्फ साहिल मसीह और सुरेश कश्यप कर रहे थे। ग्रामीण अमित चौहान और तिलक दास मानिकपुरी ने इसके खिलाफ एस डी एम कोर्ट में आवेदन दिया था। इन हड्डी गोदामों में अवैध रुप से गाय, भैंस, बैल की मृत हड्डीयां रखी जाती थी, शिकायत में कहा गया है कि हड्डीयों से भयानक सड़ांध, दुर्गंध आसपास के वातावरण में फैलता है जिस कारण से आमजनों का चलना दूभर हो जाता है। एसडीएम ने अपने फैसले में लिखा है कि हड्डी गोदाम जन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

गाय, बैल, भैसों की मांशलयुक्त हड्डीयों के खुले में रखे होने से उत्पन्न दुर्गंध एवं कचरा पर्यावरणीय प्रदूषण के अंतर्गत आता है। स्थानीय निवासियों के सुविधा एवं शान्ति को भंग कर रहा है, एवं मन में घृणा एवं संताप का भाव उत्पन्न कर, रहा है। यह कृषक पशुपरिरक्षण अधिनियम 2004, के अंतर्गत बनाए गए प्रावधानों के विरुद्ध है। जन सामान्य की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह न्यायालय हड्डी गोदाम के संचालन को सार्वजनिक उपद्रव के श्रेणी में मानता है। एसडीएम कोर्ट ने हड्डी गोदाम का संचालन तत्काल बंद करने का निर्देश दिया था किन्तु कोर्ट के निर्देश की अवहेलना करने के कारण तहसील सिमगा के विश्रामपुर, गणेशपुर, ढेकुना में संचालित चार हड्डी गोदामों को ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर धारा 152, के तहत कार्रवाई करते हुए उक्त हड्डी गोदामों को बंद करवाया गया जिससे आसपास के नागरिकों को अब भयानक बदबू से छुटकारा मिल गया है। इस मौके पर हेमन्त सिदार एडिशनल एस पी बलौदाबाजार अनिरुद्ध मिश्रा तहसीलदार सिमगा, योगिता बाली खापर्डे थाना प्रभारी सिमगा व समस्त पुलिस स्टाप व ग्रामीण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### आप प्रत्याशी का डोर-टू-डोर जनसम्पर्क



**तिल्दा-नेवरा, 3 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आम आदमी पार्टी का जन संपर्क महा अभियान के दूसरे दिन नगर के वार्ड क्र 3, 6, और 7 में आज मतदाताओं से डोर टू डोर संपर्क किया। आम आदमी के अध्यक्ष प्रत्याशी डॉ राजकुमार सोनी के साथ पार्टी प्रभारी कमल महान वरिष्ठ कार्यकर्ता भरत सिंह चौहान, लच्छी राम पाल सुनील श्रीवास्तव समेत अनेक कार्यकर्ता शामिल हुवे। तथा वार्ड क्र 7 में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी कांति निर्मलकर के पक्ष में विशाल जुलूस निकाला गया। रैली में अध्यक्ष प्रत्याशी डॉ राज कुमार सोनी के साथ वार्ड पार्षद प्रत्याशी कांति निर्मलकर के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुवे। जिनमें प्रमुख रूप से कमल महान, भरत सिंह चौहान, सुनील श्रीवास्तव, गजानंद साहू, सेवती साहू, योगेश निषाद, ज्योति यादव, आदि शामिल हुवे।

### भाजपा प्रत्याशी पारुल ने मांगा समर्थन



**तिल्दा-नेवरा, 3 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा में वार्ड क्रमांक.12 की भाजपा प्रत्याशी पारुल अग्रवाल के चुनाव कार्यालय का उदघाट्न किया एवं उनके पक्ष में प्रचार कर देवतुल्य जनता से कमल छाप में बटन दबाकर विजयी बनाने का आव्हान किया। राजस्व मंत्री सुभाष चौक से गांधी चौक परशुराम चौक तक नागरिकों से जनसंपर्क कर कमल छाप को विजय बनाने की अपील की। इस तरह वार्ड क्रमांक 11में मनोरमा वर्मा के समर्थन में जनता को संबोधित करते हुए विकास की बात की पिछ्ले दिनों से नगर के आ एक वार्डो में। नेत्री घर घर जाकर भेट मुलाकात कर रहे है। कैबिनेट मंत्री टक राम वर्मा सीधा मतदाओं से चर्चा कर। बीजेपी को। अत्यधिक मतों से जीताने की अपील कर रहे है।

## एक नजर

### बजट गरीबों की चिंता को दूर करने में विफल : सिन्हा

**भखारा, 3 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एनएसयूआई प्रदेश संयोजक



टिकेन्द्र सिन्हा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बजट गरीबों की चिंताओं को दूर करने में पूरी तरह से विफ्ल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है लेकिन सरकार इस पर ध्यान देने के बजाय केवल बड़े कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है। सिन्हा ने बताया कि बजट में कोई दीर्घकालिक योजना या ठोस विजन नहीं दिख रहा है जिससे आम जनता को राहत मिले। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक समृद्धि के लिए अनुसंधान और विकास (ऋ॰ष्ठ) में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। इससे नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और धन सृजन को बढ़ावा मिलेगा। और आगे कहा कि बजट का बुनियादी ढांचा देश के बांकी हिस्सों के लिए नहीं है यह केवल बिहार की ओर जा रहा है मखाना बोर्ड की स्थापना, ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, पश्चिमी कोसी कैनाल परियोजना के लिए आर्थिक मदद मिलने से यहां के किसानों को फायदा होगा इस बजट में पटना आईआईटी के विस्तार का प्रावधान व राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना जैसी घोषणाएं की गई हैं क्योंकि इस साल बिहार में चुनाव हैं।

### प्रदेश स्तरीय निबंध स्पर्धा में धात्री साहू अव्वल

**भखारा, 3 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मीरा के श्याम पर्यावरण महिला एवं



बाल विकास संस्था ने भिलाई में शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए प्रदेश स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण शीर्षक को लेकर निबंध लिखने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों से अनेक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें कुरूद निवासी धात्री साहू ने भी भाग लिया था। अपने पर्यावरण संरक्षण संबंधी ज्ञान के आधार पर आकर्षक निबंध के प्रभाव से उन्होंने प्रदेश स्तरीय निबंध स्पर्धा में पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर अपनी जगह बनाई। बता दें कि धात्री साहू वर्तमान में शासकीय माध्यमिक शाला दिनकरपुर में शिक्षिका के रूप में पदस्थ हैं। वहीं द्वितीय स्थान अरुण तिर्की ने हासिल किया और तृतीय स्थान पर अंजना समृद्ध को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त किए विजेता धात्री साहू ने बताया कि वह अपनी उपलब्धि को लेकर काफी खुश हैं और पर्यावरण संरक्षण पर निबंध सहित अन्य प्रायोगिक प्रतियोगिताएं की आवश्यकता है जिससे लोगों को भी इसके तथ्यों को पढ़ने, समझने सहित इनकी गहराइयों को जानने का मौका मिलता है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण संबंधी जानकारी लोगों तक पहुंचाने का भी अवसर प्राप्त होता है। पर्यावरण का संरक्षण करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। यह आयोजन शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रोत्साहित करने और उनकी लेखनीय क्षमता को बढ़ावा देना इसका मुख्य उद्देश्य है। शिक्षकों की लेखन क्षमता को पहचानना और उन्हें पुरस्कृत करना आवश्यक है क्योंकि शिक्षक समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# कलेक्टर सोनी ने ईवीएम भण्डारण व कमीशनिंग स्थल का किया निरीक्षण

## नगरीय निकाय निर्वाचन : स्ट्रांग रूम में तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखने के दिए निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी नें रविवार क़ो जिला उपभोक्ता न्यायालय परिसर स्थित ईव्हीएम भण्डारण स्थल में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके पश्चात् ईव्हीएम कमीशनिंग स्थल पंडित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार का भी जायजा लेकर कमीशनिंग हाल एवं सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जरुरी निर्देश दिए।

बताया गया कि भण्डारण क़क्ष से ईव्हीएम की शिफ्टिंग कमीशनिंग हॉल में किया जाएगा जहाँ 7 फ़रवरी को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कमीशनिंग की कार्यवाही की जाएगी। कमीशनिंग के पश्चात् इव्हीएम क़ो सुरक्षा व्यवस्था के साथ सम्बंधित नगरीय निकाय के स्ट्रांग रुम में सुरक्षा बल की निगरानी में रखा जाएगा। मतदान दिवस के एक दिन पूर्व स्ट्रांग रूम से ईव्हीएम एवं मतदान सामग्री का वितरण मतदान कर्मियों क़ो किया जाएगा। ईव्हीएम से मतगणना सभी राजस्व अनुविभाग में निर्धारित मतगणना स्थल में किया जाएगा। इसमें नगर पंचायत लवन का मतगणना राजस्व अनुविभाग बलौदाबाजार, नगर पंचायत रोहांसी का राजस्व अनुविभाग पलारी एवं नगर पंचायत टुंडरा का राजस्व अनुविभाग कसडोल में होगा। इस दौरान अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल शेट्टे, रिटर्निंग अधिकारी बलौदाबाजार अमित कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## मतदान दलों का हुआ प्रथम रेण्डमाइजेशन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 फरवरी।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2024 25 अतर्गत जिले के 8 नगरीय निकायों हेतु मतदान दलों का रैण्डमाईजेशन रविवार क़ो संयुक्त जिला कार्यालय स्थित एनआईसी क़क्ष में किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल शेट्टे सहित रिटर्निंग अधिकारी उपस्थिति थे।

बताया गया कि नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में अध्यक्ष एवं 21 वार्डो के पार्षद चुनाव के लिए 30 मतदान केंद्र बनाए गये है। प्रत्येक मतदान केंद्र में 4 मतदान कर्मी के मान से कुल 120 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त 28 कर्मचारी रिजर्व हैं। इसीतरह नगर पालिका परिषद भाटापारा में अध्यक्ष एवं 31 वार्डो के पार्षद चुनाव के लिए 61 मतदान केंद्र, 61 मतदान दल के लिए 244 मतदान कर्मी एवं 56 रिजर्व, नगर पालिका परिषद सिमगा में अध्यक्ष एवं 15 वार्डो में पार्षद चुनाव के लिए 15 मतदान केंद्र, 15 मतदान दल, 60 मतदानकर्मी, 8 रिजर्व कर्मचारी हैं।नगर पंचायत पलारी, नगर पंचायत लवन, नगर पंचायत रोहांसी, नगर पंचायत कसडोल एवं नगर पंचायत टुंडरा प्रत्येक में अध्यक्ष एवं 15 वार्डो में पार्षद के चुनाव के लिए 15 मतदान केंद्र, 15 मतदान दल एवं 60 मतदानकर्मी एवं 8 रिजर्व कर्मचारी हैं।

### लक्ष्मीनारायण वर्मा ने विभिन्न वार्डों में किया सघन जनसम्पर्क



**तिल्दा-नेवरा, 3 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लक्ष्मीनारायण वर्मा ( छोटू) अपने समर्थकों के साथ विभिन्न वार्डो में घूमघूम कर सघन जनसंपर्क कर रहे है जहां उन्हें भारी जनसमर्थन मिल रहा है।गली मोहल्लों में उनका स्वागत किया जा रहा। वे शहर के विभिन्न मंदिरों, चर्च, मस्जिदों आदि में भी पहुंच रहे।साथ ही वार्डो में स्थित विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना कर जनसंपर्क रैली प्रारंभ कर रहे।कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा ने अपने जनसंपर्क के दौरान लोगों से कहा कि लगातार 3 बार पार्षद के रूप में आपने मेरा कार्य देखा है अब अध्यक्ष बनाकर भी नगर सेवा का मौका दे।शहर में अच्छा खासा जनसमर्थन कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा को मिल रहा।

### खेल स्पर्धा के दूसरे दिन बैडमिंटन में दिखाया दमखम



**बलौदाबाजार, 3 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन एवं जिला खेल संघ के तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी, व्हालीबाल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार क़ो खिलाड़ियों ने बैडमिंटन स्पर्धा में दम लगाया। बताया गया कि बैडमिंटन स्पर्धा में पुरुष एवं महिला सहित कुल 165 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। ये खिलाडी विकासखंड स्तर से चयनित होकर पहुंचे थे। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों नें भी हिस्सा लिया। दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल स्पर्धा अंतर्गत आयोजित कबड्डी, व्हालीबाल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का परिणाम सोमवार क़ो जारी जारी किया जाएगा। तीनों विधाओं के खेल में लगभग 457 खिलाडियो ने भाग लिया।

# जागव वोटर कार्यक्रम के तहत बिहान समूह की महिलाओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 3 फरवरी।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में एवं सी ईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान द्वारा जिले में स्व सहायता समूहों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार क़ो इस अभियान के तहत जिले के समस्त ग्राम पंचायतों और संकुल संगठन स्तर पर महिलाओं द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता रैली और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बिहान समूह की महिलाओं द्वारा ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान के महत्व को समझाया गया और सभी को अपने मताधिकार का सही तरीके से उपयोग करने की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही आमजनों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया, ताकि आगामी चुनावों में अधिक से अधिक लोग अपने वोट का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। जाबो कार्यक्रम के माध्यम से जिलेभर में आमजनों को मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि सभी नागरिक चुनावों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर ग्राम पंचायत रसौटा के सचिव निलंबित

**बलौदाबाजार, 2 फ़रवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के कारण ग्राम पंचायत रसौटा के सचिव चंद्रशेखर बंजारे क़ो तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेशानुसार ग्राम पंचायत रसौटा के सचिव चंद्रशेखर बंजारे का त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए ग्राम पंचायत अमेरा में ड्यूटी लगाई गई थी। 27 जनवरी 2025 क़ो ड्यूटी स्थल एवं ग्राम पंचायत कार्यालय से अनुपस्थित रहने के कारण नाम निर्देशन पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थियों क़ो अदेय प्रमाण पत्र जारी होने में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने से निर्वाचन कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ। निर्वाचन कार्य में घोर लापरवाही व उदासीनता बरने के कारण छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा आचरण नियम 1999 एवं पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय कसडोल नियत किया गया है। इस अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### किरवई में पांच दिवसीय निशुल्क योग शिविर

तिल्दा-नेवरा, 3 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ संचालनालय आयुष विभाग जिला बलौदा बाजार के आयुष आरोग्य मंदिर दामाखेड़ा के तत्वाधान में ग्राम किरवई में पांच दिवसीय निशुल्क योग शिविर का समापन के बाद ग्राम धोबनी में पांच दिवसीय योग शिविर 1 फ़रवरी से 5 फ़रवरी तक चलेगा डॉ अनीता चंद्रवंशी के मार्ग दर्शन में योग प्रशिक्षक पुरुषोत्तम निषाद के माध्यम से कराया जा रहा है। योग में प्रतिदिन ग्रामीण के साथ स्कूली बच्चे भी पहुंच रहे हैं। बच्चों के लिए ताड़ासन, वृक्षासन, सूर्य नमस्कार, पश्चिमोत्तानासन जानूशिरासन, धनुरासन, सर्वांगासन, हलासन सहित भस्त्रिका प्राणायाम कपालभाती प्राणायाम, अनुलोम विलोम, उज्जायी मेडिटेशन इत्यादि के बारे में बारीकियां से अभ्यास कराया जा रहा है। प्रधान पाठक भुवन लाल साहू, शेखन ध्रुव, युगल किशोर निर्मलकर, रूपेंद्र साहु, चेतन, फ्लेश्वर साहू, दुर्गा इत्यादि।



### चितावर माता धाम में तीन दिवसीय पूजन एवं मेला



**तिल्दा नेवरा, 3 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चितावर माता धाम रायखेड़ा में ग्राम पंचायत, ग्राम सभा धीवर समाज के तत्वाधान में त्रिदिवसीय हवन पूजन एवं भव्य मेला का आयोजन बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर 70 साल पूर्व से होते आ रहा है उसी प्रकार इस वर्ष भी भव्य कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे चितावर माता सेवा समिति के अध्यक्ष भोजराम धीवर, उपाध्यक्ष राजेन्द्र बंजारी, कोषाध्यक्ष गोपी धीवर, सचिव जितेन्द्र बंजारी, सहसचिव भूषण धीवर समस्त धीवर परिवार साथ में समस्त ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग से सम्पन्न हुआ।

## बोरझरा में बह रही राम रस की धारा

# प्रस्तुति देने पहुंची प्रदेश की ख्यातिप्राप्त मंडलियां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 3 फरवरी।** -ग्राम बोरझरा में आयोजित त्रि-दिवसीय मानस गान प्रतिगोगिता का आयोजन 31 जनवरी से 2 फ्रवरी तक किया गया।जिसमे प्रदेश की ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी है।सुमधुर गीत संगीत और उच्चस्तरीय व्याख्यानों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अध्यक्ष गिरवर प्रसाद साहू ने बताया कि ग्राम बोरझरा मे पिछ्ले 43 वर्षो से लगातार रामायण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है।इस वर्ष भी ग्रामवासियों के सहयोग से मंच सजाया गया।शुक्रवार से रविवार तक 24 मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी है।निर्णायकों की भूमिका में डोमार सिंह साहू, हृदय राम सिन्हा, धनेश गाजपाल ने अपनी विद्वता से संगीत, व्याख्या, वेशभूषा पर गहन आकलन कर मंडलियों को अंक प्रदान किया जिसके आधार प्रतियोगिता में उच्च अंक प्राप्त करने वाली मंडलियों को पुरस्कृत किया गया।उन्होने बताया कि प्रथम दिवस से ही श्रोताओं की भीड़ उमड़ने लगी थी।सुमधुर वाणी से मंच संचालन रामकुमार साहू अचौद व गणेश राम गजपाल पचपेड़ी ने किया।

वहीं इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए आयोजक समिति के वरिष्ठ सदस्य टेमन लाल साहू, जनक राम साहू के मार्गदर्शन मे मोहन लाल साहू, निर्मल साहू, नूकेश गजपाल, के.के. सिन्हा शिक्षक, प्यारेकांत साहू पूर्व सैनिक, कुलेश्वर सिन्हा, नारायण लाल सिन्हा, महेश यादव हुबलाल साहू, नवीन साहू, ठम्मन लाल साहू, जनक राम साहू, टेमन लाल साहू सहित सभी सदस्य अपना योगदान दिया।

### नाम परिवर्तन

मैं गिरजेश कुमार आ. बिसुन लाल जाति- बंजारा उम्र 26 वर्ष वार्ड नं. 13 घोड़ा मंदिर वार्ड दल्लीराजहरा तह. डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) का निवासी हूं।

मेरे नाम से आर.टी. ओ. से हैवी ड्रायविंग लाइसेंस प्रदान किया गया था जिसमें मेरे पिता का नाम बिसुन पाल दर्ज हो गया जो कि त्रुटि हो गया है।

मेरे आधार पंजीयन प्रदान किया गया था जिसमें मेरे पिता का नाम बिसुन लाल दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है।

मेरे पिता का नाम बिसुन लाल दर्ज करवाना चाहता हूँ अब मेरे पिता बिसुन लाल के नाम से जाने व पुकारे जाते हैं।

मुझे मेरे पिता का नाम बिसुन लाल करवाने के लिए इस प्रकार की शपथ की आवश्यकता हुई।

**शपथकर्ता**
**गिरजेश कुमार**

# निकाय चुनाव: प्रत्याशियों ने सघन जनसम्पर्क अभियान किया तेज

## दलीय प्रत्याशियों को मिल रही निर्दलियों से चुनौती

**ध्वनि विस्ताकर यंत्रों से फलां को वोट दो की गली-गली में गूंज**

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 3 फरवरी।** नगर पालिक निगम के पार्षद पद के प्रत्याशियों ने सघन जनसम्पर्क अभियान शुरू कर दिया है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों फ्लैक्स, पोस्टर, पाम्पलेट एवं अपने-अपने वार्ड में स्थानीय मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। आज शाम भाजपा का घोषणा पत्र जारी कर दिया जाएगा। वहीं कांग्रेस के घोषणा पत्र के लिए इंतजार करना होगा।

राजधानी के 70 से अधिक वार्डों में पार्षद पद के प्रत्याशियों को अब निर्दलीय प्रत्याशियों से ही चुनौती मिल रही है जिसके कारण वे खासे परेशान हैं। चूड़ामणि वार्ड में भाजपा के दीपक जायसवाल को राजेश मूणत के करीबी माने जाने वाले जवाहर सोनकर (सिलाई मशीन) सीधे चुनौती दे रहे हैं। जवाहर सोनकर पूर्व पार्षद गंगाराम सोनकर के रिश्तेदार हैं। उनकी यहां पर पकड़ है। इसके कारण उन्हें समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस से दाऊलाल साहू चुनाव मैदान में हैं। वे भी पुराने निवासी हैं। यहां से उनके रिश्तेदार पार्षद रह चुके हैं। मोहल्ले में अच्छी पकड़ होने के कारण वे जीत का दावा कर रहे हैं। इस समय जवाहर सोनकर दोनों को चुनौती दे रहे हैं। शहीद हेमू कालाणी वार्ड में बंटी होरा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भाजपा प्रत्याशी कृतिका जैन को चुनौती दे रहे हैं। वे पेशेवर राजनेता नहीं है। वहीं पूर्व पार्षद जसबीर सिंह ढिल्लन भी किस्मत आजमा रहे हैं। यहां पर बंटी होरा की अच्छी पकड़ है।

होरा परिवार के प्रभाव के चलते वे चुनाव जीत के लिए प्रति आशान्वित हैं। महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड में पूर्व पार्षद दाऊ जीतेंद्र अग्रवाल चुनाव मैदान में उतरे हैं। उनका कहना है कि वे फिर से चुनाव जीत जाएंगे। उनके सामने कांग्रेस के अम्बर अग्रवाल चुनाव मैदान में हैं। राजीव गांधी वार्ड से समीर अख्तर कांग्रेस के बागी प्रत्याशी हैं। वे अपने ही दल के प्रत्याशियों को चुनौती द रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के करीबियों को भी टिकिट दी गई है। प्यारेलाल वार्ड से सुमन अशोक पांडेय किस्मत आजमा रहीं हैं। उनके पति भाजपा के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। भाजपा के प्रमोद साहू की पत्नी साधना साहू कालीमाता वार्ड से किस्मत आजमा रही है। साधना साहू को कांग्रेस की प्रियंका भारद्वाज टक्कर दे रहीं हैं। रमणमंदिर वार्ड से कांग्रेस के आसिफ मेमन का मुकाबला भाजपा के सूर्यकांत राठौर से है। वे चार बार के पार्षद हैं। नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं। शेष अन्य वार्डों में भी अभी तगड़ा मुकाबला चल रहा है। स्वामी आत्मानंद वार्ड में कांग्रेस के विकास अग्रवाल और भाजपा के आनंद अग्रवाल के बीच टक्कर है। इस वार्ड में सिर्फ चार प्रत्याशी है। वहीं महामाया मंदिर वार्ड में भाजपा की मंजू यादव और कांग्रेस की जयश्री नायक के बीच सीधा मुकाबला है।

### कांग्रेस में संसाधनों का अभाव

कांग्रेस प्रत्याशियों के अनुसार कांग्रेस संगठन ने स्पष्ट कर दिया है कि जो भी प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा वह अपने दम पर लड़े। पार्टी की ओर से झंडा बैनर अथवा कोई धन राशि नहीं दी जाएगी। कांग्रेस के सभी बड़े नेता अपने-अपने जिलों, लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय हो गए हैं जिसके कारण यहां पर प्रत्याशियों को अपने दम पर चुनाव लड़ना पड़ रहा है। भाजपा का आज घोषणा पत्र जारी होने वाला है जिसमें शहर के विकास एवं अन्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने का वादा किया जाएगा।



रायपुर। आज भी बसंत पंचमी मनाई जा रही है। यह ज्ञान की देवी मां सरस्वती के पूजन का पर्व है। आज कई स्थानों पर बच्चों को अक्षर ज्ञान देने का पूजापाठ के साथ श्रीगणेश किया गया।

### बीजेपी घोषणा पत्र आज शाम

**रायपुर 3 फरवरी।** भाजपा नेता और फिल्म स्टार राजेश अवस्थी के दुखद निधन के चलते बीजेपी ने आज दोपहर 12 बजे होने वाले घोषणा पत्र लॉन्च कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है। यह कार्यक्रम अब आज शाम 4 बजे बेहद साधारण रूप में संपन्न होगा। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आज पार्टी ने थीम सॉन्ग लॉन्च करने की भी योजना बनाई थी, लेकिन शोक स्वरूप इसे रद्द कर दिया गया है। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजेश अवस्थी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया।

## शहर की धरोहर बचाकर विकास करना है: दीप्ति दुबे

**रायपुर 3 फरवरी।** कांग्रेस महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे ने आज कंकाली पारा वार्ड,महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड, कुशालपुर, भनपुरी, रामचरण मंदिर, पंडित भगवती चरण शुक्ल वार्ड में जन सम्पर्क किया। इस दौरान सभी नागरिकों स्वागत समर्थन मांगी और कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे ने कहा कि ÷हम शहर सरकार चुनने जा रहे हैं। ऐसे में हमें एक ऐसे नेतृत्व की जरूरत है, जो शहर की समस्याओं को समझे और समाधान निकालने की क्षमता रखे।÷ उन्होंने कहा कि ÷आप सभी के सहयोग और समर्थन से चुनावी रण में विजय तय है। कांग्रेस पर जनता का भरोसा बरकरार है, और इस बार रायपुर को एक सशक्त नेतृत्व मिलेगा।÷

महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे ने शहर के तालाबों और मैदानों को संरक्षित रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रायपुर की ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहर को बचाना जरूरी है। आज शहर के तालाब और मैदान तेजी से सिकुड़ रहे हैं, जहां बड़े-बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाए जा रहे हैं। यह व्यवहारिक दृष्टि से सही नहीं है। मैं आपसे आशीर्वाद मांगती हूं ताकि इन धरोहरों को सुरक्षित रखा जा सके और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरा-भरा रायपुर मिल सके। महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे ने भनपुरी स्थित पाटीदार भवन



में आयोजित गुजराती समाज के सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में भी शिरकत की। इस शुभ अवसर पर समाज के प्रमुख सदस्य कांती पटेल और पंकज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा, रानी लक्ष्मीबाई वार्ड 10, मौवा में मनोज वर्मा के कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वार्ड के पार्षद मनोज वर्मा, विजय पटेल, गायत्री चंद्राकर, गावेश साहू और वेद प्रकाश उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्रीय विकास कार्यों और नगर निगम चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई। इस दौरान पंकज शर्मा और पंकज मिश्रा भी विशेष रूप से मौजूद रहे।दीप्ति प्रमोद दुबे ने रायपुर की जनता से अपील की कि वे 11 फरवरी 2025 को मतदान के दिन ईवीएम नंबर 1 पर पंजे के निशान को दबाकर कांग्रेस को विजयी बनाएं। उन्होंने कहा, ÷जनता का विश्वास और समर्थन हमारी ताकत है। कांग्रेस की नीति और नियत स्पष्ट है - हम रायपुर के विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे।

## दो सगे भाई लड़ रहे पार्षद चुनाव, एक को भाजपा तो दूसरे को कांग्रेस ने दिया टिकट

**रायपुर 3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रत्याशियों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखा जा रहा है. कहीं गुपचुप वाले, चाय वाले तो कहीं सगे भाई आमने-सामने मैदान पर हैं. ऐसा ही मामला धमतरी जिले के कुरुद से आया है, जहां नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-10 में 2 सगे भाई राष्ट्रीय पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं. बड़े भाई को भाजपा तो छोटे भाई को कांग्रेस से पार्षद का टिकट मिला है. कुरुद नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 स्वामी विवेकानंद वार्ड में भाजपा ने कमलेश ध्रुव को अपना उम्मीदवार बनाया है. वहीं कांग्रेस ने अर्जुन ध्रुव को मैदान में उतारा है. बड़ा भाई कमलेश 45 साल और छोटा भाई अर्जुन 33 साल के हैं. दोनों भाई कभी बचपन में एक साथ खेला करते थे. अब चुनावी मैदान में दोनों भाई आमने-सामने हैं. बता दें कि दोनों भाई पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं. कांग्रेस प्रत्याशी अर्जुन ध्रुव का कहना है कि कांग्रेस ने मुझ पर विश्वास कर प्रत्याशी बनाया है. यह लड़ाई हम दोनों भाइयों के बीच न होकर भाजपा और कांग्रेस के बीच है. बड़े भाई चुनाव जीतते हैं तो भी मुझे खुशी होगी. वहीं भाजपा प्रत्याशी कमलेश ध्रुव का कहना है कि कांग्रेस ने छोटे भाई अर्जुन ध्रुव को चुनाव मैदान में उतारा है. दोनों भाइयों का प्रचार जारी है. दोनों प्रत्याशियों के पिता लच्छन ध्रुव ने कहा कि दोनों बेटों को पार्षद का टिकट मिला है, इससे परिवार में खुशी है. दोनों में से कोई भी जीते पार्षद तो उनके परिवार से ही बनेंगे. बता दें कि वार्ड क्रमांक 10 को शुरू से भाजपा का गढ़ माना जाता है।

### अवस्थी के निधन पर नेताओं ने जताया दुख

## राजेश अवस्थी का जाना छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग के लिए अपूरणीय क्षति: सीएम

**रायपुर 3 फरवरी।** छालीवुड एक्टर राजेश अवस्थी के निधन पर सीएम विष्णुदेव साय ने शोक जताया है. उन्होंने ट्वीट कर लिखा है कि छत्तीसगढ़ी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता एवं निर्माता, भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजेश अवस्थी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है. पूर्व में वह छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष भी रहे और यहां की लोक कला, संस्कृति एवं परंपरा के संवर्धन में उनका अनुकरणीय योगदान रहा. उनका निधन छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग के लिए अपूरणीय क्षति है. सीएम ने प्रभु श्रीराम से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों, उनके शुभचिंतकों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है.

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दुख जताया. राजेश अवस्थी को बहुत ही ऊर्जावान कलाकार बताते हुए साव ने कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ी संस्कृति को आगे बढ़ाने काम किया है. उन्होंने लगातार पार्टी के लिए काम किया. ऐसे साथी को मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. ईश्वर इस समय में उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति दे.



राजेश अवस्थी के निधन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने शोक जताया. उन्होंने कहा, आज हम सब बहुत दुखी हैं, शोक में हैं. हमारी पार्टी के सिपाही, भारतीय जनता पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, छत्तीसगढ़ के गौरव भाई राजेश अवस्थी का निधन समाचार मिलने से मन बहुत आहत है. हमने एक बेहद समर्पित कार्यकर्ता खो दिया है, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकेगी. मैं भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं. परिवार जनों को इस भारी दुख को सहने की शक्ति मिले, ऐसी भगवान के चरणों में प्रार्थना है।

## प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने ली दुर्ग-रायपुर संभाग की बैठक

**रायपुर, 3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा में हर संभाग के लिए रणनीति बनाने का क्रम जारी है। प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने रविवार को पहले दुर्ग और इसके बाद रायपुर संभाग की बैठक ली है। इसमें नगर निगमों के साथ नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को लेकर रणनीति पर मंथन किया गया। इसी के साथ चुनाव प्रचार को लेकर भी चर्चा की गई कि कहां, कब, कौन प्रचार करने जाएगा। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने निकाय व पंचायत चुनावों के संदर्भ में आवश्यक रणनीति पर चर्चा की और उपस्थित सभी लोगों से नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संदर्भ में जानकारी भी ली है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस को आरोप पत्र को लेकर कहा प्रदेश में कांग्रेस के शासन में भ्रष्टाचार और घोटालों के अलावा कुछ नहीं हुआ है। कांग्रेस को आरोप पत्र जारी करने का नैतिक अधिकार ही नहीं है। कांग्रेस ने विकास का कोई काम नहीं किया। वहीं इस बैठक में नगरीय निकाय चुनाव संयोजक भूपेंद्र सवन्नी ने इस सन्दर्भ में कहा, छत्तीसगढ़ में होने वाले कई बड़े अपराध में कांग्रेसियों की संलिप्तता सामने आ रही है और विष्णुदेव सरकार में अपराधियों के अवैध कार्यों पर बुलडोजर तो चलेंगे ही। कांग्रेसी अपराधियों का घर बचाने के लिए आरोप पत्र में बुलडोजर का विरोध कर रहे है। उन्होंने आगे कहा कि, जनता कांग्रेस के झूठे आरोपों को जानती है। छत्तीसगढ़ की जनता ने देखा है कि कैसे भूपेश शासन के 5 वर्षों में पीएससी में भ्रष्टाचार, शराब में भ्रष्टाचार, कोयले में भ्रष्टाचार, धान में भ्रष्टाचार और दवाई में भ्रष्टाचार कर कांग्रेसियों ने अपन घर भरा है। पिछले एक वर्ष में तो विष्णु देव साथ सरकार ने लगातार दोषी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है और आज कांग्रेस शासनकाल के राष्ट अधिकारी, नेता और पूर्व मंत्री तक जेल में हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस को आरोप पत्र की जगह माफीनामा जारी करना चाहिए। इस बैठक नितिन नवीन ने कहा कि, केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर पार्टी कार्यकर्ता घर-घर दस्तक दें और पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम फहराने के संकल्प के साथ भाजपा के पक्ष में शत-प्रतिशत नतीजे लाकर एक मिसाल कायम करने में परिश्रम की पराकाष्ठा करें। उन्होंने आगे कहा, आज प्रदेश में भाजपा के प्रति अभूतपूर्व विश्वास का वातावरण दिख रहा है। ये रहे उपस्थित भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ बैठक में मंत्री रामविचार नेताम, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, लक्ष्मी वर्मा, सह प्रभारी अनुरागअंचल प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, दीपक म्हस्के, अमित साहू जगन्नाथ पाणिग्रही चंद्रशेखर साहू, सचिदानंद उपासने, छगनलाल मुंदड़ा, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, श्रीचंद्र सुंदरानी मौजूद थे।

## जैतूसाव मठ में मनाई गई बसंत पंचमी

**रायपुर 3 फरवरी।** राजधानी स्थित श्री जैतूसाव, दूधाधारी मठ मंदिर बसंत पंचमी का पर्व हर्ष उल्लास के साथ श्रद्धा भक्ति से मनाया गया इस अवसर पर विद्या की देवी माता सरस्वती जी शिवम भगवान राघवेंद्र सरकार राधा कृष्ण जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई आम का मौर गेहूं की बाली तथा पुष्प गुलाल चंदन धूप नावेद अर्पित किया गया पूजा अर्चना संपन्न होने के बाद श्रद्धालु में प्रसाद का वितरण किया गया राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने कहा बसंत उत्सव सनातन धर्म वलंबियों का एक प्रमुख त्यौहार है इस दिन विद्या दयानी माता सरस्वती की पूजा अर्चना विशेष रूप से की जाती है जो भी श्रद्धालु भक्ति विधिवत पूजा अर्चना करता है उन्हें बल बुद्धि एवं ऐश्वर्या की प्राप्ति होती



है श्री अजय तिवारी ने कहां की जयतुसाव मठ में प्रत्येक वर्ष मांघ शुक्ल पंचमी को बसंत पंचमी का पर्व मनाया जा रहा है सभी भक्तजन पूजा अर्चना में शामिल हुए । महेंद्र अग्रवाल राम ,अवतार तिवारी, दीपेंद्र सोनी ,रमेश यदु, चंद्रकांत यदु ,हर्ष दुबे ,सुमित तिवारी ,गोविंद दास दीपक दास, निर्मल दास वैष्णव ,शारदा शुक्ला ,शैल अग्रवाल ,शालिनी, संतोषी, मोहिनी अग्रवाल ,मनीषा, योगिता यादव के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## वित्त मंत्री चौधरी मोदी की चाटुकारिता में बजट की झूठी तारीफ कर रहे : कांग्रेस

**रायपुर 3 फरवरी।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पत्रकार वार्ता का जबाब देते हुए कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा की वित्त मंत्री मोदी की चाटुकारिता मे बजट की झूठी तारीफ कर रहे थे। बजट मे छत्तीसगढ़ की उपेक्षा की गयी है इस बजट मे राज्य के लिए कुछ भी नहीं है डबल इंजिन की सरकार का नारा दे कर भाजपा ने प्रदेश को ठगने का काम किया है।छत्तीसगढ़ की रेल परियोजना से ले कर उद्योग परियोजना सब मे केंद्रीय बजट मे कोई प्रावधान नहीं है। मनरेगा के बजट मे कटौती, कृषि मे समर्थन मूल्य की गारंटी नहीं होने से किसान निराश है। विधानसभा चुनाव मे मोदी की गारंटी के नाम पर प्रदेश की जनता से जो वादे किये थे उसे पूरा करने के बजट मे कोई प्रावधान नहीं है यह बजट छत्तीसगढ़ के लोगो को मुंह चिढ़ाने वाला बजट है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष



सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पीएम कृषि योजना लागू करने की बात की गयी है लेकिन किसानों के उपज की पूरी कीमत मिले इसके लिये एमएसपी को कानूनी गारंटी के लिए कोई प्रावधान नहीं। इसके साथ ही कृषि ऋण माफी पर बजट में कुछ नहीं। पीएम फसल बीमा योजना में सुधार के लिए कुछ नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मनरेगा के बजट में कोई बढ़ोत्तरी नहीं, मनरेगा मजदूरी बढ़ाने के बारे में कुछ भी नहीं। मनरेगा के बजट में कटौती कर दिया। रोजगार बढ़ाने के लिए कोई प्रावधान नहीं। युवाओं को रोजगार के नये अवसर कैसे बढ़ेंगे। इस बजट में कुछ भी नहीं बताया है। महिलाओं के लिए बजट में कुछ नहीं। मोदी सरकार की प्राथमिकताओं में जनकल्याणकारी योजनाएं नहीं है, खाद सब्सिडी, खाद्य सब्सिडी, मनरेगा, एमएसपी की गारंटी, स्वामीनाथन कमेटी के अनुसार एमएसपी और सामाजिक सुरक्षा के मद में कोई विशेष प्रावधान नहीं है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि देश के युवा तो अब रोजगार की उम्मीद भी छोड़ चुके हैं देश की कार्यशक्ति में महिलाओं की भागीदारी लगातार घटती जा रही है किसानों की आय दुगुनी करने की गारंटी दी थी लेकिन किसानों की आमदनी लगातार कम होती जा रही है और कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है और लगातार किसानों की आत्महत्या की खबर आ रही है भाजपा की जुमला नीति से महंगाई की मार लगातार बढ़ती जा रही है ना गैस सिलेंडर के दाम कम हुए ना खाद्य पदार्थो के दाम कम करने को लेकर कोई प्रयास इस बजट में नजर आया परिवारों की बचत खाली होती जा रही है अपना घर चलाने के लिए भी लोगो को जद्दोजहद करना पड़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमत 30 से 40 प्रतिशत कम होने के बाद भी देश की आम जनता को 1 रू. की भी राहत पेट्रोल और डीजल में नहीं दी गई, 11 सालों में केंद्र सरकार द्वारा देश की आम जनता से पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज के रूप में 36 लाख करोड़ रुपए की वसूली की गई। 2014 की तुलना में वर्तमान में क्रूड आयल लगभग आधे दाम पर है। पेट्रोलियम उत्पाद पर सेंट्रल एक्साइज में रियायत का कोई प्रावधान इस बजट में नहीं है।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में अधिकारियों पर कार्रवाई

**रायपुर 3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आदर्श आचार सहिंता के बीच बेमेतरा जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां बेमेतरा जिले में बेमेतरा में शिक्षा विभाग में पदस्थ शिक्षकों पर बड़ी कार्रवाई हुई है। कलेक्टर ने तीन प्रधान पाठक, दो शिक्षकों को नोटिस जारी किया है। इसके पहले छह शिक्षकों को निर्वाचन कार्य में लापरवाही के चलते सस्पेंड किया गया था।

इधर, बेमेतरा जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अंतर्गत आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यों में लापरवाही और उदासीनता बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने तीन प्रधान पाठकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बता दें कि, जिन प्रधान पाठकों को नोटिस जारी किया गया है सुनील राजपूत (प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला मौहाभाटा), नवीन दास गोस्वामी (हेड मास्टर, शासकीय प्राथमिक शाला नवागांवखुर्द) और होरिलाल घृतलहरे (हेड मास्टर, शासकीय प्राथमिक शाला मुढ़िया) शामिल हैं। इन सभी शिक्षकों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। यदि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं प्राप्त होता है, तो इनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर

### प्रदेश में गर्मी की दस्तक से बदला मौसम का मिजाज

**रायपुर, 3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर में गर्मी का असर शुरू हो गया है। फरवरी में राजधानी का औसत तापमान 31 डिग्री के आसपास होता है। लेकिन इस बार महीने के शुरूआत 34 डिग्री सेल्सियस के साथ हुई है। वहीं रात का पारा भी पांच डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया है। ऐसे में आने वाले पश्चिमी विक्षोभ कम नहीं दर्जनभर पश्चिमी विक्षोभ ने भारतीय सीमा को प्रभावित सरोकार किया है। उत्तरी हवा का प्रभाव कम होने की वजह से इस बार फरवरी में भी ज्यादा गर्मी पड़ने की संभावना है।इस पर मौसम विशेषज्ञों ने कहा कि, जनवरी के महीने में आने वाले करीब उत्तरी हिस्सों को छोड़कर शेष इलाकों में तो ठंड का कोई खास असर नहीं हुआ है। विभागीय अध्ययन पिछले तीन साल ठंड से शुरुआत मौसम विभाग के आकड़ों के अनुसार पिछले तीन साल से फरवरी की शुरूआत ठंड के साथ हो रही थी। वर्ष 2024 में पश्चिमी विक्षोग का प्रभाव समाप्त होने को वजह तापमान में कमी आने से ठंड बढ़ी थी। वर्ष 2023 में जनवरी के अंतिम दिनों पड़ रही ठंड का प्रभाव फरवरी की शुरूआत में भी हुआ था और वर्ष 2022 में ठंड की स्थिति ठीक ठाक थी। इस बार गर्मी ने अपना असर दिखाया है।

### हेलमेट लगाने पर ही निगम मुख्यालय में मिलेगा प्रवेश

**रायपुर, 3 फरवरी।** यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने नगर निगम प्रशासन ने अच्छी पहल की है. अब हेलमेट लगाकर आने पर ही रायपुर नगर निगम में प्रवेश मिलेगा. आज से निगम मुख्यालय में बिना हेलमेट के प्रवेश नहीं दिया जाएगा.कलेक्ट्रेट के बाद अब निगम मुख्यालय में भी दोपहिया चालकों को बिना हेलमेट के प्रवेश नहीं देने का नियम बनाया गया है. वहीं बिना सीट बेल्ट गाड़ी चला रहे लोगों को भी निगम के अंदर नहीं आने दिया जाएगा. इसके लिए आज से निगम मुख्यालय के बाहर ट्रैफिक जवान तैनात रहेंगे. लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए यह फैसला लिया गया है.

### जेल प्रहरी ने मांगे रुपए, नहीं मिलने पर बंदी को पीटा

**रायपुर, 3 फरवरी।** राजधानी के सेंट्रल जेल में एक बंदी से मारपीट का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार एनडीपीएस के आरोप में सजा काट रहे आरोपी के साथ जेल के प्रहरी ने मारपीट की है। जेल में एनडीपीएस मामले में बंदी पियूष पांडे से मारपीट की गई है। बंदी के पिता पुरुषोत्तम पांडे ने बताया कि उनका बेटा पिछले 18 माह से रायपुर की जेल में बंद है। शुक्रवार को उसका जन्मदिन था। उसकी मां उससे मिलने गई थी। इस दौरान 10 मिनट ज्यादा मिल लिया तो जेल में तैनात प्रहरियों ने उनसे 10 हजार रुपए की मांग की। जब पैसा उन्हें नहीं मिला तो जेल प्रहरी बंदी को मारने लगे। बंदी पियूष पांडे के पिता पुरुषोत्तम पांडे ने आरोप लगाया कि उनके बेटे को पैसा नहीं देने के लिए टार्चर किया गया है। मारपीट करके उसका पैर तोड़ दिया गया है। और उसके घुटना भी टूट गया है। जेल प्रशासन ने जब जानकारी मांगी जा रही है तो वे कुछ नहीं कह रही है। इसलिए हमारी मांग है कि जेल प्रहरियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। वही परिजनों का कहना है कि वे इस मामले में कोर्ट भी जाएंगे। परिजनों का कहना है कि जेल के अंदर उनके बेटे को जान का खतरा है।

### लीजेंड-90 लीग क्रिकेट मैच 6 को, दिग्गज सितारे आएंगे रायपुर

**रायपुर, 3 फरवरी।** राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 6 फरवरी से लीजेंड 90 लीग शुरू होने जा रहा है. स्पर्धा के रंगारंग उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड के नामचीन कलाकार जलवा बिखेरेंगे. आयोजन के उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड एक्टर तमन्ना भाटिया, हुमा कुरैशी, आयुष्मान खुराना, सोनू निगम, हार्डी संधू जैसे कई बड़े सितारे शामिल होंगे. लीग का पहला मुकाबला छत्तीसगढ़ वॉरियर्स और दिल्ली रॉयल रॉयल्स के बीच खेला जाएगा, जिसमें पूर्व भारतीय दिग्गज सुरेश रैना और शिखर धवन एक दूसरे का सामना करते नजर आएंगे. शाम 7 बजे से शुरू होने वाले इस मुकाबले में क्रिकेट जगत के कई पूर्व अनुभवी सितारे प्रशंसकों को एक बार फिर से रोमांचित करते नजर आएंगे. आम जनता 100 रुपए में मैच देख सकेगी.

### चोरों ने दुकानों के शटर तोड़कर चोरी की

**भिलाई 3 फरवरी।** छावनी थाना अंतर्गत कैंप - 2 के शीलता कांप्लेक्स में सोमवार तड़के दो दुकानों में चोरों शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने काम्प्लेक्स के मोबाइल शॉप और जर्दा शॉप को निशाना बनाया। मोबाइल शॉप से 70 से अधिक महंगे मोबाइल और मोबाइल एसेसरीज चोरी हुआ है। जबकि जर्दा दुकान के गल्ले में रखे पांच हजार रुपए की चोरी हुई है छावनी पुलिस मामले की जांच कर रही है मोबाइल शॉप संचालक शिवम गुप्ता ने बताया कि शीतला कांप्लेक्स में उनकी बागेश्वर मोबाइल शॉप के नाम से दुकान है रविवार को वह रोज की तरह रात में दुकान बंद करके घर गया था। सुबह उसके पास उसके स्टॉफ का फोन आया कि दुकान का शटर खुला हुआ है। वह तुरंत अपने पापा के साथ दुकान पहुंचा और देखा कि दुकान के शटर को उठाकर उसमें लकड़ी का बड़ा टुकड़ा लगाया गया है। शिवम तुरंत छावनी थाने पहुंचा और पुलिस को वारदात की जानकारी दी। छावनी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। जांच के दौरान काम्प्लेक्स से कुछ दूर गंदगी वाली जगह में चोरी गए मोबाइल के डिब्बे पड़े मिले। सभी डिब्बों से मोबाइल फोन गायब था। वहां कुछ मोबाइल एससेसरीज भी पड़ी थी। पुलिस सभी डब्बों को जब्ती बनाकर थाने लाई।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26